भाजन

सामाहिक राशिफल

बोले सितारे



सिंधू फाइनलमें, यंग से होगी खिताबी जंग

फ्रेंच ओपन सुपर ७५०



गोरखपुर, रविवार २५ अक्तूबर २०२६ सौर ८, आश्विन शुक्ल १४, सं. २०८३ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना (कोलकाता संस्करण), रांची तथा जमशेदपुर से प्रकाशित, (वर्ष-४६ पू.सं. २०४१२७४ | * नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

हुनर के साथ वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता का पाठ पढ़ेंगे विद्यार्थी, 'प्रोजेक्ट प्रवीण' का विस्तार


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर अभिनव पहल कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के स्कूली विद्यार्थी अब नियमित पढ़ाई और तकनीकी हुनर सीखने के साथ-साथ पैसों का सही प्रबंधन करने तथा भविष्य में अपना उद्यम स्वरोजगार शुरू करने की बुनियादी समझ विकसित करेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट प्रवीण' योजना के तहत छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण देने के लिए दो नए विशेष मॉड्यूल शामिल किए गए हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड और केंद्रीय उद्यमिता मंत्रालय के अधीन कार्यरत नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एनएसई द्वारा वित्तीय कौशल तथा निस्बड द्वारा उद्यमिता विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दोनों मॉड्यूल दो-दो घंटे के हैं और इन्हें 24 अक्टूबर से प्रदेश भर में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इसका ध्येय विद्यार्थियों में कम उम्र से ही आर्थिक जागरूकता पैदा करना और उनके तकनीकी कौशल को स्वरोजगार से जोड़ना है।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने श्प्रोजेक्ट प्रवीणश् के अंतर्गत प्रदेश के 515 विद्यालयों के लगभग दो लाख छात्र-छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया है। निस्बड का दो घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल के माध्यम से छात्र-छात्राओं में नए कारोबारी विचारों को पहचानने और उन्हें बाजार के अवसरों में बदलने की उद्यमी सोच विकसित करेगा। योगी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मंशा के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा को माध्यमिक शिक्षा के साथ पूरी मजबूती से एकीकृत कर रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत विद्यार्थियों को पहले से ही 180 घंटे का तकनीकी ट्रेड प्रशिक्षण, 30 घंटे का सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण तथा 4 घंटे का एआई एवं डिजिटल कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब इसमें 2 घंटे का वित्तीय कौशल और 2 घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल जुड़ जाने से विद्यार्थियों को 360-डिग्री संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

515 विद्यालयों के दो लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य- खरे

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को भी खोज निकालेंगे-मुख्यमंत्री

एआई मददगार हो सकता है, निर्णायक नहीं बनना चाहिए

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'डीपफेक' के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, राज्य की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित उप्र राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम 2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। योगी ने कहा एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। प्रौद्योगिकी का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान को प्रभावी बनाने के साथ न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। एक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस% का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट



योगीने टेक संगम २०२६ के दूसरे दिनका किया उद्घाटन

मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का अनावरण किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक एवं प्रशासनिक उपयोग पर (शेष पृष्ठ नौ पर)

कार-ट्रककी भिड़ंत में छः की गयी जान

चूरू (एजेंसी)। राजस्थान के चूरू जिले के सादुलपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा दरदेवा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के तारानगर क्षेत्र के सोमनसीसर गांव का एक परिवार गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सादुलपुर क्षेत्र में दरदेवा गांव के पास उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के समय जोरदार धमाका हुआ। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सात माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त कार से लोगों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को निजी वाहन से सादुलपुर के अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, उनके पहुंचने में देरी होने की बात भी सामने आयी। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य और कार का चालक शामिल बताया गया है। एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौत की खबर से सोमनसीसर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया।



आजमगढ़ की मतदाता सूचीमें गड़बड़ीका मामला

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये, अन्य दो अधिकारियोंके विरुद्ध एक्शनका फरमान

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी द्वारा 15 अक्टूबर को प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाये गये आरोप विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम 10 बार अंकित होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ से प्राप्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच आख्या के अनुसार समान नाम,समान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो 13 प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता ''विकास यादव'' का हिन्दी में नाम 13 बार अंकित होना पाया गया। 13 जगह मतदाताओं के नाम हिन्दी में ''विकास यादव'' प्रदर्शित होने के संदर्भ में 2 जगह पूर्व में ही नियमानुसार विलोपन की कार्यवाही की जा चुकी है। शेष 11 प्रविष्टियां आजमगढ़ के 11 अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित हैं, जो अपने-अपने गांव में वर्तमान में निवास कर रहे हैं और 11 में वास्तविक ''विकास यादव'' को छोड़कर अन्य 10 व्यक्तियों के वास्तविक नाम एवं अन्य विवरण के संशोधन हेतु को फार्म-8 भरवा (शेष पृष्ठ नौ पर)



आगरामें तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

लखनऊ, (आससे)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है।

पीएम आज काशी में नारी शक्ति से करेंगे संवाद, नमो घाट पर वायुसेना के विंगशो में होंगे शामिल

वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर



रहेंगे। वह मिर्जामुराद क्षेत्र के रूपापुर गांव में अरविंद मिल की नई औद्योगिक इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों से संवाद कर नारी शक्ति, रोजगार और आत्मनिर्भरता का संदेश देंगे।नई परिधान निर्माण इकाई से वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। खासकर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर प्रधानमंत्री का संवाद केंद्रित (शेष पृष्ठ नौ पर)

अरविंद मिलकी नयी औद्योगिक इकाई का करेंगे लोकार्पण

जदयू विधायक अनंत सिंह पार्टीसे निष्काषित

पटना (आससे)। बिहार की राजनीति में जदयू ने अनंत सिंह के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित करते हुए प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। पार्टी की ओर से जारी पत्र में अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के लिए अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। इसी पत्र में पूर्व विधायक नीलम देवी के खिलाफ भी (शेष पृष्ठ नौ पर)

गठबंधनमें उलझा सीट बंटवारा, अमेठी-रायबरेलीकी दस सीटोंपर कांग्रेसका दावा

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश में सपा व कांग्रेस गठबंधन में सीटों को लेकर उलझनें अब और बढ़ती दिख रही है। कांग्रेस जितनी सीट मांग रही है, सपा उसकी एक तिहाई ही देने के मूड में है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी उभरती ताकत का असर यूपी में होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने सीटों की डिमांड बढ़ाई है। खास बात यह कि सपा की जीती सीटों में एक दर्जन पर कांग्रेस ने दावा ठोका है। इसमें सपा के बागी विधायकों वाली सीटें भी हैं। इस सवाल पर कि क्या गठबंधन पनपते अविश्वास व परस्पर विरोधाभासी बयानबाजी से हिचकोले खाने लगा है। इसका जवाब सपा के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए दिया कि चाय उतनी गर्म नहीं है जितनी केतली गर्म लग रही है। अमेठी व रायबरेली संसदीय सीटें कांग्रेस की बरसों से गढ़ रही हैं। विधानसभा चुनाव में सपा की स्थिति मजबूत रही है और वह भाजपा को चुनौती देती है। लेकिन कांग्रेस ने इन दोनों जिलों की 10 विधानसभा सीटें मांगी हैं। अमेठी (शेष पृष्ठ नौ पर)

बागियोंको खुद सबक सिखायेगी सपा

बांदीपोरामें कट्टरपंथी नेटवर्क का खुलासा, छः गिरफ्तार

श्रीनगर (आससे)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपोरा जिले में जेल से संचालित कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन से जुड़ा था और महिलाओं के माध्यम से अलगाववादी विचारधारा तथा प्रचार सामग्री फैलाने की कोशिश कर रहा था। मामले में चार महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुरुआती जांच में पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के निर्देश पर नेटवर्क के संचालन की बात सामने आयी है। जांच के दौरान जेल के (शेष पृष्ठ नौ पर)

फारूकने गाया पाकिस्तानी राग, कहा-कश्मीरका मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा

बारामूला (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान (शेष पृष्ठ नौ पर)

दिल्लीकी नीयत ठीक नहीं

दिल्लीमें १२वीं की छात्रा का जला शव बरामद

नयी दिल्ली (आससे)। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित एक स्कूल में शनिवार को 12वीं की 18 वर्षीय छात्रा की जली हुई हालत में मौत का हैरान करने वाला मामला सामने आया। छात्रा का शव स्कूल परिसर में गार्ड रूम के पीछे मिला। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सबसे ज्यादा हैरान छात्रा की बहन है, जो शनिवार सुबह उसे स्कूल छोड़कर आयी थी। बहन का कहना है कि उस समय छात्रा बिल्कुल सामान्य थी। उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद ऐसा कुछ हो जायेगा। छात्रा की बहन के मुताबिक, वह सुबह उसे स्कूल छोड़ने आयी थी। उस समय उसकी बहन नॉर्मल लग रही थी।

नेहा बोराने पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करनेसे किया इनकार

नयी दिल्ली (आससे)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने शनिवार को कहा कि वह पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका इस्तेमाल लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शनों को रोकने के लिए किया जा सकता है। नेहा बोरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार देता है, जबकि पीस बॉन्ड के जरिये प्रदर्शनकारियों से शांति भंग नहीं करने का आश्वासन मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि आइसा ऐसी कार्रवाई को सामान्य नहीं बनने देगा। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को नेहा बोरा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने पीस बॉन्ड संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी। उन्होंने 16 अक्टूबर को हुए 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में शामिल होने के बाद जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपये का निजी मुचलका और एक जमानतदार देने संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी।



सोनियाने किया राजीव गांधी से पहली मुलाकात का जिक्र

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के बाद अब एक्स पर भी सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने अपनी पहली किताब 'बिलॉनिंग = अ जर्नी ऑफ लव' का वीडियो साझा किया। यह किताब 10 नवंबर को जारी होगी, जिसमें उन्होंने राजीव गांधी के साथ अपनी यादों और जीवन के सफर को साझा किया है। वीडियो में सोनिया गांधी ने बताया कि कैम्ब्रिज के एक छोटे से ग्रीक रेस्तरां में उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई थी। दोनों की मुलाकात एक साझा मित्र के जरिए हुई और (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी : पेट परीक्षा आज

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा(पेट) रविवार को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन अतिरिक्त बसें चलाएगा। अवध बस डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरएस वर्मा को परीक्षार्थियों को परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नोडल अफसर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आयोजित परीक्षा में यूपी के आठ शहरों से एवं बिहार से करीब 10 हजार परीक्षार्थी आ रहे है। मार्गवार परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी।

रेण नदीमें डूबनेसे परिवारके चारकी मौत

सूरजपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शनिवार को रेण नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। राम सरस्वतीपुर घाट पर एक ही परिवार के चार लोग नदी में डूब गए। मृतकों में पिता-पुत्र और दो नाबालिग भाई शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान विवेक कुमार सिंह (45), उनके बेटे अभिजीत सिंह (20) और गोपाल कृष्ण (13) व कृष्ण गोपाल (15) के रूप में हुई है। विवेक कुमार सिंह मूल रूप से बिहार के पटना के रहने वाले थे। वह अपनी पत्नी से मिलने सूरजपुर जिले के चंद्रपुर गांव आए थे। उनके साथ उनकी पत्नी की बहन के दो बेटे भी थे, जो बिहार के कटिहार में रहते थे।

भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिकामें एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया।



२०२३ में इंटरपोलने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

बरेली में अदालत की हाजत से बंदी फरार, आठ पुलिसकर्मी निलंबित

बरेली (आससे)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिला कारागार से अदालत में पेशी के लिए लाया गया बंदी सचिन सिंह ठाकुर अदालत की हाजत से फरार हो गया और इस सिलसिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना 21 अक्तूबर की है और ठाकुर जिले के सुभाषनगर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिसकर्मी तीन दिन तक अपने स्तर पर ही उसकी तलाश करते रहे, लेकिन मामले की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रथम) आशुतोष शिवम ने शनिवार को बताया कि 21 अक्तूबर को बंदी सचिन को अदालत में पेशी के लिए लाया गया था।



फाइनल में पहुंचा पूर्वोत्तर रेलवे

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रहें 33वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 के दूसरे दिन खेले गये मैच के कड़े मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे ने रेलवे सुरक्षा विशेष बल को 48-35 अंकों से एवं पश्चिम रेलवे को 39-21 अंकों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।



पूर्वोत्तर रेलवे के रामाश्रय यादव, नवीन उपाध्याय, दीपक कश्यम एवं शशि प्रकाश ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रेलवे सुरक्षा विशेष बल के सौरभ सिंह, बी.बी. शर्मा, विवेक, पवन, बिट्टू का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसी प्रकार उत्तर रेलवे ने मध्य रेलवे को 42-16 अंको से तथा दक्षिण रेलवे को 45-30 अंको से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उत्तर रेलवे सुखजिंदर, करमजीत एवं सुनिल महला ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दक्षिण रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे के बीच हुए मैच में दक्षिण रेलवे के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40-14 के बड़े अन्तराल से दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। देर सायं तक दक्षिण मध्य रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच मैच खेले जा रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय रेलों के सदस्यगण, बास्केटबॉल संघ गोरखपुर के सदस्यगण एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बास्केटबॉल प्रेमी उत्साहपूर्वक मैच का आनंद ले रहे थे।

हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। चौरीचौरा रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक 19 अक्टूबर की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। इस मामले में बाइक मालिक को शिकायत दर्ज कराने के लिए 112 नंबर से लेकर जीआरपी और स्थानीय थाने तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अंततः उन्हें आनलाइन शिकायत दर्ज करानी पड़ी। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार भोपा बाजार निवासी नसीम अहमद 19 अक्टूबर को एक व्यक्ति को ट्रेन पर चढ़ाने के लिए चौरीचौरा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक स्टेशन के बाहर खड़ी की और संबंधित व्यक्ति को ट्रेन में छोड़ने चले गए। जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक अपनी जगह से गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित नसीम के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने मदद के लिए 112 नंबर पर सूचना दी, जिसके बाद उन्हें देवरिया जीआरपी जाने को कहा गया। वहां से उन्हें फिर चौरीचौरा जीआरपी जाने का निर्देश मिला। इस तरह अलग-अलग थानों और चौकियों के चक्कर काटने के बाद अंततः उन्होंने चौरीचौरा थाने में अपनी शिकायत आनलाइन दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

देवरिया को रोमांचक मुकाबले में हराकर गोरखपुर बना विजेता

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। 70वीं माध्यमिक विद्यालयीय मंडल स्तरीय अंडर 17 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले में गोरखपुर ने देवरिया को तीन रनों से पराजित करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में देवरिया के कप्तान सौरभ राय ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गोरखपुर के सलामी बल्लेबाज रुद्र ओझा और अरमान अली ने शुरुआत में अच्छे तालमेल का परिचय दिया, लेकिन देवरिया के गेंदबाज माही पटेल ने दूसरे ओवर में अरमान को कैच आउट कराकर पहला विकेट अपने नाम किया। देवरिया के गेंदबाज माही पटेल ने अपने चौथे ओवर में दो विकेट चटका कर गोरखपुर के बल्लेबाजों के ऊपर प्रेशर डाल दिया, लेकिन गोरखपुर के ओपनर बल्लेबाज रूद्र ओझा और अल्तमश ने सूझबूझ का परिचय देते हुए स्कोर 12 ओवर में 122 रन तक पहुंचाया। गोरखपुर के ओपनर बल्लेबाज रुद्र ओझा ने 50 रनों की शानदार पारी खेली। 123 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए देवरिया के ओपनर बल्लेबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रन औसत को कंट्रोल में रखा, लेकिन चौथे ओवर में गोरखपुर के मोहम्मद सैफ ने लगातार दो विकेट लिए और देवरिया पर दबाव डाला। देवरिया 123 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए कुल 12 ओवर के मैच में 10 विकेट के नुकसान पर 119 रन ही बना सकी। गोरखपुर ने रोमांचक मुकाबले में 3 रनों से जीत हासिल की। इसके पहले पहला सेमीफाइनल मुकाबला देवरिया और महाराजगंज के बीच में हुआ देवरिया की टीम ने निर्धारित 10 ओवर के मैच में 134 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। महाराजगंज की पूरी टीम 49 रनों पर ढेर हो गई , देवरिया ने महाराजगंज की टीम को 105 रनों के भारी अंतर से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गोरखपुर एवं कुशीनगर के बीच में हुआ जिसमें कुशीनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल10 ओवर के मैच में मात्र 36 रन पर ऑल आउट हो गई। गोरखपुर की टीम 1 विकेट खो कर पांचवें ओवर में लक्ष्य को पूरा कर लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश टीम के पूर्व रणजी खिलाड़ी एखलाक अहमद रहे। जिन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी पुरस्कार दिया। इस अवसर पर डॉ अरुणेंद्र राय सुशील त्रिपाठी विवेकानंद मिश्र प्रवीण सिंह प्रभात रंजन त्रिपाठी सत्य प्रकाश मिश्रा नसीम अहमद सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।



सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम श्याम कुमार व मेरी जन्मतिथि 10-06-1984 दर्ज हो गया है जो की त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही नाम आधार कार्ड व पैन कार्ड के अनुसार श्यामू व सही जन्मतिथि 08-10-1987 है अब मुझे इसी नाम और जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए। **श्यामू** पुत्र रामचिन्त, ग्राम व पोस्ट जैतपुर, थाना गीडा, जिला गोरखपुर।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैं **प्रीती** पति विजय मिश्रा, सेवा संख्या-6500682K, रैंक सिपाही ASH विजय मिश्रा, निवासी ग्राम-परसाँव, पोस्ट-परसाँव, जनपद-बस्ती (उ.प्र.) पिन-272301 द्वारा शपथ पत्र नोटरी बाबूराम सिंह के सामने दिनांक 22-10-2026 बस्ती के समक्ष-सक्षम विधिवत निष्पादित किया गया है। जिसके अनुसार मेरा नाम एवं जन्मतिथि पूर्व में प्रीती मिश्रा, जन्मतिथि 03-05-1985 दर्ज थी, जिसे संशोधित करके प्रीती और जन्मतिथि 01-01-1985 कर दिया गया है। अतः भविष्य में संशोधित विवरण ही सभी अभिलेखों में वैध एवं मान्य होगा।

सुनील उर्फ बहादुर की खुली हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। चिलुआताल पुलिस ने एसएसपी डॉ० कौस्तुभ के निर्देश पर शनिवार को जानलेवा हमला सहित ९ आपराधिक मुकदमों में आरोपी सुनील उर्फ बहादुर पुत्र स्व0 श्रीराम चौहान निवासी ग्राम मोहरीपुर चौहान टोला थाना चिलुआताल को दुराचारी घोषित करते हुए उसकी आपराधिक इतिहास के अनुरूप ख प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोली है। थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह ने बताया कि सुनील उर्फ बहादुर के खिलाफ पहला मुकदमा वर्ष २००६ में दर्ज हुआ था। बाद में विभिन्न मामलों में आरोपी के खिलाफ थाना चिलुआताल में विभिन्न तिथियों में चार और मुकदमा दर्ज हुआ।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र पवन राम त्रिपाठी पुत्र स्व ओमप्रकाश त्रिपाठी का चाल चलन ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हु। अब उनके किसी कृत्य अथवा लेन देन से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती सुशीला देवी** पत्नी स्व. ओमप्रकाश त्रिपाठी ग्राम बारिगांव पो सोहगौरा थाना गगहा तहसील बांसगांव, जिला गोरखपुर।

गोरखपुर, बागपत और बहराइच के पहलवानों का रहा दबदबा

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। शहीद रवीन्द्र सिंह एवं भारत भीम स्व. जनार्दन सिंह की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय 'सीनियर स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप-2026' का शुभारंभ शनिवार को मुरारी इंटर कॉलेज, सहजनवां में हुआ। पहले दिन महिला वर्ग के मुकाबलों यूपी पुलिस के पहलवानों का दबदबा रहा।

62 किलो भार वर्ग में यूपी पुलिस में कार्यरत, गोरखपुर की रहने वाली पुष्पा यादव ने बाजी मारी है। बागपत की रिया दूसरे, गौतमबुद्ध नगर की काजल तीसरे और बरेली की खुशी चौथे स्थान पर रहीं। 76 किलो भार वर्ग में सत्यम एकेडमी की इतिशा प्रथम, यूपी पुलिस की नीलम द्वितीय, गोंडा की सोनिया तृतीय और बहराइच की वर्षा राजे चतुर्थ स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 57 किलो भारवर्ग में बहराइच के जयवीर सिंह अव्वल रहे। बागपत के हिमांशु दूसरे, आगरा के अभिषेक तीसरे और वाराणसी के मिथिलेश यादव चौथे स्थान पर रहे। अन्य भारवर्गों में मुकाबले देर रात तक जारी रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक प्रदीप शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय हासिल कर किया।

> ◆ तीन दिवसीय 'सीनियर स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप-2026' का पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने किया शुभारंभ

इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता सिर्फ दांव-पेंच आजमाने की जगह नहीं, बल्कि वर्षों के कड़े अनुशासन और पसीने की परीक्षा है। कुश्ती का मैट हमें जीत में विनम्र रहना और हार से सीखकर दोबारा खड़े होना सिखाती है।एमएलसी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संघर्षशीलता और टीम भावना भी विकसित करता है। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि शहीद रवीन्द्र सिंह एव भारतभीम की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं को राष्ट्रसेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देने का भी कार्य करेगी। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता के आयोजक आदित्य सिंह आगू ने अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व विधायक गौरी देवी, पूर्व विधायक सहजनवा शीतल पांडेय, पूर्व विधायक बस्ती राजमणि पांडेय, सहजनवा नगर पंचायत की चेयरमैन श्रीमती संजू सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव जी, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान पन्ने लाल यादव, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान चंद्र विजय सिंह,पहलवान दिनेश सिंह, मायाशंकर शुक्ला, सपा नेता राम सिंह और राधे श्याम, देवी लाल, चन्द्रवीर पहलवान, हरि सिंह, डॉ.सत्यपाल पाल, राजमणि पांडे आदि मौजूद रहे।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 295938686 में मेरा नाम आयुष कुमार दर्ज है, जिसे बदल कर मैंने आयुष कुशवाहा कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **आयुष कुशवाहा** S/o सतीश चन्द्र कुशवाहा, ग्राम-अराजी तालवन्त राय, पो.-गौरी इब्राहीम, जनपद-कुशीनगर-274406

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बंशराज था। जिसको बदलकर बंशराज निषाद रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **बंशराज निषाद** पुत्र रामचरन, ग्राम गौरा टोला कटईलवा पोस्ट गौरा जयनगर गौरा देवरिया।

खो- खो प्रतियोगिता में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय अनन्तपुर की छात्राओं का दबदबा

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। सहजनवां ब्लाक के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय अनन्तपुर में शनिवार को दशवीं माध्यमिक तहसील स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम सहजनवां नमन मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में तहसील के विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। सहजनवां प्रतिनिधि के अनुसार खो खो प्रतियोगिता में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय अनन्तपुर की छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं श्रीमती रेशमा रावत इंटर कालेज भीटी रावत की छात्राएं दूसरे स्थान पर रही।कार्यक्रम का संचालन सुश्री वंदना ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डा जितेन्द्र कुमार शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। तथा विजेता प्रतिभागियों को उपजिलाधिकारी सहजनवां नमन मेहता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



सूचना

सर्वसाधारण को मेरे क्लाइन्ट आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लि. जिसका ब्रान्च आफिस ए.डी. टावर चतुर्थ तल बैंक रोड गोरखपुर है, की तरफ से सूचित किया जाता है कि धर्मेन्द्र कुमार गिरी पुत्र रामबालक गिरी पता-404/C रेलवे मेडिकल कालोनी, रेलवे कालोनी, पो.-रेलवे कालोनी, थाना-शाहपुर, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर आराजी नं.-82 रकबा 1275 वर्ग फोट यानी 118.49 वर्ग मीटर स्थित मौजा-जंगल तिनकोनिया नम्बर-1 तप्पा व परगना-हवेली, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर जिसकी चौहद्दी निम्न है-पूरब जमीन हम मुकिर, पश्चिम-जमीन शारदा देवी, उत्तर-जमीन केशव आदि तथा दक्षिण-रास्ता 20 फीट, रकबा 1275 फोट चौड़ा। तथा दूसरी रजिस्ट्री दस्तावेज जिसका आराजी नं.-82 रकबा 1275 वर्गफुट यानी 118.49 वर्ग मीटर स्थित मौजा-जंगल तिनकोनिया नम्बर-1 तप्पा व परगना-हवेली, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर जिसकी चौहद्दी निम्न है-पूरब मकान श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, पश्चिम-खाली जमीन शारदा देवी, उत्तर-जमीन केशव, दक्षिण-खड़ंजा रास्ता 20 फीट चौड़ा। उपरोक्त सम्पत्ति के आराजी भूमिधर धर्मेन्द्र कुमार गिरी हैं। जिसका उक्त दस्तावेज का फोटोकापी कराकर घर आ रहा था। आते समय जयप्रकाश चौक के आसपास कहीं उक्त मूल दस्तावेज गिर गया काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। इस सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त मूल दस्तावेज प्राप्त हो तो कृपया नीचे दिये गये नम्बर पर सम्पर्क करें।

धर्मेन्द्र कुमार गिरी, मो.नं.-9151017692

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइंट खुर्शीद आलम पुत्र रैश मुहम्मद निवासी ग्राम बिहुली शुमाली उर्फ हनुमानगंज कुशीनगर उत्तर प्रदेश 274305 अपनी एक संपत्ति आराजी सं. 369 क्षेत्रफल 789 वर्ग फीट मौजा नगर क्षेत्र रामकोला तप्पा पपउर परगना सि. जो. तहसील कप्तानगंज जनपद कुशीनगर जिसका सेल डीड की बही सं. 1 जिल्द सं. 1704 पेज न. 383 से 398 तक सं.नं. 2936 दिनांक 02/07/2026 की रजिस्ट्री है तथा उसका मदर डीड की बही सं. 1 जिल्द सं. 892 पेज न. 17 से 34 स.न. 1957 दिनांक 08/06/2022 की रजिस्ट्री है जिसकी मदर डीड कहीं खो गई है। यदि किसी ने देखा या किसी को मिला है तो कृपया उसे लौटा दे। इस मकान पर डी.एम.आई हाउसिंग फाइनेंस प्रा.लि. द्वारा ऋण दिया जा रहा है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो लिखित व असल दस्तावेज के साथ प्रकाशनार्थ के 7 दिनों के अंदर आपत्ति दर्ज करें। निर्धारित अवधि के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तदनुसार यह प्रॉपर्टी खुर्शीद आलम पुत्र रैश मुहम्मद के पक्ष में डी.एम.आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड गोरखपुर द्वारा नियमानुसार ऋण का भुगतान कर दिया जाएगा। **श्री प्रकाश सिन्हा (एडवोकेट)**

पता- गेट नंबर 3 सिविल कोर्ट कैंट थाना रोड गोरखपुर मोबाइल 9450438416.

घोषणा

न्यायालय-सिविल जज (सी.डि.), सिद्धार्थनगर

मूल वाद सं.-340 सन् 2025ई.

सन्तू बनाम अखिलेश प्रसाद आदि

सन्तू उम्र करीब 65 वर्ष पुत्र रामलाल, ग्राम-परसौना, पोस्ट-बढ़हरा, तप्पा-सहिला, परगना व तहसील नौगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर।

बनाम

अखिलेश प्रसाद उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र सन्तू, ग्राम-परसौना, पोस्ट-बढ़हरा, तप्पा-सहिला, परगना व तहसील नौगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर 2. आम जनता।

सरोज पत्नी मृतक मंगरू ग्राम-परसौना, पोस्ट-बढ़हरा, तप्पा-सहिला, परगना व तहसील नौगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर के सम्बन्ध में सिविल डेथ उद्घोषणा का वाद संस्थित किया है। यदि उक्त व्यक्ति के बावत कोई हितबद्ध व्यक्ति हो तो उक्त वाद में स्वयं या अपने अधिकता के माध्यम से दिनांक 30-11-2026 को 10.00 बजे सुनवाई के समय आपत्ति प्रस्तुत करें।

अतएव यह उद्घोषणा निकाली जा रही है कि उक्त उद्घोषणा वाद में सरोज पत्नी मंगरू (मृतक) ग्राम-साकिन परसौना, पोस्ट-बढ़हरा, तप्पा-सहिला, परगना नौगढ़ पो. बढ़हरा, तहसील नौगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर का सिविल डेथ घोषित कर दिया जायेगा।

आज सन् 2026 के मास 10 के दिवस 23 को दिनांकित।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारूप)

न्यायालय-सिविल जज सीनियर. डिवीजन,गोरखपुर

वाद संख्या-1135/2025

विजय कुमार राय बनाम सरोज राय वगैरह

बनाम-1. सरोज राय, वयस्क पत्नी स्व. अरुण कुमार राय निवासिनी मकान नं.-607 डी, मोहल्ला-मोहद्दीपुर, पोस्ट-कूड़ाघाट, तप्पा व परगना-हवेली, तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर। 2. शान्ती देवी, वयस्क पत्नी स्व. धर्मदेव राय, निवासिनी मकान नं.-607 डी, मोहल्ला-मोहद्दीपुर, पोस्ट-कूड़ाघाट, तप्पा व परगना-हवेली, तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर।

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 11 के 12 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09 माह 09 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
बी-60 सूरजकुण्ड, गोरखपुर
सर्वसाधारण- विज्ञप्ति

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की शाहपुर 2/3 योजना गोरखपुर में दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या बी-274 श्रीमती जानकी देवी पत्नी श्री मुकुन्द लाल कुमार को आवंटन पत्र सं0-667 दिनांक 02.02.1982 द्वारा किश्त पद्धति पर आवंटित है। संपत्ति के विरुद्ध देय धनराशि का भुगतान एवं औपचारिकताएँ पूर्ण करने के उपरान्त कार्यालय द्वारा दिनांक 28.06.2003 को श्रीमती जानकी देवी पत्नी स्व0 मुकुन्द लाल के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया जा चुका है, जो कार्यालय उप निबंधक गोरखपुर में बही सं0-1 जिल्द सं0-4700 पृष्ठ सं0-53 से 64 पर क्रमांक- 5453 दिनांक 29.06.2003 पर पंजीकृत है।

श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल के द्वारा जनहित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन सं0- MU2026073019415678 दिनांक 31.07.2026 को आवेदन करते हुए अवगत कराया गया है कि श्रीमती जानकी देवी की मृत्यु दिनांक 25.05.2020 को हो गई है एवं उनके पुत्र श्री हरिओम कुमार द्वारा बिना अपने पक्ष में नामान्तरण कराए उक्त भवन को श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल को विक्रय कर रजिस्ट्री दिनांक-11.07.2022 को कर दिया गया है, जो कार्यालय उप निबंधक गोरखपुर में बही सं0-1 जिल्द सं0-17720 पृष्ठ सं0-139 से 160 पर क्रमांक- 8730 पर पंजीकृत है एवं पूरक विलेख दिनांक 08.04.2026 को कराया गया है जो कार्यालय उप निबंधक गोरखपुर में बही सं0-1 जिल्द सं0-21349 पृष्ठ सं0-387 से 394 पर क्रमांक 6135 पर पंजीकृत है। अन्य पारिवारिक सदस्य श्रीमती बीना अरोड़ा पत्नी स्व0 राजन अरोड़ा व श्रीमती मीना मुटरेजा पत्नी श्री महेन्द्र मुटरेजा (पुत्रीगण स्व0 मुकुन्द लाल) द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल के पक्ष में किए जाने हेतु अपना अनापत्ति शपथ पत्र दिया गया है। श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल द्वारा अपने पक्ष में विक्रय/मृत्योपरान्त नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि सन्दर्भित भवन संख्या बी-274 को विक्रय। मृत्योपरान्त नामांतरण किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति अथवा ऋण देने वाली संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति दाखिल करें, अन्यथा उक्त अवधि के बाद भवन संख्या बी-274 के नामान्तरण की कार्यवाही श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल के पक्ष में कर दी जायेगी। इसके पश्चात किसी प्रकार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। नामान्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी। नामान्तरण हेतु श्री वीरेन्द्र कुमार अबरोल पुत्र स्व0 रामस्वरूप अबरोल उत्तरदायी होंगे।

सम्पत्ति प्रबंधक

तहसीलदार और थानेदार ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। चौरीचौरा थाना परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार संजय सिंह और प्रभारी निरीक्षक (थानेदार) वेद प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार समाधान दिवस के दौरान सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित पहुंचे। इन मामलों के निष्पक्ष और प्रभावी समाधान के लिए राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उनका समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान कुल 3 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से मौके पर शून्य मामलों का निस्तारण हो सका, जबकि शेष मामलों की जांच के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं इस अवसर पर कानूनगो अंबरीष त्रिपाठी, रामानंद यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) संतोष कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज सौरभ झा, रजनीश मिश्रा, अशोक शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

> ◆ संपूर्ण समाधान दिवस में आए 3 मामले

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या :
NER-BSB0SnT-OT-61-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक : 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-61-2026, कार्य का नाम :** वाराणसी मंडल के गाजीपुर सिटी स्टेशन पर बर्थिंग ट्रैक्स और जल जमा होने वाले ट्रैक के हिस्सों में मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर लगाने का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,34,74,101.28, **बयाना की राशि :** रु. 2,69,500.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** रु. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 16.11.2026 को 15:00 बजे।

1. ई-निविदा दिनांक 16.11.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार,
मुजाधि/सिगनल-137 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार आश्चर्यचकित करने का मालम प्रकाश में आया है। प्रकरण में एक पक्षों ने जहां पुलिस को तहरीर देकर मारने पीटने का आरोप लगाया है तो वहीं दूसरे पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस अब मिली तहरीर के आधार पर घटना की जाँच पड़ताल कर रही है। हमारे मोतीराम अड्डा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार खोराबार थानाक्षेत्र के चाफा गाँव निवासी गोविंद का किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से विवाद हो गया। बाद गोबिंद की पत्नी नाराज होकर बगल के रहने वाले बाबूलाल के घर चली गई। जब गोविंद को इस बात की जानकारी हुई कि कि उनकी पत्नी दूसरे के घर जाकर बैठी है तो वह आग बबूला हो गया। उसके बाद पुनः अपने पत्नी को मारने को दौड़ा लिया किसी तरह लोगों ने बीच बचाव किया। गोविंद नाराज होकर बाबूलाल को खोजने लगा। आरोप है कि शनिवार की सुबह बाबूलाल अपने खेत में काम कर रहा था तभी गोविंद वहां पहुंच गया। पीछे से गोविंद ने बाबूलाल के ऊपर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। इस दौरान बाबूलाल ने गोविंद को पकड़ किया और उसे खेत में पटक दिया। दोनों पक्षों द्वारा थाने पर तहरीर दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुधांशु सिंह ने बताया कि दोनों पंक्षों से तहरीर मिला है। जांच पड़ताल कराया जा रहा है।

अजय बजरंगी,लाजो रानी बने परीक्षक

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा चार दिवसीय गवर्नर अवार्ड टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया है। स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर में गोरखपुर के अजय गुप्ता बजरंगी एवं लाजो रानी को बतौर सहयोगी परीक्षक के रूप में स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमिश्नर स्काउट नौशाद अली सिद्दीकी एवं स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमिश्नर गाइड रविंदर सोखी के पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई। राज्य स्तरीय शिविर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में अजय गुप्ता बजरंगी तथा लाजो रानी को सहयोगी परीक्षक के रूप में अपनी श्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन करना है।

कार्यालय नगर पंचायत भलुअनी, देवरिया

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत भलुअनी जनपद-देवरिया में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के अनुसार कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत भलुअनी से कार्यालय समय एवं दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

1.	वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	22-10-2026 04.00 PM
2.	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	22-10-2026 04.00 PM
3.	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	22-10-2026 04.00 PM
4.	ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	12-11-2026 02.00 PM
5.	ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	12-11-2026 03.00 PM

(नितेश गौरव)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भलुअनी
देवरिया

(देवेश कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भलुअनी
देवरिया

पत्रांक-315/न.पं. भलु./2026-27/दिनांक 21 अक्टूबर, 2026

U.P. State Sugar & Cane Development Corp. Ltd.
Unit- Pipraich, At & Po.- Pipraich Distt.- Gorakhpur-273152
(Subsidiary U.P. State Sugar Corporation Limited)
E-mail: upsscdclpipraich2018@gmail.com • GST No. 09AAACU5951D6Z7
Registered Office: Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow (U.P.)-226010

जेम-पोर्टल निविदा सूचना

इस इकाई के पेराई सत्र 2026-27 हेतु जेम-पोर्टल के माध्यम से इच्छुक अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति/ठेके के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो हेतु निविदा जेम-पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है जिसका सम्पूर्ण विवरण जेम-पोर्टल https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	जेम बिड्स संख्या	निविदा की प्रारंभिक तिथि	निविदा भरने की अन्तिम तिथि
1.	गन्ना परिवहन कार्य ग्रुप Q	GEM/2026/B/8192400	23.10.2026	02.11.2026
2.	गन्ना परिवहन कार्य ग्रुप R	GEM/2026/B/8192400	23.10.2026	02.11.2026
3.	गन्ना परिवहन कार्य ग्रुप S	GEM/2026/B/8192400	23.10.2026	02.11.2026
4.	गन्ना परिवहन कार्य ग्रुप T	GEM/2026/B/8192400	23.10.2026	02.11.2026
5.	मौनुअल वेव ब्रिज	GEM/2026/B/8188771	23.10.2026	02.11.2026

किसी भी एक निविदा अथवा समस्त निविदा निरस्त करने का अधिकार प्रधान प्रबन्धक के पास सुरक्षित रहेगा। संपर्क अधिकारी गन्ना परिवहन कार्य हेतु मुख्य गन्ना प्रबंधक मोबाइल नं. 6389025600 तथा अन्य हेतु क्रय प्रभारी मोबाइल नं. 6307854509, मुख्य रसायनज्ञ मोबाइल नं. 9265735574

नवदीप शुक्ला (पी.सी.एस.)
प्रधान प्रबंधक

पत्रांकः PIP/2026-27/विज्ञापन/1263 दिनांकः 23/10/2026

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

स्ट्रॉगरूम की सुरक्षा सख्त, सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगहबानी

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। गोरखपुर खण्ड शिक्षक निर्वाचन में सकुशल मतदान सम्पन्न कराने के बाद पुलिस अब मतपेटियों की सुरक्षा में मुस्तैद है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बने स्ट्रॉगरुम की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। तीन शिफ्ट में डियूटी पर तैनात जवानों के अतिरिक्त यहां चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं। कंट्रोलरुप से ही पूरे परिसर और स्ट्रॉगरुम के अंदर तक की निगहबानी की जा रही है। १७ जिलों से पहुंची मतपेटियों की सुरक्षा में जहां पुलिस तैनात है वहीं मतपेटियों में हेराफेरी की संभावित हेराफेरी की आशंका में प्रत्याशी और उनके समर्थक भी शिफ्टवार वि०वि० परिसर में डियूटी दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार १७ जिलों से मतपेटियां वि०वि० लाई गई हैं,यहां जनपद में १८ मतदान केन्द्रों की मतपेटियां सीधे स्ट्रांगरुम में जमा करा दी गई थी, तो वहीं गैर जनपद से वाहनों से आने वाले मटपेटियों के साथ सपा के कार्यकर्ता भी वि०वि० पहुंचे थे। पार्टी की ओर से इसके लिए दिशा निर्देश जारी किये जाने की बात कहीं जा रही है।



❖ सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान भी मुस्तैद,परिसर के बाहर सपा के कार्यकर्ता भी दे रहे पहरा

अपर महाप्रबंधक ने किया ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय का निरीक्षण

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल ने ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई तथा दवा वितरण काउंटर का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. सुषमा भास्कर माटे तथा चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी तथा इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल विभाग के पर्यवेक्षक उपस्थित थे। अपर महाप्रबन्धक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने चिकित्सालय में नये आपातकालीन चिकित्सा विभाग में उपलब्ध अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे एवं अन्य चिकित्सकीय उपकरणों का निरीक्षण कर इसके रखरखाव को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में चिकित्सालय में आये मरीजों को समय पर आवश्यक जांच हो सके।



श्री शुक्ला ने चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मरीजों के स्वास्थ्य और उपचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल के सभी प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अपर महाप्रबन्धक ने कहा कि मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ करें, ताकि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।


धर्मशाला बाजार रामलीला में लक्ष्मण को लगी शक्ति

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। आज धर्मशाला बाजार की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति मेघनाथ वध और कुंभकरण मरण का मंचन किया गया। इसी क्रम में श्री राम लंका पर आक्रमण करने के लिए लंका की ओर अग्रसर होते हैं। लंका पहुंचने पर लक्ष्मण का मेघनाथ से घोर युद्ध होता है इसमें लक्ष्मण को शक्ति लगती है। लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं तब श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण के मूर्छित होने पर अत्यधिक दुखी हो जाते है। उनका यह दुख हनुमान जी से देखा नही जाता है और वह वैध सुषेन के कहने पर संजीवनी बूटी की खोज में निकल जाते हैं और समय से संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाते हैं। इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच पुन: युद्ध होता है और मेघनाथ इस युद्ध में मारा जाता है। तत्पश्चात कुंभकरण भी युद्ध में मारा जाता है। महानंद गिरी के नेतृत्व में आदर्श राम मंडली अयोध्या धाम के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी शिवशंकर दूबे, सत्य नारायण गुप्ता, शशांक शेखर त्रिपाठी, दुर्गेश कोरी, रवि प्रकाश मिश्र, डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजन चौरसिया, विजय तिलक कोरी, सचिन गुप्ता, विनय वैश्य, राज दूबे,सतयेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी राजन चौरसिया ने बताया कि रविवार 25 अक्टूबर को रावण वध का मंचन और रावण पुतला दहन का आयोजन रात्रि ९:00 बजे रामलीला मैदान में होगा।



होम्योपैथी चिकित्सा जगत के पुरोधा डॉ. राम रतन बनर्जी का निधन

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। पूर्वांचल के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक, यश भारती सम्मान से अलंकृत डॉ. राम रतन बनर्जी का आज निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। डॉ. बनर्जी की पहचान एक अनुभवी चिकित्सक के साथ अनुशासनप्रिय, समय के पाबंद और संवेदनशील व्यक्तित्व के रूप में रही। उन्होंने लगभग 67 वर्षों के लंबे चिकित्सकीय जीवन में होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार, चिकित्सकों के संगठन और आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कार्य किया। डॉ. राम रतन बनर्जी का जन्म 3 जून 1936 को गोरखपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हुई। वर्ष 1952 में उन्होंने सेंट एंड्रयूज कॉलेज से इंटरमीडिएट तथा 1954 में विज्ञान स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 1959 में कलकत्ता होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल से स्वर्ण पदक के साथ चिकित्सा शिक्षा पूरी की। वर्ष 1975 में उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित द होमियो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन से होम्योपैथिक साइंस में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। डॉ. बनर्जी ने वर्ष 1959 में होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा शुरू की। गोरखपुर के बेनीगंज-रानीगोला स्थित संतोष होमियो सेवाश्रम उनकी चिकित्सकीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा। उन्होंने निर्धन और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों और औषधि वितरण कार्यक्रमों को महत्व दिया। चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 में उन्हें प्रतिष्ठित यश भारती सम्मान से अलंकृत किया। वह होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गोरखपुर इकाई के लगभग एक दशक तक अध्यक्ष रहे। डॉ. बनर्जी की हिंदी, अंग्रेजी, बंगला और भोजपुरी पर उनकी अच्छी पकड़ थी। वह लैटिन भाषा से भी परिचित थे। वह गोरखपुर की ऐतिहासिक दुर्गाबाड़ी बंगाली समिति के संरक्षक थे। वह आर्यनगर रामलीला समिति सहित अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे।डॉ. बनर्जी विद्यार्थी जीवन में हॉकी और फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी रहे।



❖ यश भारती सम्मान से अलंकृत 90 वर्षीय चिकित्सक ने करीब सात दशकों तक की मानव सेवा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोहल्ला बेनीगंज, गोरखपुर निवासी एवं होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. रूप कुमार बनर्जी के पिता डॉ. रामरतन बनर्जी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख एवं शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने डॉ. रूप कुमार बनर्जी को भेजे अपने संवेदना संदेश में कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अपूरणीय क्षति एवं पीड़ादायक होता है। उन्होंने कहा कि यह दुखद घड़ी भौतिक जीवन की नश्वरता और शाश्वत सत्य का बोध भी कराती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोगी गुरु गोरखनाथ जी से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दे।

डॉ. प्रतिभा गुप्ता के काव्य संग्रह का लोकार्पण आज

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। आई.एम.ए., गोरखपुर की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवयित्री डॉ. प्रतिभा गुप्ता का नवीन काव्य संग्रह 'यादों को फिर से मुस्कुराने दो' का लोकार्पण समारोह रविवार को बैंक रोड स्थित एक होटल के लॉन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों का समागम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य के सुप्रतिष्ठित रचनाकार एवं साहित्य अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी होंगे। समारोह की अध्यक्षता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के पूर्व कुलपति प्रो. सुरेन्द्र दुबे करेंगे। विशिष्ट वक्ता के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। समारोह में गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त प्रमोद कुमार गुप्ता तथा बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर की पूर्व प्रोफेसर डॉ. राधा जीना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं रंगकर्मी डॉ. अमृता सरकारी जयपुरिया करेंगी। यह लोकार्पण समारोह कविता के माध्यम से जीवन, समाज, मानवीय संबंधों और साहित्य की भूमिका पर विचार-विमर्श का अवसर भी होगा। आयोजन के निवेदक वरिष्ठ सर्जन डॉ. ए. पी. गुप्ता ने शहर के साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों, साहित्यप्रेमियों से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

❖ पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी करेंगे साहित्यिक समारोह में शिरकत

एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट में गोरखपुर के छह खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में गोरखपुर के छह खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोरखपुर के अनुभवी खिलाड़ी अमन राज को भारतीय सीनियर पुरुष टेनिस बॉल क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। चैंपियनशिप के यूथ एवं सीनियर दोनों वर्गों को मिलाकर गोरखपुर के अमन राज, गौरव सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, अविनाश साहनी, रोहित शर्मा और अंबर सिद्दीकी भारतीय दल का हिस्सा होंगे।यह जानकारी देते हुए टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव इमरान अहमद लारी ने बताया कि एक ही जनपद के छह खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में चयन होना गोरखपुर और पूरे पूर्वांचल के लिए गौरव की बात है। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में 12 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसका आयोजन टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं तमिलनाडु टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। फेडरेशन सचिव ने बताया कि भारतीय टीम में शामिल अमन राज, गौरव सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, अविनाश साहनी और रोहित शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। अमन राज वर्तमान में भारत सरकार के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग में खेल कोटे के अंतर्गत कार्यरत हैं।



❖ जिले के अमन राज को मिली भारतीय सीनियर टीम की कमान, पुरुष वर्ग में 12 देशों की टीमें लेंगी हिस्सा

विष्णु मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन आज से

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। मानस उत्थान समिति द्वारा श्री विष्णु मंदिर असुरन गोरखपुर में कल से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे जिसके क्रम में प्रात: 8.30 पर वैदिक मित्रों के बीच हनुमंत आह्वान व हनुमत ध्वज स्थापना होगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बृजेश मणि मिश्र ने दिया। उन्होंने बताया कि कल अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य सदस्य व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संतराज यादव, समिति के अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। 9.30 पर कलश यात्रा होगी।

सऊदी अरब से चार दिन बाद भी घर नहीं पहुंचा कमलेश का शव, परिजन परेशान

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। सऊदी अरब में ड्रोन हमले में मारे गये बांसगांव थाना क्षेत्र के किशनपुर उर्फ बगही निवासी कमलेश पांडेय का पार्थिव शरीर घटना के चार दिन बाद भी घर नहीं पहुंचने से परिजन परेशान हैं। शव को मंगाने के लिए पत्नी सुनीता देवी की गुहार पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार कमलेश पांडेय रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गये थे। वह वहां पर दम्माम स्थित इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर एसजीएस कंपनी में पिछले तीन साल से बस चलाने का काम करते थे। इससे मिलने वाली पगार से उनके घर परिवार का भरण पोषण चलता रहा है। बताते हैं कि विगत 21 अक्टूबर को हूती विद्रोहियों द्वारा एयरपोर्ट पर ड्रोन से किये गये मिसाइल हमले में कमलेश की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुनीता देवी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं परिवार के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दूसरी तरफ कमलेश का पार्थिव शरीर अब तक घर नहीं आने से अंत्येष्टि के इंतजार में परिजनों बेहाल हैं। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने 23 अक्टूबर को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया।



स्तन कैंसर के इलाज में आधुनिक तकनीकों पर एम्स में मंथन

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। स्तन कैंसर के इलाज में अब कैंसरग्रस्त ऊतक को हटाने के साथ स्तन के आकार और बनावट को सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया जा रहा है। आधुनिक ऑन्कोप्लास्टिक सर्जरी और मरीज की स्थिति के अनुरूप उपचार से उपयुक्त मामलों में स्तन-संरक्षण संभव है। इसी दिशा में उपचार की नई तकनीकों और बेहतर परिणामों पर शनिवार को एम्स गोरखपुर में विशेषज्ञों ने मंथन किया। एम्स प्रतिनिधि के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर एम्स के सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग ने 'अपडेट्स ऑन ब्रेस्ट कैंसर' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) एवं सर्जिकल कॉन्क्लेव आयोजित किया। पांच सत्रों में विशेषज्ञों ने आधुनिक जांच, सर्जरी, हार्मोनल थेरेपी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के नवीनतम पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. विभा दत्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर की समय पर पहचान और प्रमाण-आधारित उपचार से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। आयोजन अध्यक्ष एवं सामान्य शल्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने कहा कि बेहतर उपचार के लिए सटीक निदान और सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट व ऑन्कोलॉजिस्ट के बीच समन्वय जरूरी है। कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और कोर नीडल बायोप्सी के जरिए स्तन कैंसर की पहचान की प्रक्रिया समझाई। कैंसर के प्रकार और बायोमार्कर्स के आधार पर उपचार तय करने, हार्मोनल थेरेपी तथा आधुनिक रेडियोथेरेपी पर भी जानकारी साझा की गई। ऑन्कोप्लास्टिक सर्जरी के सत्र में डॉ. रवि गुप्ता ने मरीजों के चयन और सर्जरी के सिद्धांत बताए।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के महेसरा रेलपुल के समीप शनिवार को सुबह ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान का प्रयास किया लेकिन कोईसफलता नही मिली। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर खून से लथपत शव देखकर ग्रामीणों ने सूचना दी थी। मृतक की उम्र लगभग ४० वर्ष है, युवक ने सफेद रंग का शर्ट और काले रंग का लोवर पहना है।

पेट परीक्षार्थियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, 24 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-२०२६ को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रविवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के परीक्षार्थियों की जुटान शनिवार दोपहर बाद से ही शुरु हो चुकी है। जिसके बाद अभ्यर्थियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अमला भी हरकत में आ चुका है। शनिवार को शाम जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने परीक्षार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशन परिसर, बस स्टैंड तथा नगर निगम के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा। इस दौरान उक्त अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद परीक्षार्थियों से बातचीत कर उनकी यात्रा, ठहरने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने, ठहरने अथवा किसी अन्य प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी चौकी प्रभारी और एसएचओ को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस सतर्क और मुस्तैद है। ज्ञातव्य है कि जनपद में २५ व ३० अक्टूबर और ०१ नवंबर को छह पालियों में पीईटी-२०२६ की परीक्षा आयोजित होनी है। जिसके लिए जिले के ५२ परीक्षा केंद्र बनाये गये है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में लगे विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने और जरूरत के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। डीएम और एसएसपी के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी निमिष पाटिल, एएसपी व सीओ कैंट अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक कैंट जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



❖ डीएम-एसएसपी ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और रैन बसेरों का किया निरीक्षण

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

A Government of India Undertaking

भारत सरकार का उपक्रम

आस्ति वसूली शाखा लखनऊ, ग्राउंड फ्लोर, यूनियन बैंक भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, ई-मेल- ubin0578720@unionbankofindia.bank.in

मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6)/9(1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक कब्जा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **13.11.2026** (समय: अपरान्ह: 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई-नीलामी में **"जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के"** आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित मूल्य एवं ई.एम.डी. राशि का विवरण निम्नानुसार है।

ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से वेबसाइट: https://baanknet.com

नीलामी की तिथि व समय: 13.11.2026, समय: अपरान्ह: 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)

क्र. सं.	ऋणी एवं निदेशक का नाम एवं पता	ई-नीलामी हेतु सम्पत्ति का विवरण	1. आरक्षित धनराशि 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि	1. शाखा प्रमुख/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. वसूली अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क	ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि	भार का विवरण: सांकेतिक/भौतिक कब्जा / लंबित मुकदमे का विवरण
1.	**1. श्रीमती जूली सिंह पत्नी श्री आनंद सिंह,** ग्राम व पोस्ट: कटया, जिला: बस्ती, उ.प्र.-272302 (ऋणी) **2. श्री चिंता हरण सिंह पुत्र श्री राम अवध सिंह,** ग्राम व पोस्ट: कटया, जिला: बस्ती, उ.प्र.-272302 (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता)	श्री चिंता हरण सिंह के स्वामित्व में व्यावसायिक भूमि एवं भवन स्थित आराजी संख्या 57, ग्राम गोटा तप्पा गणेशपुर, परगना नगर पूर्व, तहसील बस्ती (उ.प्र.)-272002, **क्षेत्रफल 0.121 हेक्टेयर, विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व:** राम लाल एवं अन्य की भूमि, **पश्चिम:** एनएच 28 से इंटरलॉकिंग लिंक रोड, **उत्तर:** श्री राम अवतार की भूमि एवं खुली भूमि, **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 58 (श्री लाल एवं अन्य)	1. रू. 49,10,000/- 2. रू. 4,91,000/- 3. रू. 49,100/-	**1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री प्रभात रंजन सिंह/8376002606 3. ubin0578720@unionbankofindia.bank.in 4. श्री नवीन सिंह /9767601248**	**रू. 34,31,508.99** (रूपये चौतीस लाख इकत्तीस हजार पांच सौ आठ एवं पैसा निन्यानवे मात्र) मांग सूचना धारा 13(2) दिनांक 30.07.2025 के अनुसार एवं उसपर अतिरिक्त ब्याज, शुल्क एवं लागत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक कब्जा / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.unionbankofindia.bank.in/auction-property/viewauction-property.aspx** और **https://baanknet.com** में दिये गए लिंक को देखे। पंजीकरण, ईएमडी, भुगतान और बोली-प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट **https://baanknet.com** पर जाए। ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक डिटेल और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास **"डिजिलॉकर सुविधा"** होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/ खरीदार वैबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।

Security interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के अन्तर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना।

इसे Security interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 16.10.2026 स्थान: बस्ती प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

डीवीएनपीजी में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस के अवसर



पर वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बी.ए., बी.एससी.प्रथम,अतृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सहभाग किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डा.)ओम प्रकाश सिंह ने कहाकि वर्तमान समय में जबसम्पूर्णविश्व युद्धों की विभिषिका से त्रस्त है और विभिन्न देशों में जेन-जी आन्दोलन के माध्यम से अराजकता की स्थिति बन गई है इस समय संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण बन जाती है। यह दुर्भाग्य की बात है कि अमेरिकी प्रभाव के कारण संयुक्तराष्ट्र अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा पा रहा है। फिर भी संयुक्तराष्ट्र जैसी संस्था सम्पूर्ण मानवता के लिए नितांत आवश्यक है। इस वाद-विवाद कार्यक्रम में बी.ए., बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर खुशी सिंह,अभय कुमार,अजय, हिमांशु गौतम, आशीष कुमार, अदिति दुबे, अंशुगोड़, रागिनी खरवार, प्रिया जायसवाल, निशा कुमारी बी.ए., बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर अंशिका सिंह, रामपाल, रियापाण्डेय, श्रुति पाण्डेय, कशिश बी.ए., बी.एससी.पंचम सेमेस्टर साक्षी गोड़, श्रेया सिंह, रोहित गुप्ता,जावेद, निशा प्रजापति के सहित कुल 27 छात्र छात्राओं ने संयुक्तराष्ट्र के पक्ष विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डा.राम प्रसाद यादव ने किया तथा संचालन डा. शुभ्रांशु शेखर सिंह एवं डा. अंशुमान सिंह ने किया।तथा विभागीय परिचर राज कुमार ने अपना सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

नौ ट्रेनें होगी प्रभावित

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु बनारस-काशी-व्यास नगर एवं बनारस-वाराणसी सिटी स्टेशनों के मध्य सिगनलिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों नियंत्रण एवं पुनर्निधारण रहेगा। अहमदाबाद से 24 अक्टूबर को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस, उत्तर मध्य रेलवे पर 150 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। छपरा से 25 अक्टूबर को चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस, छपरा से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। नाहरलगुन से 24 अक्टूबर को चलने वाली 19526 नाहरलगुन-हापा एक्सप्रेस, वाराणसी सिटी स्टेशन पर 70 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। वाराणसी सिटी से 25 अक्टूबर को चलने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, वाराणसी सिटी से 45 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। सिकन्दराबाद से 24 अक्टूबर को चलने वाली 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस, प्रयागराज रामबाग से बनारस स्टेशनों के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 अक्टूबर को चलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस, मार्ग में 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 अक्टूबर को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, प्रयागराज रामबाग से बनारस स्टेशनों के मध्य 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अक्टूबर को चलने वाली 04096 आनन्द विहार टर्मिनस-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से बनारस स्टेशनों के मध्य 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 24 अक्टूबर को चलने वाली 04072 नई दिल्ली-सुपौल विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से बनारस स्टेशनों के मध्य 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

जीआरपी प्रमुखों के सम्मेलन में ड्रोन पिंक पेट्रोल से लेकर प्रोजेक्ट दिशा पर चर्चा

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आयोजित सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रमुखों का 8वां अखिल भारतीय सम्मेलन नई दिल्ली में सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इसने नई सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करने, श्रेष्ठ व्यवस्था साझा करने और आरपीएफ, जीआरपी और राज्य पुलिस के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान किया।इस उच्चस्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता आरपीएफ की महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने की।इसमें रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य और अलग-अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के जीआरपी प्रमुख शामिल हुये।इस सम्मेलन की एक प्रमुख विशेषता रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) द्वारा जीआरपी कर्मचारियों को रेलमदद प्लेटफॉर्म से जोड़ना रही। इसका उद्देश्य यात्री शिकायत निवारण व्यवस्था को बेहतर बनाना, समय पर जानकारी साझा करना और शिकायतों की बेहतर निगरानी करना था। इसमें रेल सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई। दक्षिण मध्य रेलवे के पिंक पेट्रोल आइज़ इन द स्काई, शक्ति ऑन द ग्राउंड में महिलाओं के नेतृत्व वाला एक मॉडल दिखाया गया, जिसमें शक्ति फ्रेमवर्क के तहत द्रुत कार्यबलों के साथ ड्रोन-से निगरानी को शामिल किया गया। इस सम्मेलन में ट्रेनों पर पत्थरबाजी को एक चुनौती बताया गया और पत्थरबाजी के प्रमुख स्थानों पर गश्ती, बेहतर निगरानी, अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई, युवाओं तक पहुंच और आरपीएफ-जीआरपी के बीच मजबूत तालमेल पर जोर दिया गया। इसके लिए समाज में जागरूकता और रोकथाम के लिए लोगों तक पहुंच को महत्वपूर्ण माना गया। सम्मेलन में दिवाली, छठ और अन्य त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। उत्तरी रेलवे के दिल्ली मंडल ने दिल्ली पुलिस, जीआरपी और दिल्ली मेट्रो के प्राधिकारियों के साथ मिलकर किए गए कार्या के बारे में बताया। इसमें सीसीटीवी से निगरानी, सार्वजनिक घोषणा, बैरिकेडिंग, निर्धारित ठहराव क्षेत्र और विशेष नियंत्रण कक्ष शामिल थे। व्यस्ततम समय में यात्रियों की सुरक्षा और यात्रियों के व्यवस्थित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम योजना, प्रभावी यात्री आवागमन प्रबंधन और सुरक्षाकर्मियों की समन्वित तैनाती पर जोर दिया गया।मध्य रेलवे के पुणे मंडल ने प्रोजेक्ट दिशा (सुरक्षा, सामन्जस्य और जागरूकता के लिए समर्पित पहल) के बारे में बताया।

महानगर तहसील खो खो के 14,17 एवं 19 वर्षीय बालक वर्ग का एमपी कॉलेज बना विजेता

गोरखपुर 24 अक्टूबर। 70 वीं माध्यमिक विद्यालयीय महानगर तहसील स्तरीय खो - खो 14,17 एवं 19 वर्षीय बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, गोरखपुर के खो खो कोर्ट पर संपन्न हुआ। जिसमें 14 वर्षीय बालक वर्ग में मदन मोहन मालवीय



इंटर कॉलेज भगवानपुर ,मैना देवी इंटर कॉलेज बिलनपुरखाता तथा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की टीम ने प्रतिभाग किया। 14 वर्षीय बालक का पहला मुकाबला मदन मोहन मालवीय तथा मैना देवी के बीच संपन्न हुआ ,जिसमें मदन मोहन मालवीय ने 14-1 के स्कोर से मैना देवी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। 14 वर्षीय का फाइनल मुकाबला महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज और मदन मोहन मालवीय के बीच संपन्न हुआ। जिसमें महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की टीम ने 12- 2 के स्कोर से मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज को पराजित कर चैंपियन बनी।17 वर्षीय बालक वर्ग में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, महीप नारायण शाही जनता इंटर कॉलेज महावीर छपरा तथा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की टीम ने प्रतिभाग किया।पहला सेमीफाइनल मैच मदन मोहन मालवीय तथा महावीर छपरा के बीच संपन्न हुआ जिसमें महावीर छपरा में 10-9 के स्कोर से मदन मोहन मालवीय को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। 17 वर्षीय बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तथा महावीर छपरा के बीच संपन्न हुआ। जिसमें महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की टीम ने 13 -3 के स्कोर से महावीर छपरा को पराजित कर चैंपियन बनी।19 वर्षीय बालक वर्ग में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के अतिरिक्त किसी अन्य विद्यालय ने प्रतिभाग नहीं किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत डॉ नितीश शुक्ला प्रभारी भौतिक विज्ञान विभाग दिग्विजय नाथ पी जी कॉलेज ,गोरखपुर के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। समापन कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य जनार्दन गौड़ के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विजय कुमार, विनय कुमार पांडे, नवीन्द्र पटेल ,मोहन, हरिश्चंद्र यादव, अच्छे लाल अरविंद कुमार सिंह, रामकृपाल मौर्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के क्रीड़ाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने किया।

रोटरी क्लब गोरखपुर यूफोरिया ने दी सिलाई मशीन

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। रोटरी क्लब गोरखपुर यूफोरिया द्वारा एक जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मदद वंचित और जरूरतमंद तबके को न सिर्फ मदद मिले, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का जरिया भी मिले। सिलाई मशीन मिलने से यह परिवार अब सम्मानपूर्वक अपनी आजीविका



चला सकेगा। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य मितली जालान,अंजलि विनय गुप्ता और नेहा बारोलिया भी मौजूद रहीं। सभी सदस्यों ने महिला का हौसला बढ़ाया और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का संकल्प दोहराया। का मुख्य उद्देश्य महिला को स्वरोजगार से जोड़कर उसे आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस सेवा कार्य के दौरान रोटरी क्लब गोरखपुर यूफोरिया की अध्यक्ष रुचि केड़िया और सचिव अंकिता रुंगटा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि क्लब का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि समाज के

जमीनी विवाद में मारपीट,चार घायल

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। पिपराइच थाना क्षेत्र के नैयापार में शनिवार को जमीनी विवाद में हुई मारपीट में महिला सहित चार लोग घायल हो गये। घायलों को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को दिये तहरीर में नैयापार निवासी सुनीता लल्ली राम नारायण ने आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर दीवार का निर्माण करवा रही थी, कि पड़ोसी रामदौड़ ने गाली गलौज शुरु कर दिया। आरोप है कि जब उनके परिवार ने विरोध किया तब रामदौड़ और उनके घर के अन्य सदस्यों ने मिलकर दीवार गिरा दिया और लाठी डंडा लेकर हमला कर दिये। घटना में सुनीता स्वयं, राम नारायण, रोशनी और स्वामीनाथ के घायल हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने इसकी सूचना पुलिस को दी और उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा,जहां प्राथमिक उपचार के लिए सभी पिपराइच थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। घटना के संबंध में थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है,घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है,मिली तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

डॉ. राम रतन बनर्जी के निधन पर 'भाई' परिवार ने जताया शोक

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राम रतन बनर्जी के निधन पर भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया 'भाई' की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनके निधन को चिकित्सा जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिवंगत आत्मा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. राम रतन बनर्जी, भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया 'भाई' के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रूप कुमार बनर्जी के पिताश्री थे। उनके निधन से संस्था परिवार में शोक की लहर है। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. बनर्जी ने होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। इस अवसर पर आर्यनगर में आयोजित शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में ध्रुव श्रीवास्तव, शिवेंद्र पांडेय, डॉ सुरेश श्रीवास्तव, विमल चतुर्वेदी, राकेश मोहन, पिंटू श्रीवास्तव ,अमर चंद्र, सैयद आसिम रऊफ, प्रवीण श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अंत में भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया 'भाई' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने दिवंगत डॉ. राम रतन बनर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए एक बड़ी क्षति है।

मनोरोग विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों पर किया मंथन

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मनोरोग विशेषज्ञों के संगठन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल साइकियाट्री सोसाइटी का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन पीआईपीएस-2026 शनिवार को होटल में प्रारंभ हुआ। सम्मेलन का मुख्य विषय 'यंग माइंड इन ट्रांजिशन फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन' (बदलते दौर में युवा मन जागरूकता से समाधान की ओर) रखा गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर की निदेशक डॉ. विभा दत्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।दो दिवसीय सम्मेलन में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित मनोरोग विशेषज्ञ बालकों एवं किशोरों में बढ़ती मानसिक समस्याओं, उनके शुरुआती लक्षणों की पहचान, प्रभावी उपचार और बचाव के उपायों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। सम्मेलन के विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में सोशल मीडिया के प्रभाव से लेकर नशे की प्रवृत्ति, व्यवहार संबंधी विकार, मूड डिसऑर्डर, मस्तिष्क के विकास में आने वाली समस्याओं तथा मनोरोग चिकित्सा से जुड़े नैतिक और कानूनी पहलुओं पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

नौ ट्रेनों के संचलन समय में संशोधन

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। रेलवे प्रशासन परिचालनिक सुगमता हेतु गाड़ियों के समय में संशोधन किया गया है। आनन्द विहार टर्मिनस से 30 अक्टूबर से चलने वाली 22420 आनन्द विहार टर्मिनस-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार जौनपुर से 7.30 बजे, डोभी से 8.05 बजे, औंड़िहार से 8.25 बजे छूटकर गाजीपुर सिटी 9.15 बजे पहुँचेगी। ललितग्राम से 28 अक्टूबर से चलने वाली 15565 ललितग्राम-नई दिल्ली एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार गाज़ियाबाद से 6 बजे छूटकर नई दिल्ली 6.45 बजे पहुँचेगी। आजमगढ़ से 28 अक्टूबर से चलने वाली 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार गाज़ियाबाद से 6.40 बजे छूटकर नई दिल्ली 7.25 बजे पहुँचेगी। बठिण्डा से 28 अक्टूबर से चलने वाली 12556 बठिण्डा-गोरखपुर एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार कानपुर सेंट्रल से 3.10 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 23 दिसम्बर से चलने वाली 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार ऐशबाग से 4.13 बजे छूटेगी। बनारस से 23 दिसम्बर से चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार बनारस से 8.30 बजे प्रस्थान कर सेवापुरी से 8.57 बजे, परसीपुर से 9.11 बजे, भदोही से 9.21 बजे, मोठ से 9.31 बजे, सुरियावां से 9.40 बजे, जंघई से 10 बजे छूटेगी। नई दिल्ली से 23 दिसम्बर से चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार प्रयागराज जं.से 5.35 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 7 बजे छूटेगी। मुजफ्फरपुर से 30 अक्टूबर से चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार आनन्द विहार टर्मिनस स्टेशन पर 7.45 बजे पहुँचेगी। गाजीपुर सिटी से 30 अक्टूबर से चलने वाली 22419 गाजीपुर सिटी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार गाज़ियाबाद स्टेशन से 7.25 छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 8.05 बजे पहुँचेगी। इन गाड़ियों का शेष स्टेशनों पर ठहराव एवं समय यथावत रहेगा।

बर्डघाट रामलीला का भरत मिलाप कल

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। श्री श्री रामलीला कमेटी बर्डघाट की बैठक सर्राफा भवन में रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। संचालन महामंत्री हरिद्वार वर्मा ने किया। समिति के अध्यक्ष गणेश वर्मा ने बताया कि भरत मिलाप की शोभा यात्रा 25 अक्टूबर दिन रविवार को रात्रि 11 बजे रामजानकी मंदिर घासीकटरा से प्रारंभ होगा। प्रभु श्री राम का राजतिलक का कार्यक्रम रामलीला मैदान से 26 अक्टूबर दिन सोमवार सायंकाल 7 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक रमेश जी के द्वारा राजतिलक का कार्यक्रम संपन्न होगा। महामंत्री हरिद्वार वर्मा ने बताया भरत मिलाप की शोभा यात्रा रामजानकी मंदिर घासीकटरा से चलकर मिर्जापुर चौराहा, लालडिग्गी चौक, मदरसा चौराहा, सर्राफा भवन होते हुए बंधु सिंह पार्क बसंतपुर, हासूपुर होते हुए राजघाट पुरानी चूंगी से रामलीला मैदान में प्रात: कल 6:30 बजे पहुंचेगा। वहां पर प्रभु श्री राम भरत मिलन का कार्यक्रम होगा । बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष मनोज वर्मा, सह कोषाध्यक्ष रवि दाना वाले, मृणाल बरनवाल, अनुराग मझवार, रमेश सिंह, राजन वर्मा, अमरनाथ सर्राफ, बलवंत आर्य, कन्हैया शर्मा, उत्कर्ष बरनवाल, आकाश वर्मा, भरत जलान, चंद्र कुमार वर्मा, कृष्णकांत वर्मा, श्रवण वर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एमपी इंटर कॉलेज के 5 छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिखेरेंगे जलवा

गोरखपुर २४ अक्टूबर। 70 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय 17 वर्षीय बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 6 नवंबर तक बलिया में होगा। खेलों की नर्सरी के रूप में विख्यात महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल तथा एक खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय हैंडबॉल के लिए हुआ है।



गोरखपुर के चयनित खिलाड़ी दिलशेर कक्षा 10, आसिद कक्षा 8,हयात कक्षा 12 तथा रितेश यादव कक्षा 12 महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के अध्यनरत छात्र हैं।दिलशेर हाल ही में इंडिया कैंप के लिए भी चयनित हुए थे तो आसिद विगत दो वर्ष से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं।70 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय हैंडबॉल 14 वर्षीय बालक वर्ग का आयोजन 27 से 31 तक मध्य प्रदेश मे होना है। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र हर्ष यादव कक्षा 8 का चयन हुआ है। मंडल की इस विशेष उपलब्धि पर सतीश सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मंडल गोरखपुर एवं अजीत कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, गोरखपुर, डॉ अरुण कुमार सिंह प्रधानाचार्य महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज ,गोरखपुर तथा जनपदीय क्रीड़ा समिति के कोषाध्यक्ष मुख्तार अहमद, मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव डॉ अरुणेंद्र राय,मंडलीय क्रीड़ा समिति के उप सचिव अभय प्रताप सिंह,जनपदीय क्रीड़ा सचिव संतोष कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक अध्यापक महापरिषद के अध्यक्ष जय हिंद यादव,मंत्री रतिंद्र रंजन पांडे, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, विवेकानंद मिश्र अमीरुद्दीन अंसारी हरिश्चंद्र यादव आदि ने शुभकामनायें दी।

जटिलताओं को किया रेखांकित

गोरखपुर, २४ अक्तूबर। गोरखपुर डिवीजन इंश्योरेंस इम्प्लाईज यूनियन का 31वां महाधिवेशन का उद्घाटन सत्र आयोजित हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संगठन आल इंडिया इंश्योरेंस इम्प्लाईज यूनियन के महामंत्री कामरेड श्रीकांत मिश्रा है। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कामरेड श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि यह अधिवेशन अत्यंत जटिल एवं कठिन परिस्थितियों में हो रहा है। उन्होंने वर्तमान एसआईआर प्रक्रिया की तमाम जटिलताओं को रेखांकित किया। किसी भी समाज के तीन मूलभूत आधार हैं देश, काल, पात्र इन तीनों ही आधारों को रिडिजाइन किया जा रहा है। स्पेशल इंटेसिव रिवीजन आफ इलेक्टोरल रोल का प्रयोग हथियार के रूप में किया जा रहा है। तमाम नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिये गये।

सतना-देवेंद्रनगर एवं रीवा-चुरहट रेलखंड देश को समर्पित

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में सतना-देवेंद्रनगर एवं रीवा-चुरहट नई रेल लाइनों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्रनगर-चुरहट नई यात्री रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

चुरहट रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा, सीधी के सांसद राजेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नागौद रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह, खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी के माध्यम से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में एक नई जीवनरेखा स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी तथा क्षेत्र के लोगों के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाएगी। श्री वैष्णव ने देशभर में रेलवे कनेक्टिविटी के विस्तार का उल्लेख करते हुए श्रीनगर, मिजोरम और पंबन ब्रिज में किए गए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में रावघाट और मध्य प्रदेश में टांडा रोड को हाल ही में रेल नेटवर्क से जोड़ने की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत देवेंद्रनगर-सतना और रीवा-चुरहट रेलखंडों पर रेल परिचालन शुरू होने से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल संपर्क से मध्य

> ❖ रेल मंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सतना-देवेंद्रनगर एवं रीवा-चुरहट रेलखंडों का किया शुभारंभ

प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा।रेल मंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में लगभग 1 लाख करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें नई रेल लाइनें, दोहरीकरण, तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण तथा आमान परिवर्तन से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत ललितपुर-सिंगरौली, सतना-रीवा, कटनी-सिंगरौली, जबलपुर-गोंदिया, बीना-भोपाल-इटारसी, इटारसी-नागपुर, रतलाम-खंडवा, इंदौर-बुधनी, इंदौर-दाहोद और इंदौर-मनमाड़ जैसे रेलखंडों पर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने पर राज्य में नई रेल सेवाएं शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। आने वाले वर्षों में 100 से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनें तथा मेमू और इंटरसिटी जैसी 50 से 60 छोटी दूरी की रेल सेवाएं शुरू की जा सकेंगी।स्टेशन पुनर्विकास के संबंध में श्री वैष्णव ने बताया कि खजुराहो स्टेशन को मध्य प्रदेश की संस्कृति और विरासत को दर्शाने वाली वास्तुकला के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अशोकनगर, बालाघाट, ब्यौहारी, नैनपुर, नर्मदापुरम, छतरपुर, ओरछा, शिवपुरी, हरपालपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी सहित कई स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। राज्य के लगभग 80 रेलवे स्टेशनों को भी पुनर्विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने का उल्लेख किया गया। रेल परियोजना से जुड़ी पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं पर जोर देते हुए रेल मंत्री ने अन्ना क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का उल्लेख किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि नई रेल कनेक्टिविटी बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्रों के लिए एक नई शुरुआत है, जिससे उन क्षेत्रों में रेल सेवाएँ पहुँच रही हैं, जो अब तक रेल संपर्क से वंचित थे। उन्होंने इस अवसर को क्षेत्र के लोगों के लिए दिवाली का उपहार बताया। इसतना से देवेंद्रनगर तक लगभग 53 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का निर्माण लगभग 873 करोड़ की लागत से किया गया है। इस रेलखंड के अंतर्गत फुलवारी से देवेंद्रनगर के बीच अंतिम 8 किलोमीटर रेल लाइन का कार्य पूरा होने के साथ परियोजना पूर्ण हुई है। विंध्य एवं बुंदेलखंड क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक महत्व के अनेक स्थलों के लिए जाना जाता है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से पन्ना, खजुराहो, रीवा तथा आसपास के पर्यटन स्थलों तक पहुँच आसान बनाने में मदद मिलेगी।

थाना समाधान दिवस पर पहुंचे भूमि विवाद के चार मामले

गोरखपुर, २४ अक्टूबर। जनपद में पीड़ितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शासन के निर्देश पर आयोजित थाना समाधान दिवस में आज भी भूमि विवाद से संबंधित फरियादियों की संख्या ज्यादा रही, जिसमें मौके पर मौजूद अधिकारियों ने राजस्व टीम और हल्का दारोगा के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच करने और समस्या समाधान कराने का निर्देश दिया है। थानाध्यक्ष रामगढ़ताल श्यामानंद राय की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर भूमि विवाद के चार मामले सामने आये। श्री राय ने बताया कि सभी मामलों में हल्का दारोगा, हल्का लेखपाल को जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच उपरान्त आवाश्यक कार्रवाई की जायेगी। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कैंट जितेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर एक प्रकरण भूमि विवाद का सामने आया। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर कैंट ने प्रकरण में राजस्व टीम गठित कर मौके की जांच कराने का निर्देश दिया है।

फिक्की ने भारत के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नीदरलैंड का निवेश बढ़ाने की अपील की

एम्स्टर्डम: उद्योग संगठन फिक्की ने भारत के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नीदरलैंड के निवेश को बढ़ावा देने की अपील की है। संगठन ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए संयुक्त उद्यम, प्रौद्योगिकी साझेदारी और आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रमों पर जोर दिया है। फिक्की के महासचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की नीदरलैंड की मौजूदा यात्रा निवेश संबंधी चर्चाओं को ठोस परियोजनाओं में बदलने में मदद कर सकती है। इसके तहत कारोबारी जगत और सरकारी एजेंसियों को एक साथ लाकर स्थान चयन, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, आपूर्तिकर्ताओं और नियामकीय मंजूरियों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फिक्की चार प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति देखना चाहता है। इनमें विनिर्माण साझेदारी, प्रौद्योगिकी सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण और परियोजनाओं पर आगे की कार्रवाई शामिल हैं। संगठन ने इंजीनियरिंग, उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य प्रौद्योगिकी-प्रधान उद्योगों में संयुक्त उद्यमों तथा उत्पादन क्षमता के विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं की एक सूची तैयार करने का आह्वान किया। इसके अलावा, कंपनियों, शोध संस्थानों और स्टार्टअप के बीच साझेदारी विकसित करने पर जोर दिया गया, ताकि संयुक्त रूप से नए उत्पाद विकसित किए जा सकें, घरेलू इंजीनियरिंग क्षमताओं को मजबूत किया जा सके और प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक इस्तेमाल बढ़ाया जा सके। आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण पर स्वरूप ने कहा कि भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नीदरलैंड की कंपनियों की गुणवत्ता, उत्पादों की जानकारी का पता लगाने की क्षमता और टिकाऊपन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद के लिए आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

अग्निकांड पीड़ितों से मिले सांसद, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

देवरिया। जिले के भटनी क्षेत्र के नोनापार गांव में शनिवार को अग्निकांड पीड़ित परिवारों से मिलने सदर सांसद पहुंचे। उन्होंने प्रभावितों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली और संकट की इस घड़ी में हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि आग लगने से परिवारों को भारी आर्थिक और दैनिक जीवन से जुड़े नुकसान का सामना करना पड़ा है। ऐसे समय में प्रभावितों को तुरंत राहत पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर नियमानुसार सरकारी सहायता व राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी अग्निकांड से जुड़ी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। मौके पर भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, हितेंद्र तिवारी, प्रभाकर तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



सुरक्षित समाज के लिए जन-जागरूकता और सामाजिक सहभागिता जरूरी- उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति

देवरिया। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को अपराध नियंत्रण, रोकथाम एवं जन-जागरूकता को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पवन मिश्रा के संयोजन में देवरिया खास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के समीप दुर्गा कुंज में संपन्न हुई। समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस बैठक का संचालन समिति के लखनऊ सचिव अश्विनी राय एवं जिला प्रभारी मीनू राय ने किया। बैठक में वक्ताओं ने जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने, सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की सीधी भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जोर देकर कहा गया कि अपराधमुक्त और भयमुक्त समाज के निर्माण के लिए आमजन को जागरूक करना तथा पुलिस-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही नागरिकों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अजीत नारायण मिश्रा, विनय तिवारी, रचित अग्रवाल, राजकुमार श्रीवास्तव, विकास चंद्र मिश्रा, आयुष्मान शरण सिंह, अरविंद जायसवाल, राजेश गौड़ एवं पवन मिश्रा सहित कई गणमान्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के शिकार दो पीड़ितों के खाते में लौटाए 42,231 रुपये

देवरिया। साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मदनपुर थाना पुलिस की साइबर टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार दो अलग-अलग पीड़ितों के कुल 42,231 रुपये उनके बैंक खातों में सुरक्षित वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश, एएसपी उत्तरी आनंद कुमार पांडेय और सीओ रुद्रपुर राजेश कुमार चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में मदनपुर पुलिस साइबर अपराधों के त्वरित निस्तारण में जुटी है। पहले मामले में मदनपुर निवासी जनार्दन यादव साइबर ठगी के शिकार हुए थे। पीड़ित की ओर से 11 अक्टूबर को एनसीआरपी (हृष्टत्रक्क) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। साइबर टीम ने तत्काल संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की 32,231 रुपये की रकम संबंधित खाते में होल्ड कराई। इसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस लौटा दी गई। वहीं, दूसरे मामले में क्षेत्र के हरिश्चंद्र पटेल से जालसाजों ने 10 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली थी। पोर्टल पर शिकायत मिलते ही टीम ने सक्रियता दिखाते हुए खाते में लेनदेन पर रोक लगवाई और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कराकर शनिवार को 10,000 रुपये पीड़ित के खाते में वापस ट्रांसफर करा दिए। अपनी डूबी रकम वापस पाकर दोनों पीड़ितों ने पुलिस की कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए आभार जताया।सराहनीय कार्य करने वाली टीम में मदनपुर थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर यादव, मुख्य आरक्षी सत्यम साहनी और महिला आरक्षी अल्का मौर्या शामिल रहीं।

- एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद बैंकों से संपर्क कर होल्ड कराई गई थी रकम
- डूबी धनराशि सुरक्षित वापस मिलने पर दोनों पीड़ितों ने पुलिस टीम का जताया आभार

सनबीम स्कूल लगातार 5वें वर्ष देवरिया का नंबर-1 को-एड स्कूल घोषित

देवरिया। 'एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग्स 2026-27 'में सनबीम स्कूल देवरिया को लगातार पांचवें वर्ष जिले का नंबर-1 को-एड डे स्कूल चुना गया है। 23 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में विद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर नीतू मिश्रा ने यह सम्मान ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की प्रतिभा और अभिभावकों के सहयोग को दिया है।



जयकारे और धूमधाम के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

भाटपार रानी देवरिया। शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी देवताओं की मूर्तियों का विसर्जन शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ श्रद्धालुओं ने डी जे और बैंड बाजे के धुन पर नाचते गाते हुवे जयकारा मनाते हुए अबीर गुलाल उड़ाते हुए चनुकी घाट छोटी गंडक नदी तथा नदावर घाट छोटी गंडक नदी और सवरेजी छोटी गंडक नदी पर पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया । प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम सायं 4 बजे से शुरू हुआ भाटपार रानी नगर पंचायत कस्बे की मूर्तियां तथा ग्रामीण क्षेत्र की मूर्तियां आकर्षण की केंद्र बनी हुई थी जिन्हें विद्युत बल्ब के प्रकाश से सुशोभित किया गया था , स्थानीय प्रशासन के सहयोग से विसर्जन कार्यक्रम का पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। डी जे के लिए प्रशासन का आदेश कम आवाज वाले साउंड बॉक्स को लगाने का था लेकिन मूर्ति संचालक पूर्णत: इसका पालन नहीं किये । जिससे बहुत लोग ऊंची आवाज के कारण मेला नहीं देख पाए । भाटपार रानी उप जिलाधिकारी दीपराज सिंह , क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार , और थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार राय अपने मय फोर्स के साथ दुर्गा मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम को बहुत ही शांति मय तरीके से संपन्न कराया ।



पीएम किसान की 24वीं किस्त 30 अक्टूबर को होगी जारी, जिले में दिखेगा सीधा प्रसारण

देवरिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बहुप्रतीक्षित 24वीं किस्त 30 अक्टूबर को जारी की जाएगी। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से किस्त जारी करेंगे। इस अवसर को पूरे देश में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के किसान ग्राम पंचायत भवन, विकास खंड परिसर अथवा जिला मुख्यालय पर वेबकास्ट (https://pmindiawebcast.nic.in) के जरिए इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देख सकेंगे। उप कृषि निदेशक ने कहा कि जिन पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री या योजना में नया पंजीकरण अब तक नहीं हुआ है, वे पंचायत भवनों में मौजूद कृषि व राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मदद से तत्काल पंजीकरण करा सकते हैं।

ठाकुर गौरी में पशु आरोग्य मेला संपन्न, 320 मवेशियों का नि:शुल्क इलाज

देवरिया। राजकीय पशु चिकित्सालय भागलपुर के तत्वावधान में ग्राम ठाकुर गौरी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने विधिवत गौ-पूजन कर किया। शिविर में कुल 320 पशुओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम श्याम सिंह ने पशुपालकों को विभाग की कल्याणकारी योजनाओं—टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और पशु बीमा से जुड़ी विस्तृत जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संचालन लार के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह ने किया। मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश्वर श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट ऋषिमुनि गुप्ता सहित समस्त पैरावेट स्टाफ मौजूद रहा।

थाना समाधान दिवस पर आए 124 मामले, 10 का निस्तारण

देवरिया। जिले के समस्त थानों पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में %डेस्क सिस्टम% के तहत जनसुनवाई की गई। हल्का व बीट स्तर पर अलग-अलग डेस्क लगाकर समस्याएं सुनी गईं। कुल प्राप्त 124 प्रार्थना पत्रों (113 राजस्व और 11 पुलिस) में से 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम (वित्त/राजस्व) पंकज प्रकाश राठौड़ व एएसपी उत्तरी आनंद कुमार पांडेय ने रामपुर कारखाना व बघौचघाट थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं।



एपी तटबंध मामले में विभाग से मांगा दस साल का हिसाब

सेवरही,कुशीनगर।नारायणी नदी के एपी तटबंध से जुड़े कार्यों और सरकारी धन के खर्च की जानकारी हासिल करने के लिए अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट मोहन तिवारी ने जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत बाढ़ खंड, कुशीनगर से 44 बिंदुओं पर सूचना मांगी है। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के मठिया श्रीराम गांव निवासी तिवारी ने तटबंध की मरम्मत, रखरखाव,निर्माण कार्यों और विभागीय निगरानी से संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।आरटीआई आवेदन में तत्कालीन अधिशासी अभियंता महेश कुमार सिंह के कार्यकाल से संबंधित रिकॉर्ड भी मांगे गए हैं।इनमें उनके कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्त होने की तारीख, तटबंध पर कराए गए कार्यों का विवरण,स्वीकृत बजट, वास्तविक व्यय, ठेकेदारों को किए गए भुगतान तथा निरीक्षण रिपोर्ट शामिल हैं।बताया गया है कि महेश कुमार सिंह का तबादला हाल ही में हुआ है।आवेदन के माध्यम से वर्ष 2016 से अक्टूबर 2026 तक तटबंध पर हुए कार्यों और खर्च का ब्योरा प्राप्त करने का प्रयास किया गया है।इसके साथ ही निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता,संबंधित जांच और ऑडिट रिपोर्टों की जानकारी भी मांगी गई है, ताकि उपलब्ध सरकारी अभिलेखों के आधार पर कार्यों की स्थिति और विभागीय निगरानी को समझा जा सके।एपी तटबंध टूटने की घटना के बाद बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कार्यों को लेकर सवाल उठ रहे हैं।ऐसे में आरटीआई के जवाब से यह स्पष्ट करने में मदद मिल सकती है कि संबंधित अवधि में तटबंध की सुरक्षा के लिए कौन-कौन से कार्य कराए गए,उन पर कितना धन खर्च हुआ और निरीक्षण की व्यवस्था कैसी रही।मोहन तिवारी की इस पहल से अब विभागीय रिकॉर्ड पर ध्यान केंद्रित हुआ है।हालांकि, किसी वित्तीय अनियमितता या लापरवाही की पुष्टि संबंधित अभिलेखों और जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही हो सकेगी।

- अधिवक्ता मोहन तिवारी ने उठाए 44 सवाल,मरम्मत कार्यों और सरकारी खर्च का ब्योरा होगा अहम

किसान कांग्रेस ने की महारैली की तैयारी बैठक

देवरिया। दिल्ली में एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की 'वोट बचाओ देश बचाओ' महारैली को लेकर किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने कहा कि महंगाई व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता एकजुट हो रही है। बैठक में देवरिया से प्रदेश महासचिव अभय प्रताप शुक्ल, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय व प्रदेश सचिव महेंद्र यादव शामिल रहे।

नागरी प्रचारिणी सभा में मनी सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी की जयंती, पुस्तक विमोचित

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा में पं. सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी की जयंती पर विचार गोष्ठी और पुस्तक लोकार्पण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी और मुख्य वक्ता प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज व भाषा निर्माण का अग्रदूत बताया। इस अवसर पर इंद्र कुमार दीक्षित लिखित %नागरी प्रचारिणी सभा: इतिहास एवं परिचय% पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. चितरंजन मिश्र, मंत्री डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. अभय कुमार द्विवेदी, सरोज कुमार पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पेंशनर्स संघ के मंत्री रामनिवास पांडेय के निधन पर शोक सभा

देवरिया। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की आकस्मिक बैठक में संगठन के मंत्री स्वर्गीय रामनिवास पांडेय के निधन पर शोक जताया गया। सहायक कोषाधिकारी नंदलाल चौरसिया की अध्यक्षता और अध्यक्ष देवेंद्र मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

विशनपुर कला में उपकरण वितरण शिविर-202 दिव्यांग व वृद्धजनों का चिन्हांकन, कल भी लगेगा कैंप

देवरिया। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया के प्रयास से विशनपुर कला में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशेष परीक्षण व चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन कुल 202 जरूरतमंद वृद्ध व दिव्यांगजनों का सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन पूरा किया गया। शिविर में चिन्हित लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, सामान्य ट्राईसाइकिल, हियरिंग एड (कान की मशीन), छड़ी, बैसाखी व कृत्रिम अंग आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर अगले दिन भी जारी रहेगा। क्षेत्रीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की गई है। शिविर में आने वाले लाभार्थियों को अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का कांग्रेसियों ने किया निरीक्षण

सलेमपुर (देवरिया)। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मौके पर मौजूद बीएलओ से सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण जांच लें तथा किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधार के लिए आवेदन करें। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सचिव दीनदयाल प्रसाद ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक किया। इसमें युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सत्यम पांडेय, आनंद शंकर, शिवशंकर गौतम, गोविंद मिश्र, मोहित प्रसाद, मोहित पांडेय, घूरा पाल, बबलू कुमार, अशोक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



प्रबंधक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

देवरिया। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ का शपथ ग्रहण एवं प्रबंधक सम्मान समारोह 25 अक्टूबर दिन रविवार को सुभाष चौक स्थित टाउन हॉल ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद खान ने बताया कि समारोह में नवनियुक्त जिला, तहसील व ब्लॉक कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी तथा प्रबंधकों को सम्मानित किया जाएगा।

पथरदेवा में 31 अक्टूबर को गूंजेगी शहनाई, सामूहिक विवाह में मिलेंगे 1 लाख रुपये के लाभ

देवरिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आगामी 31 अक्टूबर को आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विकास खंड पथरदेवा, देसही देवरिया, तरकुलवा सहित नगर निकाय हेतिमपुर, पथरदेवा और तरकुलवा क्षेत्र के पात्र जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के तहत प्रति जोड़े कुल एक लाख रुपये का प्रावधान है। इसमें से 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के जरिए भेजे जाते हैं, 21 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री दी जाती है तथा 15 हजार रुपये वैवाहिक आयोजन व भोजन आदि पर व्यय होते हैं। उन्होंने इच्छुक आवेदिकाओं से विवाह की तिथि से कम से कम एक सप्ताह पूर्व आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन करने की अपील की। साथ ही निर्देश दिया कि जिन युवक-युवतियों के आधार कार्ड में बचपन की तस्वीर है, वे सत्यापन में बाधा से बचने के लिए तत्काल अपना आधार अपडेट करा लें।

रामकोला धाम में परमहंस परमानंद जी के प्राकट्योत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

लक्ष्मीगंज (कुशीनगर)। सनातन विश्व दर्शन मंदिर, रामकोला धाम में शनिवार को परमहंस परमानंद जी महाराज के प्राकट्योत्सव पर धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। मंदिर परिसर में सत्संग-प्रवचन, विशाल भंडारे और कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।दंगल में गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, वाराणसी, अयोध्या और केरल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अखाड़े में पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबले देखने को मिले। रामसमंद और आकाश, विक्की पहलवान और गोरखपुर के पहलवान, बलिराम और पवन, अजय और नीलू, श्याम और फौजी तथा छोटू और फौजी के बीच कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शुभम और केरल के पहलवान तथा मुकम्मल और अयोध्या के पहलवान के मुकाबलों ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। पहलवानों के दांव-पेच पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।उधर, मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग-प्रवचन के दौरान धर्म, अध्यात्म और मानव सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राकट्योत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा।इस अवसर पर स्वामी निर्भयानंद उर्फ बहादुर बाबा, स्वामी ओम बाबा, रंगनाथ महाराज, पूर्व विधायक मदन गोविंद राव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, अधिवक्ता संजीव सिंह, थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, दंगल रेफरी धनंजय सिंह और सत्यपाल गोविंद राव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



- दंगल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

जूनियर खो-खो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 26 को, हरदोई में दम दिखाएंगे खिलाड़ी

देवरिया। उत्तर प्रदेश खो-खो प्रमोशन वेलफेयर स्पोर्ट्स संगठन के निर्देशानुसार जिला खो-खो संगठन की ओर से आगामी 26 अक्टूबर 2026 को बालक एवं बालिका वर्ग के जूनियर खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, देवरिया में दोपहर 3:00 बजे से शुरू होगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवानंद नायक ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी हरदोई में 29, 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हरदोई में होने वाली इस प्रदेश चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर ही आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा। ट्रायल प्रक्रिया कोच शालिनी शर्मा एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भास्कर कुशवाहा की देखरेख में पूरी कराई जाएगी। संगठन ने जिले के सभी पात्र जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों से समय पर स्टेडियम पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रिवर रैंचिंग योजना के तहत एक लाख मछलियों के बच्चों को नदी में छोड़ा

पथरदेवा(देवरिया) ।प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में ग्राम बघौचघाट में आयोजित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत प्रतिभाग किया। इस दौरान खनुआ नदी में लगभग एक लांख मछलियों के बच्चों को प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं उनके सुपुत्र विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही द्वारा छोड़ा गया। शाही ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नदियों में मछलियों की संख्या बढ़ाने जलीय जैव विविधता के संरक्षण और मत्स्य संसाधनों को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रयास किया जा रहा है। रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के माध्यम से नदियों में मछलियों के बच्चे छोड़कर जलीय परिस्थिति की तंत्र को मजबूत करने तथा मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल की जा रही है। शाही ने कहा कि इस योजना के तहत विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र के बघौचघाट ,पकहां ,सोनहुला रामनगर ,हेतिमपुर क्षेत्र में छोटी गण्डक नदी में भी मछलियों के बच्चों को छोड़ा गया और सभी जगह के कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस योजना से लोगों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही, माहीवाल जायसवाल, रमायन साहनी,मिन्टू सरकार ,विनोद सिंह कुशवाहा, भीम यादव, रमन श्रीवास्तव,रंजन श्रीवास्तव ,कुंवर राय,अनिल प्रसाद, युगुल किशोर तिवारी, भाजपा पथरदेवा मण्डल अध्यक्ष जीपू शाही,पूर्व प्रधान सरोज मिश्र,प्रेमचन्द्र सिंह,नवनीत मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।





विधानसभा रामपुरकारखाना में भाजपा का मुकाबला सपा से पूर्व विधायक गजाला लारी ही कर सकती है

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया) ।आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में सभी दलों में सम्भावित प्रत्याशियों की लम्बी सूची है और सभी दल के सम्भावित प्रत्याशी अपने को समाचार लिखे जाने तक अपना टिकट फाइनल मान रहे है फिर भी एक उम्मीद पर सभी सम्भावित प्रत्याशी दिन रात पार्टी के साथ ही अपना प्रचार प्रसार करने में लगे हुए है।हम आप को बता दे कि विधानसभा रामपुरकारखाना क्षेत्र में सपा से तीन सम्भावित उम्मीदवारों के नाम की चर्चा है लेकिन वास्तविकता यह है कि जब बीते 2012 में रामपुरकारखाना विधानसभा अस्तित्व में आया तो सपा नेतृत्व गजाला लारी को विधानसभा रामपुरकारखाना का प्रत्याशी घोषित किया उस समय विधानसभा रामपुरकारखाना विकास के दृष्टिकोण से चारों तरफ खड़हर बना हुआ था। सपा प्रत्याशी गजाला लारी सपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और



मतदाताओं के आशीर्वाद से चुनाव जीती। विधायक गजाला लारी विधानसभा रामपुरकारखाना क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का कार्य किया साथ ही कैथवलिया नदी में मानक का अनदेखा करते हुए कम दूरी में ही पुल बनवाने का कार्य किया जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को विभिन्न जगहों पर जाने में सुविधा प्राप्त हुई मजे की बात यह रहा कि कैथवलिया क्षेत्र के बच्चे जब नाव से नदी पार करके तरकुलवा पढ़ने आते थे और जब तक अपने घर को वापस नही जाते थे तब तक परिजन चिन्तित रहते थे विधायक गजाला लारी अनेक योजनाओं के तहत क्षेत्र में विकास किया। बीते 2017 के विधानसभा चुनाव में मोदी एवं योगी लहर में गजाला लारी चुनाव हार गयी और 2022 में भी चुनाव हार गयी फिर भी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करती रही लोगों के दु:ख-सुख में आने का कार्य की। 2027 का चुनाव आने वाला है ऐसे तो कई प्रत्याशी है लेकिन सही मायने में पार्टी हित में पूर्व विधायक गजाला लारी ही भाजपा का टक्कर दे सकती है।

सुभाषित *अपने स्वत्व और अधिकारोंकी रक्षाके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। अन्यायका प्रतिकार आवश्यक है। पलायन नहीं, पुरुषार्थका चयन करना चाहिए।* ❑ ***भीष्म पर्व***

चीनका फिर दुस्साहस

यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि अरुणाचलमें चीनसे लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध अब भी जारी है। इसकी आधिकारिक रूपसे पुष्टि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीटी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूरने की है। उन्होंने गुरुवारको स्वीकार किया कि अरुणाचल प्रदेशमें भारतीय और चीनी सैनिकोंके बीच कई स्थानोंपर जुलाईसे जारी तनावकी स्थिति अब भी बनी हुई है। भारत-चीनके सैनिकोंके बीच जुलाईके आखिरमें जिस इलाकेमें आमना-सामना हुआ था, वह बेहद संवेदनशील है। यह अरुणाचल प्रदेशके ऊपरी सुबनसिरी जिलेमें स्थित ताकसिंग-माजा-असफिला सेक्टर है जो भारतकी अग्रिम चौकियों, सैनिकोंकी आवाजाही और सीमापर नियंत्रणसे जुड़ा है। यह पूरा इलाका भारतके लिए बेहद अहम है, क्योंकि ताकसिंग पहुंचने वाली तामा चुंग चुंग-ताकसिंग सड़क सैनिकों, रसद और रक्षा सामग्रीके लिए कठिन पहाड़ी भू-भाग और खराब मौसमके कारण क्षेत्रमें सड़क सम्पर्क मजबूत होना सैन्य तैयारियोंका मजबूत हिस्सा है। इसीलिए चीनकी गिद्ध दृष्टि इस क्षेत्रपर टिकी हुई है, क्योंकि भारत इस क्षेत्रमें मजबूत स्थितिमें है जिससे तनाव बना हुआ है। हालांकि परराष्ट्र मंत्रालयने इस बारेमें स्थिति साफ नहीं की है लेकिन आईटीबीपी महानिदेशकके टकरावके दावेको खारिज भी नहीं किया है। परराष्ट्र मंत्रालयके प्रवक्ताने सफाई देते हुए इतना जरूर कहा है कि जब चीनी सेना गश्तके पहलेसे तय तौर-तरीकोंसे पीछे हटती है तो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें स्थिति समय-समयपर बिगड़ जाती है। यह स्थिति भारत और चीन दोनों देशोंके हितोंके लिए शुभ संकेत नहीं है। चीनकी ये हरकतें उसका दुस्साहस है जिसे किसी भी रूपमें स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि वर्तमानमें भारतीय सीमामें अनेक निर्माण चल रहे हैं। खासकर जरूरी सड़कोंका निर्माण तेजीसे हो रहा है, ऐसेमें चीनकी सक्रियता कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। भारतको पूरी तरह सतर्क रहनेकी जरूरत है और हर स्थितिसे कड़ाईके साथ निबटना होगा। यह विडम्बना ही है कि चीन एक ओर भारतसे दोस्तीकी बात करता है और सहयोगका इरादा रखता है, वहीं दूसरी ओर टकरावकी साजिशें भी रचता है जो उसकी कथनी और करनीको उजागर करता है। द्विपक्षीय सम्बन्धोंके समग्र विकासके लिए सीमावर्ती क्षेत्रोंमें शान्ति और स्थिरता बनाये रखना दोनों देशोंके हितमें है। चीन कभी भी भारतके लिए विश्वसनीय नहीं रहा, इसलिए भारतको फूंक-फूंकर कदम रखना होगा। इस मुद्देपर देशके अन्दर किसी भी प्रकारकी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा मानकोंकी उपेक्षा

बिहारके सिवान जिलेमें पटाखा बनाते समय हुए भीषण विस्फोटने एक बार फिर शासन-प्रशासनकी कार्यप्रणालीपर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस हादसेमें आठ लोगोंकी मौतकी आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि दो मंजिला मकान ढह गया और घरसे करीब दो सौ मीटरकी दूरीतक शवोंके टुकड़े गिरे पड़े थे। तेज धमाकोंकी आवाजसे पूरे इलाकेमें दहशत फैल गयी और लोग जान बचानेके लिए इधर-उधर भागने लगे। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्थामें सम्भावित लापरवाहीका भयावह उदाहरण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी घटनाओंके बाद ही प्रशासनकी नींद क्यों खुलती है? पटाखोंका निर्माण अत्यन्त जोखिमभरा काम है। इसके लिए वैध अनुमति, सुरक्षित भण्डारण, अग्निशमनकी व्यवस्था और निर्धारित मानकोंका पालन आवश्यक है, लेकिन सतत और मजबूत निगरानी तंत्रके अभावमें निर्धारित मानक दम तोड़ देते हैं। क्या नियमित निरीक्षणकी व्यवस्था केवल कागजोंतक सीमित है। देशके विभिन्न हिस्सोंमें पटाखा कारखानोंमें विस्फोट और आग लगनेकी घटनाएं अब आम हो गयी है। हर घटनाके बाद जांच मुआवजे, काररवाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनेके आश्वासन दिये जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। नतीजा यह है कि लापरवाहीकी कीमत आम लोगोंको अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। उन अधिकारियोंकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए जिनकी जिम्मेदारी पटाखा निर्माण और विस्फोटक सामग्रीके भण्डारणपर निगरानी रखना है। शासन-प्रशासनको हादसोंके बाद सक्रिय होनेकी जगह पहलेसे सतर्क रहना होगा। नियमित निरीक्षण, अवैध इकाइयोंपर कठोर काररवाई और सुरक्षा मानकोंका सख्तीसे पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। मृतकोंके प्रति सच्ची संवेदना तभी होगी जब ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मजबूत निगरानी तंत्रके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियोंकी जवाबदेही तय होगी।

लोक संवाद

महिलाओंके लिए स्थान

महोदय,-कोचीनमें एक कॉन्फ्रेंसके दौरान, एक सुन्नी धर्मगुरुने कथित तौरपर कहा कि उनके धार्मिक ग्रंथ महिलाओंको घरके अन्दर रहनेकी सीख देते हैं और उन्हें सार्वजनिक जगहोंपर लानेसे भारी तबाही मच सकती है। मैंने घबराहटमें बाहर देखा। हर तरफ औरतें ही औरतें थीं। एक महिला बस चला रही थी। दूसरी सर्जरी कर रही थी। तीसरी अदालतमें केस लड़ रही थी। कई औरतें बच्चोंको पढ़ा रही थीं, कम्पनियां चला रही थीं, हवाई जहाज उड़ा रही थीं और जिलोंका प्रशासन संभाल रही थीं। सदियोंसे औरतें बराबरीका इनसान माने जानेके मामूली अधिकारके लिए संघर्ष कर रही हैं। फिर भी, जब भी वे आगे बढ़ती हैं, कोई न कोई धार्मिक किताब उठाता है, उसमेंसे अपनी सुविधाका एक वाक्य निकालता है और उनपर थोप देता है। उस किताबको शायद ही कभी उसके संदर्भको समझनेके लिए खोला जाता है। उसका इस्तेमाल बस एक ईंटकी तरह किया जाता है। पुराने जमानेके कई नियम ऐसे समाजोंमें बने थे, जहां जिन्दगी बिल्कुल अलग थी। पुरुष शिकार करते थे, लड़ाइयां लड़ते थे, खतरनाक इलाकोंसे गुजरते थे और घरसे बाहर रहकर कमाते थे। औरतें आम तौरपर बच्चोंकी सुरक्षा करती थीं और घर संभालती थीं। वे नियम उस दौरके हालातके हिसाबसे थे। लेकिन आज लड़ाइयां सैटेलाइट, कम्प्यूटर, इंटैलिजैंस और टैक्नोलॉजीसे लड़ी जाती हैं। औरतें सेनामें सेवा देती हैं, हवाई जहाज उड़ाती हैं, मिसाइलें डिजाइन करती हैं और सरकारें चलाती हैं। अब शारीरिक ताकत यह तय नहीं करती कि समाजमें कौन योगदान दे सकता है। दिमाग तय करता है। शायद यही बात कुछ पुरुषोंको डराती है। एक पढ़ी-लिखी औरत सवाल कर सकती है। एक आजाद औरत अन्यायके खिलाफ आवाज उठा सकती है। एक आत्मविश्वाससे भरी औरत यह पूछ सकती है कि जो पुरुष उसे धर्मग्रंथोंका हवाला दे रहा है, उसने कभी उन बातोंका जिक्र क्यों नहीं किया, जिनमें दया, न्याय, विनम्रता और संयम बरतनेकी सीख दी गयी है। धर्मको लोगोंको ऊपर उठाना चाहिए, न कि उन्हें कमरोंमें बंद करना चाहिए। हर धर्ममें सम्मान, करुणा और न्यायके बारेमें सुन्दर बातें कही गयी हैं। लेकिन जब धर्मग्रंथोंको उनके संदर्भसे अलग करके पुरुषोंके विशेषाधिकारको बनाये रखनेके लिए इस्तेमाल किया जाता है तो इससे धर्म मजबूत नहीं होता। इससे धर्म ऐसा लगने लगता है जैसे वह ज्यादती करने वालोंका साथ दे रहा हो। ऐसी बातें इसलिए भी खतरनाक हैं क्योंकि ये उन परिवारोंपर असर डालती हैं, जहां शिक्षा कम है। एक कंट्रोल करने वाला पति इन्हें सुनकर सोचता है कि उसके बर्तावको परमात्माकी मंजूरी मिल गयी है। एक डरी हुई बेटीको पढ़ाईसे रोक दिया जाता है। एक काबिल पत्नीको काम करनेसे रोका जाता है। जुल्मको अचानक धार्मिक भाषा मिल जाती है। यदि महिलाओंके सार्वजनिक जगहोंपर आनेसे भारी तबाही होती है तो शायद जो चीज तबाह हो रही है, वह समाज नहीं, बल्कि पुरुषोंका दबदबा है। और प्यारे पाठको, यह तबाही तो जश्न मनाने लायक हो सकती है। तो सज्जनों, महिलाओंको घरपर रहनेके लिए कहनेसे पहले, याद रखें कि आपकी जान बचाने वाला डाक्टर, आपके अधिकारोंकी रक्षा करने वाला जज या आपका प्लेन उड़ाने वाला पायलट कोई महिला हो सकती है और यदि इससे भी आपको परेशानी होती है तो शायद आपको ही घरपर रहना चाहिए। **-दिलशाद बेगम, वाया ईमेल।**

सियासी दलोंको सर्वोच्च संदेश

सुप्रीम कोर्टने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलोंकी सत्ताको लेकर चल रही मारामारीके बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे-कानून और संविधानके दायरेमें रहकर ही काम करेगा। यह संदेश सुप्रीम कोर्टने तमाम राजनीतिक दलोंको दिया, जो सर्वोच्च न्यायालयके जरिये राजनीतिक फायदा उठानेका प्रयास कर रहे हैं।

❑ योगेन्द्र

सुप्रीम कोर्टके बारेमें कोई गलतफहमी या अफवाह फैले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआईने यह कदम इसलिए उठाया कि नेता कहीं बातका बतंगड़ नहीं बना दे और उसमें सुप्रीम कोर्टको इसमें नहीं घसीट लें। लोकसभामें विपक्षके नेता राहुल गांधी और राज्यसभामें विपक्षके नेता मल्लिकार्जुन खरगेने प्रधान न्यायाधीशको पत्र लिखकर मुलाकातका समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, जिसमें वोट चोरी रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे, मतदाता सूचीके एसआईआरको रोकने और पुनः मतपत्र प्रणालीपर लौटनेकी मांग की गयी थी। सुप्रीम कोर्टके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने यह मांग यह कहते हुए ठुकरा दी कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका दायर करो। सीजेआईने राहुल गांधीके आधिकारिक ईमेलके जवाबमें कहा कि इस तरहकी मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दोंपर चर्चाकी मांग की गयी है, वे पहलेसे ही सुप्रीम कोर्टमें विचाराधीन हैं।

इसीके साथ सीजेआईने दूरदर्शिता अपनाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी, ताकि राजनीतिक दल उसकी बातोंका गलत मतलब नहीं निकाल पायें और सुप्रीम कोर्टको राजनीतिक विवादमें नहीं घसीट सकें। सीजेआई सूर्यकांतने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है, जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है, वरना तो मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। भारतीय सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें जजों द्वारा मीडियासे सीधे संवाद करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था। सुप्रीम कोर्टके चार वरिष्ठ न्यायाधीशों जस्टिस जे. चेलामेश्वर, जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस कुरियन जोसेफने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारतीय न्यायिक इतिहासमें यह पहला अवसर था जब वर्तमान जजोंने इस तरह मीडियाको संबोधित किया था। इन जजोंने तबके मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रके खिलाफ रोस्टर और प्रशासनिक कामकाजको लेकर सार्वजनिक सवाल उठाये थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट अपनी अधिकांश जानकारी और फैसले आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, अपनी वेबसाइट और सुनवाईके जरिये ही साझा करता है। हालके दौरमें अदालतने न्यायिक कार्यवाहीके लाइव-स्ट्रीमिंग और उसके डिजिटल क्लिप्सके कमर्शियल इस्तेमालको लेकर भी कड़े नियम तय किये हैं। सीजेआई सूर्यकांतने मीडियाके सामने स्पष्ट किया था कि मुझे कल बैठकके अनुरोधके संबंधमें एक पत्र मिला था। मैंने कल रात ही उसका जवाब दे दिया था, जिसमें उन कारणोंका उल्लेख किया गया था कि मैं क्यों नहीं मिल पाऊंगा। सीजेईने आगे कहा, सुप्रीम कोर्टके दरवाजे सभीके लिए खुले हैं।

किसी भी आम नागरिक या निर्वाचित निकायके सदस्यकी किसी भी याचिकाका स्वागत है। हर भारतीय नागरिकको अदालतका दरवाजा खटखटानेका अधिकार है। हम उनकी चिन्ताओंको सुनेंगे और कानूनके तहत जो भी उचित होगा, वह करेंगे। सुप्रीम कोर्टसे स्थिति स्पष्ट होनेके बाद इंडिया गठबंधनके दलोंके पास अपनी मांगोंको लेकर कानूनी प्रक्रिया अपनानेका एक ही रास्ता बचा था, वह था रिट याचिकाके जरिये न्याय का तकाजा। इंडिया गठबंधनके नेताओंने सुप्रीम कोर्टतक पैदल मार्च निकाला और रिट याचिका दायर की, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत ११ विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पार्टी बनाया गया है। दरअसल इससे पहले सीजेआईसे अकेले ही मुलाकातकी मांग करके कांग्रेसने यह साबित करनेकी कोशिश की थी, इंडिया गठबंधनका नेतृत्व वही करती है। बाकी सब उसके पीछे हैं, किन्तु सीजेआई द्वारा मिलनेसे इनकार करनेसे कांग्रेसको अपने दावमें सफलता नहीं मिल सकी। जब सीजेआईने मिलनेसे इनकार कर दिया और कानूनी तरीका अपनानेकी सलाह दी, तब गठबंधनके बाकी नेताओंको भी साथ लेकर याचिका दायर की गयी। सुप्रीम कोर्टने जाहिर कर दिया कि गैर-कानूनी और गैर-संवैधानिक तरीकेसे इंडिया गठबंधनके नेताओंके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगा। जो भी करेगा संविधानके दायरेमें करेगा, अन्यथा सुप्रीम कोर्टकी साखपर भी बट्टा लग सकता है।

यह भी निश्चित है कि कांग्रेस और विपक्षी दलोंको कोई खास सफलता सुप्रीम कोर्टसे हाथ नहीं लगने वाली, सिवाय एसआईआरमें कुछ प्रशासनिक आदेश निर्देशके, क्योंकि ज्ञानेश कुमारको हटाया नहीं जा सकता, उन्हें संविधानका संरक्षण प्राप्त है। केवल संसदमें महाभियोगके जरिये ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारको हटाया जा सकता है, वह इसलिए पूरा नहीं होगा कि संसदमें मोदी सरकारका बहुमत है। इससे पहले भी राजनीतिक इरादोंको पूरा करनेके विपक्षी दलोंके मंसूबोंपर सुप्रीम कोर्ट पानी फेर चुका है। नवम्बर २०२४ में सुप्रीम कोर्टने देशमें चुनावोंमें धांधलीका आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिकाको खारिज कर दिया था। पीठने कहा था कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएमसे छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो छेड़छाड़ हो जाती है। कोर्टने याचिकाकर्तापर तीखा व्यंग्य करते हुए पूछा कि ये याचिका दायर करने संबंधित आपको शानदार विचार कैसे मिला। इसी तरह सुप्रीम कोर्टने अप्रैल २०२३ में १४ विपक्षी दलोंकी सीबीआई और ईडीकी काररवाईके लिए नेताओंके लिए अलगसे गाइडलाइंस बनानेके निर्देश देनेसे इनकार कर दिया था। कोर्टने कहा था कि विपक्षी नेताओंके खिलाफ ईडी और सीबीआईके ज्यादा केस दिखाने वाले आंकड़ोंके आधारपर केवल नेताओंके लिए गाइडलाइनकी मांग नहीं कर सकते हैं। उन्हें अभियोजनसे कोई छूट नहीं मिलती है। कोर्टने कहा कि नेता आम नागरिकोंके बराबर ही होते हैं। इसके बाद कोर्टने याचिकाको वापस लेनेकी अनुमति दे दी। राजनीतिक दलोंके मामलेमें दूरी बनाये रखनेके सुप्रीम कोर्टके नजरियेसे साफ है कि इंडिया गठबंधनको अपने राजनीतिक मुद्दोंकी लड़ाई जनताकी अदालतमें लड़नी होगी। सत्ता किसे देनी है और किसे नहीं, इसका फैसला मतदाता ही करेंगे।



सीजेआई सूर्यकांतने स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है। अक्सर मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में जजों द्वारा सीधे प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था।

मामूली अपराधकी सजा मृत्युदण्ड?

पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है।

❑ हृदयनारायण दीक्षित

मनुष्य हजारों वर्षसे समाज बनाकर चल रहा है। इसीलिए मनुष्यको सामाजिक प्राणी भी कहा जाता है। समाज का निर्माण सौ-दो सौ साल पुरानी घटना नहीं है। मनुष्यने समाज रचा। समाजके सदस्योंने अपने लिए आचार संहिता बनायी। प्राचीन कालमें स्वयं अपनी गढ़ी आचार संहिताको लेकर उसने समाजका संचालन किया। सामाजिक अनुबंध सिद्धांतके जन्मदाताओंमें हॉब्सका नाम बहुत पुराना है। उन्होंने लिखा है कि प्रारम्भमें व्यवस्था अराजक थी। उन्होंने इसे प्रकृतिकी स्थिति माना। अनुमान है, उन्होंने उसी अराजक व्यवस्थासे मुक्त होनेके लिए एक सामान्य शपथपत्र या एफिडेविट दोहराया होगा। हॉब्सके ग्रंथ 'लेवियाथन' में शपथपत्रमें लिखा गया है, मैं अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इस एक मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको देता हूं और इसे अधिकृत करता हूं, इस शर्तपर कि तुम भी अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इसी मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको अर्पित करो। इसके सभी कार्योंको इसी रूपमें स्वीकार करो। समाजके जन्म और विकासका अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्वानोंने समाजके जन्मके संदर्भमें लगभग यही विचार व्यक्त किये हैं। उत्तर वैदिक कालमें कथा है कि समाजकी दशा अराजक हो गयी थी। अराजकतासे पीड़ित लोग मनुके पास गये। उन्होंने मनुसे शासक हो जानेकी प्रार्थना की। मनुने इनकार किया। इस काममें एकत्रित सभी लोगोंने प्रस्तावित शासक-प्रजाको खेती की उपजका एक भाग देते रहने और आज्ञा मानते रहनेका आश्वासन दिया। मनु शासक बननेको तैयार हो गये।

समाजमें शांति व्यवस्था बनाये रखनेका काम नेशन स्टेटका होता है। शासन व्यवस्थाके संचालनमें सबसे खास बात है दण्ड। दण्ड देनेकी व्यवस्थाके चलते अपराध घटते बढ़ते रहे। देश कालके अनुसार दण्डका स्वरूप भिन्न-भिन्न तरहका था। गुप्त शासकोंके शासनमें उच्च कोटिकी प्रशासनिक व्यवस्था थी। उस समय भारतीय दण्ड व्यवस्थाके कानून भी सरल और उदार थे। अपराधोंकी गुणताके आधारपर दण्ड दिया जाता था। प्राण दण्ड नहीं दिया जाता था। चीनी यात्री फाह्यानने यहांके शासनकी प्रशंसा की है। भिन्न-भिन्न राजाओं, तानाशाहों, बादशाहोंने अपने अपने ढंगसे दण्ड व्यवस्थाको लागू करनेका उपक्रम किया है। दण्ड कई प्रकारके होते हैं। लेकिन प्राणदण्ड हमेशा ही बहसका मुद्दा रहा है। प्राण प्रकृतिका उपहार हैं। शान्ति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए शासक अर्थदण्ड, कारागार जैसे दण्ड देते रहे हैं। भारतके राष्ट्रजीवनमें प्राणदण्डको अच्छा नहीं माना जाता। प्राणदण्ड वैसे भी बहसका विषय है। एक पक्ष चाहता है कि प्राणदण्ड न दिया जाय। दूसरा पक्ष आतंकवादी घटनाओं जैसे अपराधोंमें प्राणदण्ड देनेको पक्षधर है। लेकिन मनुष्यका जीवन प्रकृतिका असाधारण उपहार है। दुनियाके ११२ देश अपने यहां प्राणदण्डकी व्यवस्था खत्म कर चुके हैं। जान पड़ता है कि इसीके समानांतर सऊदी अरब, कुवैत, कतर आदि देशोंमें प्राणदण्डकी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारतकी स्थिति अलग है। यहां संविधान (अनुच्छेद २१) में साफ-साफ कहा गया है कि किसी भी व्यक्तिको विधिक कार्यवाहीके बिना प्राण और दैहिक स्वतंत्रतासे वंचित नहीं किया जायगा। जहां भारतमें दण्डात्मक कार्यवाहीके प्रयोगमें अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है, वहीं पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है। फांसी दी गयी। उनके घर वालोंको भी सूचित नहीं किया गया। किसी भी स्तरपर उसका अपराध नहीं बताया गया। दोनों बंगलादेशी थे और रोजगारके सिलसिलेमें सऊदी अरब गये थे। नजरुल इस्लाम और स्वीटी अख्तरको मक्काकी एक मस्जिदमें 'गम्भीर अनैतिक कृत्य' का दोषी बताया था। यह सजा इस्लामी शरिया कानूनके तहत न्यायधीशके विवेकाधिकार (ताजीर) से दी गयी। इस घटनाकी पहलेसे कोई सूचना न मिलनेके कारण बंगलादेश सरकारने सऊदी अरबसे आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।

अपराधकी गुरुताके अनुसार ही दण्ड दिये जाते हैं। लेकिन सऊदी अरब, बहरीन, कतर आदिमें अपराधकी गुरुतापर सम्यक विचार नहीं होता। ऐसे देशोंमें इस्लामिक कानून-शरियाके अनुसार किसी भी व्यक्तिका जीवन छीन लिया जाता है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तानमें ईशनिन्दा कानून है। इस्लामिक शरीयामें अल्लाह और उसके पैगम्बर एवं कुरानकी कथित निन्दापर प्राणदण्डका प्राविधान है। पाकिस्तानमें कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्तिपर ईश निन्दाका आरोप लगाता है। न्यायायिक विचारण होता है और उसे मृत्युदण्ड दे दिया जाता है। बंगलादेशी नागरिकोंके प्राणदण्ड घोषित करने और उसे क्रियान्वित करनेमें अनावश्यक रूपसे जल्दबाजी की गयी है। अंधविश्वासको ही राजधर्म मानना और इसी आधारपर अपने ही नागरिकोंको मारते जाना मानवताके प्रति अपराध है। विश्व स्तब्ध है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं ऐसे प्राणदण्ड व्यवस्थाको लेकर असहाय दिखायी पड़ती हैं। यह विषय गम्भीर है। इसपर संयुक्त राष्ट्र सहित सभी मंचोंपर विमर्श करना चाहिए। जीवनका अधिकार मौलिक है। यह मनुष्य प्रदत्त नहीं है। इसपर बहसकी गुंजाइश है। सवाल उठते हैं कि व्यक्तिके मौलिक अधिकारोंकी तरह राष्ट्र राज्यके भी अधिकार क्यों नहीं हो सकते। कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारकी आड़में राष्ट्र राज्यके अस्तित्वके लिए ही खतरा बन सकता है। तब राष्ट्र राज्य भी व्यक्तिकी तरह अपनी आत्मरक्षाके लिए यथावश्यक कार्रवाई करेगा। सभी राष्ट्रोंको ऐसे खतरनाक मौकोंपर काररवाई करनेके लिए स्थापित कठोर विधिकी व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसी विधि पारदर्शी हो। आरोपीको अपना स्पष्टीकरण देनेके लिए पर्याप्त अवसर देती हो। दुख इस बातका है कि सऊदी अरबके ताजे मामलेमें ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।



परमात्माका सानिध्य

❑ ओशो

परमात्मामें हम हैं, परमात्मासे बिलकुल दूरी नहीं है। उसीमें पैदा हुए हैं, उसीमें जी रहे हैं तो पता नहीं चलता उसका। वायुमंडलका ही उदाहरण ले लो। चारों तरफसे हम उससे घिरे हुए हैं, क्या उसका अहसास होता है हमें। पता चलता है। नहीं चलता पता। ऐसे ही परमात्मासे हम घिरे हुए हैं, परमात्माका पता नहीं चलता। तो उसकी कृपाका भी पता नहीं चलता। जैसे हम किसीके प्रेममें होते हैं तो वह व्यक्ति आपको सिर्फ फूल लाकर दे तो आपके लिए बहुत बड़ी संपदा हो गयी वह। आपका जीवन ही खिल जाता है। आपका जीवन ही उस फूलकी सुगंधसे भर जाता है और प्रेम जब संबंध बन जाता है तो क्या कुछ नहीं किया जाता एक-दूसरेके लिए। क्या पता चलता है। क्या हम धन्यवादसे भरते हैं। क्या कुछ अहसास हो पाता है फिर। नहीं हो पाता। प्रेममें अहसास हो रहा था कि अगला व्यक्ति हमारे लिए क्या कर रहा है। संबंध बना अहसास खत्म हो गया। हमारे शरीर स्वस्थ है, हम इस संसारमें जी पा रहे हैं भली-भांति। क्या-क्या खजाना दिया है इस शरीरमें प्रभुने। परमात्माका द्वार भी दिया है इसीके भीतर। इसी घटके भीतर, इसी देहके भीतर सब कुछ उसने दे दिया और चैतन्य भी दिया जो कि सब कुछ महसूस करता है। वह अंतर्यामी यहीं बैठा हुआ है आकर और क्या चाहिए तो कितनी बड़ी कृपा है उसकी। हमें क्यों कृपा महसूस नहीं होती, क्योंकि अभी हम भक्त नहीं हुए। भक्ति आयी नहीं है अभी। इसको ऐसे समझो। भक्ति क्या है। कैसे हम परमात्माके कितने-कितने निकट हो गये, कितने हम करीब होते जा रहे हैं परमात्माके यह भक्ति है। हमारी दूरी, हमारा फासला परमात्मासे कम होता जा रहा है। एक बच्चा है वह अपने माता-पिताके पास बड़ा होता है। माता-पिता क्या कुछ नहीं करते बच्चेके लिए। आप सभी माता-पिता हैं, जानते हैं, लेकिन बच्चे बड़े होकर या उस समय क्या वह धन्यवाद महसूस करते हैं। क्या वह कृपा महसूस करते हैं माता-पिताकी करते हैं क्या। नहीं करते। क्योंकि वह इतने शुरूसे साथ रहते हैं, वहीं जन्म लिया साथ रहते-रहते वह संवेदना ही नहीं है, लेकिन वह अहसास ही नहीं बचा। क्योंकि वह अधिकार मान लेते हैं। ऐसे ही परमात्मामें हम हैं। परमात्मामें हम हैं तो इसलिए हमें पता ही नहीं चलता कि परमात्मा हमारे लिए क्या कर रहा। कहते हैं कि हर चीजके पीछे कोई न कोई अदृश्य शक्ति छिपी होती है, लेकिन हम उसे पहचान नहीं पाते।

प्रसिद्धि पानेके चक्करमें कानूनको चुनौती

❑ रोहित माहेश्वरी

देशमें संघटित अपराध और गैंगस्टरोंकी बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्थाके लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हालके महीनोंमें साबरमती जेलमें बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोईके सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहोंने देशके कई राज्योंमें सुरक्षा एजेंसियोंकी नाकमें दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियोंको निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्याकी वारदातोंने शासन-प्रशासनके इकबालपर बड़े सवाल खड़े किये हैं। बीते दिनों बालीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफपर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। जो बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्थाको खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान एवं रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरोंके निशानेपर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्रकी राजधानी मुंबईमें अब भी संघटित अपराध कानून व्यवस्थाके लिए गम्भीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिसकी खुफिया सूचनाओंकी मददसे कोटा रेलवे स्टेशनसे तीन संदिग्ध हमलावरोंको राजस्थान पुलिसने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफकी कारपर गोलीबारीके बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डका पुराना खौफ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डके पुराने खौफकी वापसीका संकेत है या इसे एक अलग घटनाके तौरपर देखा जाना चाहिए।

देशमें कानून-व्यवस्थाके समांतर अपराधकी सत्ता चलाने वाले गिरोहोंका इतिहास पुराना रहा है। बेशक समयके साथ अपराधी संघटनोंके नामकरण और अपराधके तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊदसे लेकर छोटे राजनके गैंगवारकी साक्षी रही है। अब वहां नये सिरेसे गैंगस्टरोंका दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलोंको महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसाकी इक्का-दुक्का घटनाओंके रूपमें नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तवमें ये समाजमें लगातार गहरी होती जाती एक गम्भीर समस्याके लक्षण हैं। यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरोंकी कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाजमें रक्तबीजोंकी तरह लगातार बढ़ते जायंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विताका खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होनेसे समाजको ही भुगतना पड़ेगा।

पुलिसकी शुरुआती जांचसे पता चला है कि इस हमलेके संदिग्ध हमलावरोंमेंसे एकका संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोहके कथित साथीसे है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सुर्खियोंमें आये लॉरेंस बिश्नोई साल २०१५ से जेलमें बंद है। ऐसेमें सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षामें जेलमें बंद लॉरेंस बिश्नोईका नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधोंमें संलिप्तताके रूपमें कैसे उछाला जाता है। भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप एवं अमेरिकामें सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिकामें उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोहके रूपमें चिह्नित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियोंमेंसे एक, करमवीर सिंहको कनाडासे डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिसने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोईके भाई अनमोलको नवंबर २०२५ में अमेरिकासे डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईएने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहोंके बीच सांठगांठसे जुड़ा बताया जाता है। केन्द्रीय स्वराष्ट्र मंत्रालयने सुरक्षा कारणों और लोक-व्यवस्थाका हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा ३०३ लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियोंको गुजरातकी साबरमती जेलसे बाहर ले जाने या मुंबई पुलिसकी प्रत्यक्ष कस्टडीमें देनेपर रोक है। इस वजहसे जांच एजेंसियां केवल जेलके अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशोंका पूरी तरह पर्दाफाश करनेमें बाधा आ रही है। विपक्षी दल सरकारपर संघटित अपराधपर लगाम लगानेमें विफल रहनेका आरोप लगा रहे हैं।

गैंगस्टरोंके इस बढ़ते दुस्साहसको कुचलनेके लिए कड़े कानूनी कदम भी उठाये जा रहे हैं। जिसके तहत उत्तर प्रदेश और अन्य राज्योंमें आपराधिक गिरोहोंकी संपत्तियोंको जब्त करने, कड़े जुर्माने और दस-दस सालकी कठोर कारावासकी सजा जैसे कदम उठाये जा रहे हैं। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनोंकी संवैधानिक वैधता और संघटित अपराधोंसे निबटनेके प्रावधानोंकी समीक्षा कर रही है, ताकि पुलिस एवं प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चनके इन असामाजिक तत्वोंपर शिकंजा कस सके।

गैंगस्टरों और अपराधियोंपर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार काररवाई कर रही हैं। बावजूद इसके गैंगस्टर अपनी हरकतोंसे बाज नहीं आ रहे। जानकारोंकी माने तो देशमें गैंगस्टरों और संघटित अपराधके बढ़नेके पीछे तकनीक, आर्थिक लालच, बेरोजगारी और सोशल मीडियाका बड़ा हाथ है। आजकल गैंगस्टरों द्वारा किये गये अपराध या धमकियोंको सोशल मीडियापर खुलेआम पोस्ट किया जाता है। इससे कम उम्रके युवाओंमें यह आकर्षण पैदा होता है कि वे जल्दी प्रसिद्ध या 'नायक' बन सकते हैं। कई युवा आर्थिक तंगीके चलते या पैसोंके लालचमें इन गैंग्सके संपर्कमें आ जाते हैं। खासकर पढ़ाई या काम के नाम पर विदेश (जैसे कनाडा आदि) गये या देशके विभिन्न हिस्सोंमें घूम रहे बेरोजगार युवा आसानीसे इनके शूटर या रिक्रूट बन जाते हैं। वहीं आधुनिक गैंग्स पुराने तरीकोंसे हटकर काफी विकेन्द्रीकृत और तकनीकी रूपसे सक्षम हो गये हैं। जेलमें बैठे गैंगस्टर भी एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्सके जरिये आसानीसे अपने सिंडिकेट, फिरौती और वारदातोंका संचालन करते हैं। हथियारोंकी तस्करी, नशीले पदार्थों (ड्रग्स) का कारोबार और रियल एस्टेट या जबरन वसूली (फिरौती) से इन्हें अकूत कमाई होती है। इस अवैध नेटवर्कका दायरा स्थानीय स्तरसे बढ़कर अब अंतरराष्ट्रीय स्तरतक फैल चुका है। ये गैंग अपनी अवैध कमाईका बड़ा हिस्सा शेल कम्पनियों, रियल एस्टेट और क्रिप्टोकरेंसीके जरिये मुख्य बैंकिंग सिस्टममें सफेद कर लेते हैं, जिससे इनकी आर्थिक पकड़ मजबूत बनी रहती है। आपराधिक गिरोहोंको कानूनी व्यवस्थाकी खामियोंका लाभ उठानेसे रोकनेके लिए देशके विभिन्न राज्योंके बीच लगातार सहयोग होना जरूरी है। अपराधियोंमें कानूनका डर पैदा करने और जनतामें सुरक्षाकी भावना बहाल करनेके लिए विभिन्न राज्योंकी पुलिसके बीच बेहतर समन्वय और जेलोंकी सुरक्षा व्यवस्थाको तकनीकी रूपसे पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

जनगणना- 2027 द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

सिद्धार्थनगर। भारत की जनगणना- 2027 द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव के आई.टी.आई. बसडिलिया में फीता काटकर, द्वीप प्रज्जवलित कर एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. को बुके देकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रगणक, अधिकारीगण एवं अन्य सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के जनगणना में आप लोगो का जो दायित्व है उसका निर्वहन करें। जनगणना के प्रथम चरण में आप लोगो द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। द्वितीय चरण में भी जनपद सिद्धार्थनगर अच्छा कार्य करेंगा। आप लोग निर्धारित समय से पूर्व जनगणना का कार्य पूर्ण कर ले। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि जनगणना हेतु संबधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दे। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, निर्धारित दिशा-निर्देशों, दायित्वों तथा कार्यों के समयबद्ध एवं शुद्धतापूर्ण निष्पादन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का



समुचित उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सतर्कता के साथ करें। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि प्रथम चरण में मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। द्वितीय चरण में व्यक्ति की गणना होना है। इसमें 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक स्वगणना होगी। 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणक द्वारा जनगणना का कार्य किया जायेगा। यह कार्यक्रम 35 दिनों तक चलेगा। इसके पश्चात 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 तक रिवीजन काउन्ट चलेगा। इसमें जनगणना के दौरान यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है अथवा किसी का जन्म हुआ है तो उसमें संसोधित किया जायेगा। इसके अलावा होमलेस व्यक्तियों का भी सर्वे 04 जनवरी 2027 के शाम को किया जायेगा। जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार का प्रपत्र नही लेना है। व्यक्ति द्वारा जो सूचना/जाति आदि बताया जायेगा वही भरना है। जनगणना के दौर 40 प्रकार के प्रश्न पूछे जायेगें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ निखिल चक्रवर्ती, व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

डीएम ने बूथ का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष बूथ दिवस 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया है। उक्त के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शिवशरणप्पा जीएन द्वारा प्राथमिक विद्यालय, उसका राजा, विकास खण्ड उसका बाजार के बूथ संख्या-532 एवं 533 का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश किया कि विशेष बूथ अभियान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने, अपात्र प्रविष्टियों के नियमानुसार निराकरण तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ)



को निर्देश दिए कि अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। साथ ही, मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष बूथ अभियान निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

जागरूकता एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन

सिद्धार्थ नगर। स्वाभिमान समिति द्वारा किशोरी सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत 26 प्रतिभागियों के साथ महिला थाना एवं साइबर सेल, सिद्धार्थनगर में जागरूकता एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, आपातकालीन सहायता, साइबर अपराध तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने महिलाओं एवं किशोरियों को हिंसा और उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं, दिनेश कुमार सरोज एवं दिलीप कुमार द्विवेदी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर अपराध, ऑनलाइन गेमिंग में धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, अनजान लिंक तथा ओटीपी और पासवर्ड की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी



दी। इसके अतिरिक्त, इंस्पेक्टर विशाल ने साइबर अपराध की शिकायत, पीड़ितों की गोपनीयता तथा समय पर पुलिस को सूचना देने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 और आधिकारिक पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत करने की जानकारी भी दी गई।इसके पश्चात प्रतिभागियों ने क्राइम सेल का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा।

अधिकारियों ने किशोरियों को जागरूकता का संदेश अपने परिवार एवं समुदाय तक पहुँचाने और हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में निडर होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस एक्सपोजर विजिट से किशोरी ग्रुप लीडर्स में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ी। प्रतिभागियों ने सीखी गई जानकारी को अन्य महिलाओं एवं किशोरियों तक पहुँचाकर एक सुरक्षित, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। स्वाभिमान समिति की अध्यक्ष ममता वर्मा, जरीना, प्रियंका, संभवती, दीपक सहित कुल 26 सदस्य उपस्थित रहे।

खेल, शारीरिक विकास का सशक्त माध्यम- कलीमुल्लाह

सिद्धार्थनगर। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में बच्चों का समुचित शारीरिक विकास नहीं हो रह है। खेल, मात्र ही बच्चों के संपूर्ण शारीरिक विकास का सशक्त माध्यम है। इसलिए समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत आवश्यक है।

उपरोक्त आशय का विचार पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कंपोजिट विद्यालय काशीपुर के खेल मैदान में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उपस्थित छात्र छात्राओं, अध्यापकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के कुल 27 विद्यालयों में मात्र 07 विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। 20 विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग ही नहीं किया। प्रतिभागी 07 विद्यालयों में से दौड़ की प्रतियोगिता में प्राथमिक



विद्यालय महराजगंज प्राथम , काशीपुर, द्वितीय और शिशहनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर बालक वर्ग में हुए वालीबाल प्रतियोगिता में देवरा चौधरी ने काशीपुर को हरा कर ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता ने अपना स्थान हासिल कर लिया, तथा बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिता में भी पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी विजेता रही। बालक वर्ग के कबड्डी राष्ट्रीय एकांकी, लोक नृत्य, नाटक आदि में कंपोजिट विद्यालय काशीपुर का दबदबा रहा। प्राथमिक विद्यालय शिशहानिया के बच्चों द्वारा नशामुक्त पर बेहद अच्छा एकांकी प्रस्तुत किया गया।

सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि समाज सेवी मोहम्मद इरफान में पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय काशीपुर की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाराजगंज के छोटे छोटे बच्चों की प्रस्तुति बेहद सराहनीय रही।

कार्यक्रम के आयोजक संकुल शिक्षक बैतुल्लाह ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर मोहिउद्दीन, अनीता, मधुरानी, बंदना चौधरी, अंजुमन खान वसीउल्लाह मोहम्मद काशिफ गायत्री देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

पिकअप पलटी, एक की मौत, छः घायल

सिद्धार्थनगर। जिले के थाना क्षेत्र ढेबरुआ अन्तर्गत गुरुवार रात खैरी शीतल प्रसाद गांव से परवल (सब्जी) का बीज लेने बहराइच जा रहे किसानों की पिकअप बलरामपुर



जिले के गौरा चौराहे के पास पहुंचा ही था कि अचानक वाहन (पिअप) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे 01 किसान की दर्दनाक मौत हो गई और 06 किसान घायल हो गये। आपको बता दें कि ढेबरुआ थाना क्षेत्र के खैरी शीतल प्रसाद गांव के 07 किसान गुरुवार की रात पिकअप पर सवार होकर परवल का बीज लेने के लिए बहराइच जा रहे थे। अभी पिअप वाहन बलरामपुर जिले के गौरा चौराहे के पास पहुंचा ही था कि अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। इस भीषण हादसे में पिअप पर सवार किसानों में चीख-पुकार मच गई।

इस सड़क दुर्घटना में खैरी शीतल प्रसाद गांव के नकोलडीह टोले के निवासी 55 वर्षीय पितरे पुत्र मोतीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं क्षेत्र के चिरगहना टोले के निवासी 58 वर्षीय चैतू पुत्र जंगली गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं पिअप वाहन पर बैठे 05 अन्य किसानों को हल्की चोटें आयी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जबकि गम्भीर रूप से घायल चैतू का इलाज जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर के एक निजी अस्पताल में जारी है। वहीं बलरामपुर जिले की स्थानीय थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विश्व शान्ति, मानवता एवं सतत विकास में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान माला का आयोजन

बाँसी(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय रतन सेन डिग्री कालेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानन्द इकाई एवं रानी लक्ष्मीबाई इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर विश्व शान्ति, मानवता एवं सतत विकास में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को विश्व शान्ति, मानवीय मूल्यों, सामाजिक सद्भाव तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रवेश दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में विश्व शान्ति की स्थापना, मानवता की रक्षा और सतत विकास सुनिश्चित करने में युवाओं की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। युवाओं को जाति, धर्म, भाषा एवं क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को अपनाना



चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और रचनात्मक सोच के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन, स्वच्छता, सामाजिक समरसता तथा डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने में भी युवाओं का महत्त्वपूर्ण दायित्व है।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुभीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि संयुक्त राष्ट्र दिवस हमें अन्तरराष्ट्रीय सहयोग, शान्ति, सह-अस्तित्व और मानव कल्याण के मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप नि:स्वार्थ सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को अभिव्यक्त करता है। युवाओं को केवल अपने व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रहकर समाज की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति की शुरुआत व्यक्ति के विचारों, व्यवहार और सामाजिक आचरण से होती है। यदि युवा प्रेम, सहिष्णुता, समानता और सेवा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण सम्भव है। डॉ0 सुभीर सिंह ने यह भी कहा कि सतत विकास का वास्तविक अर्थ ऐसा विकास है, जिसमें वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के हितों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। इस दिशा में युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल बचाने तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ0 कंचनयति एवं डॉ0 सपना त्रिपाठी की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, सेवा, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें तथा विश्व शान्ति और मानवता के मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि युवा शक्ति के सकारात्मक उपयोग, मानवीय संवेदनशीलता और सामूहिक प्रयासों से ही शान्तिपूर्ण, समावेशी एवं सतत भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक संपन्न

सेमरियावां, संतकबीरनगर। विकासखंड सेमरियावां स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर शनिवार, 24 अक्टूबर को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने शासन की प्राथमिकताओं, विभागीय योजनाओं तथा विद्यालयों में संचालित शैक्षिक गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विद्यालयों में निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं शासन के निर्देशों के क्रम में विद्यालयों की प्रगति, निपुण भारत मिशन, डिजिटल शिक्षण, छात्र उपस्थिति, नामांकन तथा विभिन्न पोर्टलों पर डाटा अपडेट करने सहित कुल 24 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।निपुण लक्ष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर जोर

खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों का नियमित आकलन किया जाए। निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम पांच बच्चों का निपुण आकलन सुनिश्चित किया जाए। कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए अभ्यास कार्य, अवलोकन, वर्कबुक, बिग बुक, प्रिंट रिच मैटेरियल और गणित किट का समुचित उपयोग किया जाए। बालवाटिका के बच्चों के लिए अनुकूल शैक्षिक वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सभी अभिलेख एवं पोर्टल संबंधी कार्य समय से पूरे किए जाएं। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, टैबलेट और लैब का उपयोग शिक्षण को रुचिकर बनाने के लिए किया जाए। साथ ही, अभिभावकों एवं समुदाय के सहयोग से बच्चों की नियमित उपस्थिति और सीखने के स्तर में सुधार लाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय निर्धारित एजेंडे के अनुसार कार्ययोजना तैयार करे और उसकी प्रगति की नियमित समीक्षा करे, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाना, विभागीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा प्रत्येक बच्चे को निपुण लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाना है।

बैठक में जफीर अली,गणेश प्रसाद चौरसिया,के एन पांडेय, शोएब अख्तर, अब्दुर्रहीम,सर्वेश प्रताप नागवंशी, फूलचंद, बैरागी,पवन शुक्ला, जुबेर अहमद, सेराज अहमद, मुख्तार आलम सिद्दीकी, सूचित कुमार, कृष्ण राव, सुहेल अहमद,राम निहोर,उर्मिला चौधरी आदि मौजूद रहीं।

परिषदीय सामान्य शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण सम्पन्न

संत कबीर नगर। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के क्रम में परिषदीय सामान्य शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण हेतु समेकित शिक्षा के के अंतर्गत जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम दिनांक 22.10.2026 से 24 10 2026 तक ब्लॉक संसाधन केंद्र खलीलाबाद पर कराया गया ब्लॉक विकास क्षेत्र स्तर पर कार्यरत स्पेशल एजुकेटर द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

इसमें समावेशी कक्षा की में विविधताएं दिव्यंगता की श्रेणी भारतीय पुनर्वास परिषद दिव्यांग बच्चों के लिए परीक्षा बोर्ड की भूमिका पाठ्यक्रम का अनुकूलन समावेशी कक्षाओं में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग समावेशी कक्षाओं में भाषा शिक्षण पर्यावरण अध्ययन शिक्षणआधारित पाठ योजना समावेशी कक्षाओं में गणित शिक्षण विज्ञान शिक्षण पाठ्यक्रम में कल का एकीकरण नाटक नृत्य एवं अधिगम संबंधीत कुल 19 विषयों पर तीन कार्य दिवस में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार चौधरी एवं यतीन्द्र नाथ आर्य द्वारा प्रदान किया गया प्रशिक्षण के अंतिम कार्य दिवस पर आज दिनांक 24 10 2026 को उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य/डायट डॉ नरेंद्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के शिक्षण में वर्तमान समय में आईटीसी एवं भाषा शिक्षक सहित गणित शिक्षण विज्ञान शिक्षण को सुगमिता पूर्वक अनुकूलित पाठ्यक्रम के माध्यम से पढाया जाए जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास या आईसीटी लैब स्थापित है उन विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों आईटीसी आधारित शिक्षा प्रदान की जाए प्रशिक्षण में वीरेंद्र कुमार शिवम सिंह जगदीश प्रसाद प्रेम शंकर चौधरी शंभू प्रसाद अमित रंजन प्रमोद उपाध्याय आशीष दुबे रंजन दिलीप यादव पवन कुमार जनकधारी धर्मराज अर्चना त्रिपाठी शिव शरण शुक्ला बृजेंद्र प्रताप सिंह दुर्गेश यादव मोना गौतम विश्वनाथ विश्वकर्मा एवं तृप्ता सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गयाइ समस्त प्रतिभागियों को उप शिक्षा निदेशक द्वारा प्रशिक्षण संबंधीत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह के निर्देशन पर जिला समन्वय समेकितशिक्षा डॉक्टर रजनीश बैद्यनाथ द्वारा किया गया इस अवसर पर बताया गया कि 576 अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर आज प्रशिक्षण पूर्ण कर रहे मास्टर स्टैंडर्ड द्वारा दिया जाएगा।

जिसके क्रम में खंड शिक्षा अधिकारियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तरफ से निर्देश जारी किए जा चुके हैं जिसका अनुश्नवण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक सहित प्राचार्य डायट एवं डायट मेन्टर द्वारा भी किया जाएगा।

टाटा वोल्टास का 'द ब्रांड शॉप' का उद्घाटन

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के मेहदावल रोड स्थित बाईपास चौराहे पर पूर्वांचल ट्रेडर्स की नई शाखा के रूप में टाटा वोल्टास के अधिकृत शोरूम 'द ब्रांड शॉप' का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि टाटा वोल्टास के नॉर्थ बिजनेस हेड अमित साहनी और नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के अध्यक्ष जगत जायसवाल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शोरूम का उद्घाटन किया। नए शोरूम के खुलने से खलीलाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को अब वोल्टास के उत्पादों की खरीदारी के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजनल बिजनेस हेड अजय दुबे, रीजनल सर्विस हेड भूपेंद्र सिंह और एरिया बिजनेस हेड रवि राय मौजूद रहे। समारोह में व्यापार जगत से जुड़े लोगों, गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों ने भी सहभागिता है नवनिर्मित शोरूम में एयर कंडीशनर, कूलर, फ्रिज, होम एप्लाइंसेस, पंखे सहित टाटा वोल्टास के विभिन्न अधिकृत उत्पाद उपलब्ध होंगे। कंपनी के उत्पादों की खरीदारी के लिए ग्राहकों को अब गोरखपुर और बस्ती जैसे शहरों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे समय और आवागमन पर होने वाले खर्च की बचत होगी। साथ ही, ग्राहकों को अपनी जरूरत और बजट के अनुरूप उत्पाद चुनने के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर विकल्प मिल सकेंगे।

टाटा वोल्टास के नॉर्थ बिजनेस हेड अमित साहनी ने कहा कि खलीलाबाद में 'द ब्रांड शॉप' की शुरुआत कंपनी के लिए महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को उनके नजदीक ही उत्पादों की खरीदारी और बेहतर सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि शोरूम में कंपनी के उत्पादों के साथ लागू ऑफर और फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और बजट के अनुसार खरीदारी कर सकेंगे।बिजली बचाने वाले उपकरणों को दें प्राथमिकताएरिया बिजनेस हेड रवि राय ने ग्राहकों से बिजली की बचत के लिए पांच स्टार रेटिंग वाले विद्युत उपकरणों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा दक्ष उपकरण बिजली की खपत कम करने में सहायक होते हैं। कंपनी की प्राथमिकता ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है।स्थानीय लोगों को मिलेगी सहूलियत - जगत जायसवालनगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने कहा कि पहले वोल्टास के उत्पादों की खरीदारी के लिए लोगों को गोरखपुर और बस्ती जैसे शहरों में जाना पड़ता था। खलीलाबाद में अधिकृत शोरूम खुलने से स्थानीय ग्राहकों को अपने शहर में ही उत्पाद खरीदने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अधिकृत शोरूम में वोल्टास के उत्पादों की उपलब्धता से ग्राहकों को खरीदारी के साथ कंपनी की सेवाओं का लाभ लेने में भी सुविधा होगी। उन्होंने उद्घाटन समारोह में शामिल कंपनी के अधिकारियों, नगर पालिका अध्यक्ष, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।खलीलाबाद में टाटा वोल्टास के अधिकृत शोरूम की शुरुआत से स्थानीय ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीदारी के लिए एक नया विकल्प मिला है। इससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में कारोबार को भी गति मिलने की उम्मीद है। अंत में प्रोपराइटर द्वारा सभी अतिथियों को भगवान श्री राम का स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।उद्घाटन समारोह में अमन अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, श्रेष्ठ जायसवाल, अनीता अग्रवाल, सरिता जैन, हरप्रीत सिंह लकी, गौरव रुंगटा, हुसैन, अब्दुल्ला खान, अंकुर पांडेय, मंजीत सिंह और पवन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस दो नवंबर को

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय आयोजन दो नवंबर 2026 को राजा रतनसेन डिग्री कॉलेज, बांसी में होगा। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' है। जिला एकेडमिक समन्वयक डॉ. हंसराज कुशवाहा एवं जिला समन्वयक अंशुमान सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को नोडल एवं ब्लॉक स्तर पर परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण होगा। इनमें से चयनित 100 उत्कृष्ट टीमें जनपद स्तर पर अपने शोध प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगी। इनमें से 19 टीमों का चयन राज्य स्तरीय आयोजन के लिए किया जाएगा। जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थी जल संरक्षण, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबंधन, भारतीय ज्ञान प्रणाली और सतत विकास जैसे विषयों पर परियोजनाएं प्रस्तुत करेंगे। इनका उद्देश्य स्थानीय समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन कर व्यावहारिक समाधान खोजना है। बीएसए शैलेष कुमार ने पत्र जारी कर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं विज्ञान शिक्षकों से विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने की अपील की है। उन्होंने बच्चों को मौलिक विचारों पर आधारित परियोजनाएं तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

केंद्र व्यवस्थापकों और कक्ष निरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा -2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अनुज मलिक के निर्देश पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा जनपद के परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों सहित परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए परीक्षा संचालन से जुड़े प्रत्येक बिंदु को समझाया गया। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें, जिससे परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन एवं अन्य आईटी गैजेट्स ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त स्टाफ तथा बिजली, पानी और जनरेटर जैसी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्मिकों को पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने तथा आयोग की गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य कक्षक्ष-2026 परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है।

निर्वाचन से संबंधित किसी भी समस्या या सूचना पर त्वरित कार्रवाई करें-जिलाधिकारी

बस्ती। जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टरवार तैनात सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी श्रीमतीकृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन संबंधी दायित्वों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को उनके दायित्वों, क्षेत्रीय भ्रमण, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन के दौरान प्रशासन एवं पुलिस के बीच समन्वय बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए



जाने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए समय से उसका निराकरण सुनिश्चित कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों और निर्वाचन संबंधी निर्देशों का गंभीरता से अध्ययन करें तथा अपने क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां पूरी रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी समस्या या सूचना पर त्वरित कार्रवाई करें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सुश्री मानसी दहिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह, नौषीन, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रदुम्न कुमार, अहमद फरीद खान, हिमांषु कुमार, उमाकान्त तिवारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

यूपी में होगा आठवां सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो, भोजपुरी सितारों से सजेगा मंच

बस्ती। भोजपुरी सिनेमा के प्रतिष्ठित आयोजनों में शामिल सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आठवां संस्करण इस बार उत्तर प्रदेश में आयोजित होगा। भोजपुरी फिल्म जगत के कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों, गायकों और तकनीशियनों को सम्मानित करने वाले इस आयोजन को लेकर युवा चेतना पुस्तकालय, मिश्रौलिया में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर सरस सलिल पत्रिका के इंचार्ज एडिटर भानु प्रकाश राणा ने बताया कि आठवें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस बार उत्तर प्रदेश में भोजपुरी सिनेमा की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने और उनके योगदान को सम्मानित करने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का सफर बस्ती से शुरू हुआ था। इसके बाद इस आयोजन ने अलग-अलग शहरों में अपनी पहचान बनाई। सातवें संस्करण का आयोजन 15 मार्च 2026 को बिहार की राजधानी



पटना के बापू सभागार में हुआ था। अब आठवें संस्करण के लिए उत्तर प्रदेश का चयन भोजपुरी सिनेमा और पूर्वांचल की सांस्कृतिक पहचान को नया मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।अवॉर्ड के मुख्य संयोजन दिल्ली प्रेस प्रतिनिधि बृहस्पति कुमार पाण्डेय ने बताया बताया कि सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स के माध्यम से भोजपुरी फिल्म उद्योग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित किया जाता है। यह आयोजन न केवल स्थापित कलाकारों के काम को पहचान देता है, बल्कि भोजपुरी सिनेमा से जुड़ी नई प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। भोजपुरी भाषा, लोकसंस्कृति और सामाजिक जीवन को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहन देना इस आयोजन की प्रमुख विशेषताओं में शामिल है।उन्होंने बताया कि अब तक इस अवॉर्ड से भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकारों को सम्मानित किया जा चुका है।

इनमें दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अरविंद अकेला 'कल्लू', समर सिंह, प्रदीप पांडेय 'चिंटू', आम्रपाली दुबे, अंजना सिंह, रक्षा गुप्ता, संजय पांडेय, आर्यन बाबू, अपर्णा मलिक, के के गोस्वामी, संजना पाण्डेय, कुणाल सिंह, रिचा दीक्षित, देव सिंह, मनोज सिंह 'टाइगर', 'बतासा चाचा' और 'ढेला बाबा', अनूप अरोड़ा, के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनके अलावा सीपी भट्ट सहित भोजपुरी फिल्म जगत की सैकड़ो प्रमुख हस्तियां भी इस अवॉर्ड से सम्मानित हो चुकी हैं।

कांग्रेसियों ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

हर्रैया(बस्ती)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के



नेतृत्व में केंद्र सरकार व चुनाव आयोग के द्वारा कथित वोट चोरी के खिलाफ शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हर्रैया के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में तहसील मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार चुनाव आयोग का उपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। हम सभी कांग्रेस जन संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करते रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान संविधान बचाओ देश बचाओ वोट वोट चोर गद्दी छोड़ ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो वोट हमारा शासन तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा लोकतंत्र की हत्या बंद करो आदि जोरदार नारे लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की इस्तीफे की मांग किया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य नर्वदेश्वर शुक्ला, संदीप श्रीवास्तव, सर्वेश शुक्ला, राहुल चौधरी, कर्नल अभय कुमार सिंह, लबोनी सिंह, राकेशमणि त्रिपाठी, डॉ आलोक रंजन वर्मा, रामपूरन चौधरी, रामबाबू, देवी प्रसाद पांडेय, राणा प्रताप सिंह, घनश्याम शुक्ला, गोपाल गणेश पांडेय, अब्दुल सलाम एडवोकेट, मोहम्मद कमाल एडवोकेट, राममणि शुक्ला, राम भजो तिवारी, कन्हैया कुमार यादव, सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया।

डांडिया, देवी गीतों पर उमड़ी आस्था

बस्ती। दुर्गा पूजा समारोह की ऋखंला में नृत्य धाम के संस्थापक मास्टर शिव के संयोजन में जिला अस्पताल के निकट स्थित



जे.पी.लान के परिसर में शक्ति रास उत्सव महारास का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में धुन्ची, कुला, गरबा, मोरपंखी, डांडिया की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया।विभिन्न प्रस्तुतियों में अभिषेक श्रीवास्तव, शालिनी, सूरज, आदित्य, राहुल, शिवा, स्वाती, बबिता, पिंकी, ज्योति, सुधा, रजनी, राजवीर, अरहिन्त, शिवांश, शालू, मनीषा, परी, लूसी, सोनाली, सोना, माला, रोशनी आदि की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। इसी कड़ी में भजन गायक अविनाश श्रीवास्तव और साथियों ने देवी गीतों की प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। माण्डवी फाउन्डेशन की डायरेक्टर डा. सुनीता सिंह, डा. डी.के. गुप्ता ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में आशीष गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, रवि तिलकधारी, इन्द्रेश, धनुषधारी के साथ ही नृत्य धाम के अनेक पदाधिकारियों ने योगदान दिया।

अनिकेत को मिला मोमेंटो आफ आनर सम्मान

बस्ती। जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को तराशने और युवा खिलाड़ियों को पेशेवर मंच के लिए तैयार करने में जुटे कोच अनिकेत उपाध्याय को दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में 'मोमेंटो आफ आनर' से सम्मानित किया गया है। मिरर्स स्पोर्ट्स वेंचर्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक विवेक राणा ने उन्हें यह सम्मान क्रिकेट प्रशिक्षण और युवा प्रतिभाओं के विकास में योगदान के लिए प्रदान किया। समारोह में पूर्व भारतीय क्रिकेटर विजय यादव भी मौजूद रहे।शहर स्थित सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी के संचालक और विजय यादव क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर कोचिंग अनिकेत उपाध्याय पिछले 28 वर्षों से क्रिकेट कोचिंग और मार्गदर्शन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह बीसीसीआई लेवल-वन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया से प्रमाणित कोच हैं। उनके मार्गदर्शन में राहुल तेवतिया सहित रणजी ट्राफी, राज्य स्तरीय और भारतीय अंडर-19 स्तर के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।सम्मान मिलने पर अनिकेत उपाध्याय ने कहा कि उनका लक्ष्य इसके लिए वह आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों के जरिए जिले में क्रिकेट संस्कृति को मजबूत करना चाहते हैं।



बस्ती जैसे जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार कर उन्हें प्रोफेशनल क्रिकेट तक पहुंचाना है। उनके सम्मानित होने से जिले के क्रिकेट प्रेमियों और उभरते खिलाड़ियों में उत्साह है।

मन्दिर के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

विक्रमजोत, हर्रैया(बस्ती)। राम जानकी हनुमान मंदिर अमोलीपुर के संस्थापक बाबा बालक दास जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण शनिवार को मंदिर के महंत अजीत दास जी महाराज के नेतृत्व में हुआ। बताया जाता है कि इस मंदिर की स्थापना सैकड़ों वर्ष पूर्व सिद्ध संत बाबा बालक दास जी महाराज ने की थी और तभी से यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा है। प्रत्येक मंगलवार को यहाँ हजारों श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के दर्शन-पूजन को आते हैं तथा प्रतिवर्ष अगहन पूर्णिमा को विशाल मेले का आयोजन होता है। मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से मन्नत मांगने पर हनुमान जी महाराज उसे अवश्य पूर्ण करते हैं।

मंदिर के बारे में कई चमत्कारी कथाएं भी प्रचलित हैं। कहा जाता है कि जब बाबा बालक दास जी ने यज्ञ कराया था तो भंडारे के लिए घी के स्थान पर सरयू नदी से जल मंगवाया और माँ सरयू से कहा कि यज्ञ पूर्ण होने पर उतना ही घी वापस कर देंगे। वह जल घी के रूप में प्रयोग हुआ और बाद में उतना ही घी सरयू में अर्पित कर दिया गया। इसी प्रकार छप्पर के लिए लाई गई लकड़ी छोटी पड़ गई तो बाबा जी ने पूजा के बाद जल छिड़क कर कहा कि थोड़ी और बड़ी हो जाओ, तो लकड़ी बड़ी हो गई। वह लकड़ी आज भी मंदिर में सुरक्षित है। मंदिर परिसर में बाबा जी द्वारा बनवाई गई एक बावली भी है, जिसमें 27 नदियों का जल बताया जाता है। आज भी क्षेत्र के लोग शुभ कार्यों जैसे शादी-विवाह, मुंडन, कथा आदि में इस बावली के जल को ले जाते हैं। मंदिर के महंत ने बताया कि ऐसे सिद्ध महात्मा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए ईश्वर की कृपा हुई। दिनांक 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार को पूज्य सदुरुदेव धर्म सम्राट पूज्यपाद श्री महंत ज्ञान दास जी महाराज के कर



कमलों द्वारा बाबा बालक दास जी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संकट मोचन सेना महंत संजय दास महाराज, महंत संदीप दास महाराज (उज्जैनिया), महंत राम दास महाराज (इसराना) एवं पीठाधीश्वर अजीत दास महाराज के साथ ही तमाम साधु-संत मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, पूर्व विधायक सी.ए. चंद्र प्रकाश शुक्ला, दीप चंद शुक्ला, लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष मनीष यादव, अशोक सिंह, चंद्रभूषण पाण्डेय, तेज बहादुर सिंह, बलराम सिंह, सम्पत यादव, अमित यादव, दिनेश चंद्र शुक्ला, सीताराम पाण्डेय, बृजेश कुमार पाण्डेय, संजय सिंह, रणजीत सिंह, उदयभान सिंह, भानु प्रताप सिंह, सूरज सिंह, अजीत सिंह, रघुनायक शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, विजय कुमार पाण्डेय, श्याम शंकर पाल, मुन्ना यज्ञेश पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।सुरक्षा व्यवस्था में विक्रमजोत पुलिस चौकी इंचार्ज सभाजीत मिश्रा दलबल के साथ मुस्तैद रहे। कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बैरिहवा-गौर मार्ग पर निर्माण की सुस्ती, धूल और गिट्टी से लोग परेशान

जलेबीगंज, हर्रैया(बस्ती)। बैरिहवा-गौर सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी डालने



के बाद काम धीमी गति से आगे बढ़ने के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बिखरी गिट्टी से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है, वहीं धूल उड़ने से आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण शुरू होने के बाद उम्मीद थी कि जल्द ही बेहतर और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते परेशानी बढ़ गई है। सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ रहा है।विशेषकर बाइक और स्कूटी सवारों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पैदल राहगीरों को भी गिट्टी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी बिछाए जाने और धूल उड़ने से आसपास के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में तेजी नहीं आने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में सड़क का निर्माण जल्द पूरा होना जरूरी है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने और सड़क को जल्द पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने निर्माण सामग्री को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने की भी मांग की, जिससे लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

देव फाउण्डेशन के स्थापना दिवस पर सम्मानित हुई विभूतियां, योगदान पर विमर्श

बस्ती। समाज के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देव फाउण्डेशन द्वारा 8 वें



स्थापना दिवस पर ब्लाक रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में संस्थापक रामजी पाण्डेय के संयोजन में विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में सामाजिक सरोकारों को लेकर विमर्श में वक्ताओं ने समाजसेवा के विभिन्न विन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि छोटी छावनी के महन्थ कमल नयन दास जी महाराज ने कहा कि समाजसेवा मनुष्य का स्वभाव है। लोककल्याण के उद्देश्य से देव फाउण्डेशन के योगदान की सराहना करते हुये महन्थ कमल नयन ने कहा कि समाजसेवा के भाव को निरन्तर विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता, प्रशासन, राष्ट्रसेवा और सामाजिक कार्यों से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया।राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कर्नल के.सी. मिश्रा, सेवानिवृत्त सेल टैक्स कमिश्नर कमलापति त्रिपाठी को 'बस्ती भूषण' सम्मान प्रदान किया गया।

चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए डा. डी.के. गुप्ता, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं राजन डिग्री कॉलेज के निदेशक राकेश चतुर्वेदी, समाजसेवी राजन गुप्ता, डा. ओमप्रकाश आर्या प्राचार्य डा. वीरेंद्र श्रीवास्तव को 'बस्ती गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया।देव फाउंडेशन के संस्थापक राम जी पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि समाज के लिए समर्पित लोगों को सम्मानित करने से दूसरों को भी जनसेवा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरणा मिलती है।

संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।आयोजन में निर्णायक मण्डल के सदस्यों डा. वीरेंद्र त्रिपाठी, डा. डी.के. गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, संजय द्विवेदी , पंकज गोस्वामी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक सरोकारों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

नि:शुल्क बोरिंग योजना में वित्तीय अनियमितता का आरोप: कार्रवाई की मांग

बस्ती। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष रितिक कुमार ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क उथले नलकूप बोरिंग योजना में कथित वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । उन्होंने लघु सिंचाई विभाग में तैनात सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई ई. गरिमा द्विवेदी, बोरिंग टेक्नीशियन घनश्याम शुक्ला और बोरिंग टेक्नीशियन सुभाष पाण्डेय के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। चेतावनी दिया कि मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।जिलाध्यक्ष रितिक कुमार ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री नि:शुल्क उथले नलकूप बोरिंग योजना के तहत कई वर्षों से वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं। शिकायत के अनुसार, बोरिंग टेक्नीशियन घनश्याम शुक्ला और बोरिंग टेक्नीशियन सुभाष पाण्डेय पर योजना के कार्यों में अनियमितता बरतने और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग में



संलिप्त होने के आरोप हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों के नाम पर सामान्य वर्ग के लिए 15,600 रुपये और अनुसूचित वर्ग के लिए 19,600 रुपये की धनराशि आवंटित किए जाने के बावजूद कुछ मामलों में वास्तविक बोरिंग कार्य कराए बिना भुगतान किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि किसानों के खातों में धनराशि भेजने के बजाय कथित तौर पर कुछ फर्मों के खातों में भुगतान कराकर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है।ज्ञापन में बोरिंग टेक्नीशियन घनश्याम शुक्ला की जनपद में दस वर्षों से अधिक समय से तैनाती का उल्लेख करते हुए उनके कार्यकाल की जांच कराने की मांग की गई है। वहीं, बोरिंग टेक्नीशियन सुभाष पाण्डेय के कार्यों की भी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि योजना के तहत कराए गए कार्यों, लाभार्थियों को मिले सामान और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच होने पर कथित अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।रितिक कुमार ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि पूरे मामले की पारदर्शी तरीके से जांच कराने के लिए उच्चस्तरीय टीम गठित की जाए। जांच में शिकायतकर्ता को भी शामिल किया जाए, ताकि आरोपों की निष्पक्षता से पड़ताल हो सके। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों के कार्यकाल के दौरान हुए भुगतान, बोरिंग कार्यों और सरकारी धन के इस्तेमाल का लेखा-जोखा जांचने की मांग की है।

बिछड़े मिले, खोया पाया शिविर का उद्घाटन

बस्ती ।कम्पनीबाग के निकट ' बिछड़े मिले, खोया पाया' शिविर का उद्घाटन सीओ सदर मानसी दहिया और डा. वी.के. वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर का आयोजन समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में किया गया है। मानसी दहिया ने इसे एक अच्छी पहल बताया। कहा कि कि दुर्गा पूजा मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 'खोया पाया' शिविर से मेले में बिछड़े लोग अपने परिजनों और बच्चों को आसानी से ढूंढ सकेंगे।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी.के. वर्मा ने बस्ती में पूर्णिमा के दिन देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की पुरानी परंपरा का उल्लेख किया और पर्वों को खुशी से मनाने की बात कही। उन्होंने जय प्रकाश गोस्वामी के शिविर संचालन को एक अच्छी पहल बताया, जिससे बिछड़े लोगों को अपनों से मिलाना आसान हो जाता है।भाजपा अमरेन्द्र कुमार शिल्लू ने 'खोया पाया' शिविर की निरंतर आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा पिछले 35 वर्षों से इसका अनवरत संचालन एक उपलब्धि है और बिछड़ों को मिलाना एक पुनीत कार्य है।शिविर संचालक जय प्रकाश गोस्वामी ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएं, शिविर का संचालन जारी रहेगा। उन्होंने किसी के खोए हुए बच्चे को उसके परिवार से मिलाने पर मिलने वाली खुशी का भी जिक्र किया।उद्घाटन अवसर पर कुलदीप सिंह, दीपक प्रजापति, राजीव शरण, प्रदीप कुमार सिंह, सीए अजीत चैधरी, डा. राजेश पटेल, अतुल पाण्डेय, स्वतंत्र पाण्डेय, गुड्डू पाण्डेय, विजय प्रकाश गोस्वामी, दीनदयाल तिवारी, राहुल त्रिपाठी, गौरव गोस्वामी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

धोबहट घाट पर 50 हजार मत्स्य अंगुलिकाओं का नदी में संचय

बस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नदियों में मत्स्य संपदा बढ़ाने, जलीय पर्यावरण संरक्षण और मछुआ समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल के तहत शनिवार को टाण्डा पुल के समीप सरयू/घाघरा नदी के धोबहट घाट पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप 50 हजार उन्नत देशी मत्स्य अंगुलिकाओं का नदी में संचय किया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हर्रैया के प्रतिनिधि सरोज मिश्रा, उप



निदेशक मत्स्य राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण संदीप कुमार वर्मा ,उप प्रबंधक मत्स्य शिवाजी कन्नौजिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक निषाद, दीपू निषाद, धर्मराज निषाद, पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम सभा के प्रशासक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मछुआ समुदाय के लोगों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण संदीप कुमार व ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नदियों में मत्स्य संपदा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से वर्ष 2020-21 में 12 जनपदों में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम की शुरुआत की थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना का विस्तार प्रदेश के सभी जनपदों की स्थानीय नदियों तक किया गया है। इसका उद्देश्य नदियों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर विकसित करना है।

वक्ताओं ने कहा कि सरयू नदी और उसकी सहायक जलधाराओं में रोहू, कतला और नैन जैसी प्रमुख देशी मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने रिवर रैंचिंग पहल की सराहना करते हुए इसे पारंपरिक मछुआ समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने तथा लोगों को पौष्टिक प्रोटीनयुक्त आहार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम का संचालन मत्स्य निरीक्षक विजय मिश्रा द्वारा किया गया

बिहार समाचार

सीवान में विस्फोट के बाद कई घरों से मिले भारी मात्रा में बारूद

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। सीवान में शुक्रवार को पटाखा बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट ने एक हंसते -खेलते परिवार को कुछ मिनट में उजाड़ दिया। वर्षों की मेहनत से बनाया गया मकान चंद सेकेंड में तबाह हो गया। बड़हरिया प्रखंड के जामो थाना के अल्मापुर गांव में हुए हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। 6 लोगों की पहचान की गई। अल्लमापुर गांव रिहायशी इलाके में जिस घर में विस्फोट हुआ वहां बड़े पैमाने पर पटाखे बनाए जाते थे ।दीपावली और छठ को देखते हुए अधिक मात्रा में बारूद मंगा कर जमा किए गए थे। इस घटना के बाद प्रशासन की निगरानी और काररवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का दावा है कि करीब 10 साल पहले भी इसी घर से एक ट्रक पटाखे मिले थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि रिहायशी इलाके में बड़े पैमाने पर पटाखा बनाने और बारूद जमा करने का काम कैसे चल रहा था। यदि पटाखा बनाने का काम बिना अनुमति के हो रहा था तो समय रहते इसकी जानकारी क्यों नहीं जुटा गई और इसके बंद क्यों नहीं कराया गया? जब इलाके के लोगों को कथित तौर पर इस गतिविधि की जानकारी थी, तो पुलिस और प्रशासन को इसकी भनक क्यों नहीं लगी। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते काररवाई की गई होती तो शायद इस बड़ी त्रासदी को रोका जा सकता था ।फिलहाल प्रशासन ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। विस्फोट के कारणों ,बारूद के भंडारण और पटाखा निर्माण से जुड़ी अनुमति के पहलुओं की जांच के बाद घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। विस्फोट में मरने वाले एक ही परिवार के पांच सदस्य और दो मजदूर शामिल हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो सकी है। इसमें अमारुद्दीन 62 वर्ष, उनकी पोतिया मुस्कान 22 वर्ष ,खुशबू 21 वर्ष और इशरत 18 वर्ष शामिल है। इनके अलावा पड़ोसी फिरोज का बेटा अरशद 8 वर्ष और मजदूर राजकुमार सिंह उर्फ भोला सिंह की पहचान हुई है। शवो के टुकड़ों के जोड़ने के बाद इन 6 मृतकों की शिनाख्त हुई है ।

डालमियानगर में स्वर्ण आभूषण कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष ने की बैठक

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। डालमियानगर थाना क्षेत्र में स्वर्ण आभूषण कारोबारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी समस्याओं को जानने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष उमुश सलमा ने थाना परिसर में व्यवसायियों के साथ बैठक की।बैठक में क्षेत्र के कई स्वर्ण आभूषण कारोबारी शामिल हुए। इस दौरान दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अप्रिय घटनाओं से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई।थानाध्यक्ष ने व्यवसायियों से अपील की कि सभी दुकानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाएं, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति चेहरा ढककर दुकान में प्रवेश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए सुरक्षा के प्रति लापरवाही न बरतें। पुलिस और व्यवसायियों के बीच बेहतर समन्वय से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

अवतार चेतना के विकास का प्रतीक है-आलोक पाण्डेय

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। भारतीय परंपरा में वर्णित दस अवतार केवल पौराणिक कथाएं नहीं, बल्कि चेतना के क्रमिक विकास के सोपान हैं। यह बात श्रीअरविंद आश्रम पुदुचेरी के वरिष्ठ साधक डॉ. आलोक पाण्डेय ने कही। वे यहां एक होटल सभागार में श्रीअरविंद सोसायटी हिंदी क्षेत्रीय समिति के 24वें वार्षिक सम्मेलन में 'श्रीअरविंद के आलोक में अवतारवाद' विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परशुराम, राम और कृष्ण मानव चेतना में नैतिकता, मर्यादा और प्रेम का पूर्ण विकास हैं। गीता का 'संभवामि युगे युगे' कोई चमत्कार नहीं, बल्कि आश्वासन है कि ईश्वरीय चेतना मनुष्य को अकेला नहीं छोड़ती। कल्कि अवतार भविष्य का प्रतीक है जो मानव को अतिमानव की ओर ले जाएगा।बिहार राज्य समिति के अध्यक्ष नारायण लाल दास ने कहा कि आज विश्व के पर्यावरण, युद्ध और तनाव जैसे संकटों का समाधान चेतना के रूपांतरण में है। दिल्ली आश्रम से आई डॉ. अपर्णा राय ने कहा कि श्रीअरविंद का योग समग्र योग है।हिंदी क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अमोद कुमार ने संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सचिव अरुण व्यास ने आभार जताया और संचालन स्वागत अध्यक्ष डॉ. संगीता सिंह ने किया।

ऑटो और ई-रिक्शामें टक्कर, दिव्यांग की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। चेनारी-शिवसागर पथ पर बरताली पेट्रोल पंप के समीप बीते रात ऑटो और ई-रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।मृतक की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के ताड़ी गांव निवासी अवधेश कुमार बिंद (45), पिता राम इकबाल बिंद के रूप में हुई है। घायलों में संजय बिंद, गोलू बिंद, विजय बिंद और ई-रिक्शा चालक विजय शंकर मिश्रा शामिल हैं। चालक पितामबरपुर गांव का रहने वाला है।मृतक के भाई किशोर प्रसाद ने बताया कि परिवार कैमूर में सगाई समारोह से लौट रहा था। तभी बरताली के पास हादसा हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा सवार सभी सड़क पर गिर पड़े।स्थानीय लोगों ने सभी को सीएचसी चेनारी पहुंचाया। डॉ. प्रिया शंकर ने बताया कि अवधेश की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। अन्य का प्राथमिक उपचार किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक विजय शंकर मिश्रा को सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

शादी का झांसा देकर ठगी करने वाली तीन महिला गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। शादी का झाँसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश। इस घटना में शामिल नोखा निवासी ददन राम की पत्नी सीता देवी, मेराज फारुकी की पत्नी गुलबशा खातून तथा सासाराम नगर थाना के बौलिया-रोड निवासी गोरख चौधरी की पत्नी गुड़िया देवी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए काला मोती से बना एक पीले रंग का मंगलसूत्र,चाँदी के रंग का दो पायल तथा एक मोबाइल बरामद किया है। इसकी पुष्टि करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 विप्लव कुमार ने बताया है कि इस गिरोह की और आपराधिक घटनाओं को खंगाला जा रहा है। इस दिशा में पुलिस की अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

पेरिस में यूपी के खाद्य उत्पादों की धूम,15 देशों के खरीदारों से संपर्क,खुले निवेश के रास्ते

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी सियाल पेरिस 2026 में प्रदेश के उद्यमियों को विदेशी खरीदारों से जुड़ने और निवेश के नए अवसर तलाशने का मंच मिला है। बरेली की ग्रोवर फूड्स के आलू प्रसंस्कृत उत्पादों की यूरोपीय खरीदारों ने सराहना की है। कंपनी के अनुसार 15 नए देशों के संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित हुआ है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर प्रदेश में निर्मित खाद्य उत्पादों का अवलोकन किया तथा विभिन्न उत्पादों का स्वाद भी चखा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता और संभावनाओं में रुचि दिखाई। भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।श्री मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य किसानों की उपज को बेहतर बाजार, उद्यमियों को कारोबार के अवसर और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश की भागीदारी से निवेश और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा और सुचारु संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता-योगी

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस तंत्र को सक्रिय रखते हुए परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पीईटी-2026 का आयोजन 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को कुल छह पालियों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रदेश के 60 जनपदों में



1,372 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 35,41,297 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली में 5,90,217 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। आगरा, अलीगढ़, झांसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद और प्रयागराज सहित नौ जनपदों में प्रत्येक पाली में 15 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग मुख्यालय में कमांड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की कैमरों के जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती और संबंधित कार्मिकों का समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, होटलों, धर्मशालाओं और रैन बसेरों पर अभ्यर्थियों, विशेषकर महिला अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा न हो। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों और ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोग स्तर पर डीजी रेलवे और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की जा चुकी है। परीक्षा की तिथियों में सभी केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

अफजालकी बिगड़ी तबीयत, आईसीयू में भर्ती

लखनऊ (आससे)। गाजीपुर से सपा सांसद अफ्जाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया अफ्जाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया। जांच में पता चला कि उनके पैंक्रियास (अग्न्याशय) में सूजन है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फ्लिहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी देखभाल में लगी हैं। इससे पहले परिजनों ने बताया कि अफ्जाल लंबे समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह गले में खराश, सर्दी की समस्या थी। इस बीच, घी और गुड़ का घरेलू नुस्खा अपना लिया।

रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध-आराधना मिश्रा

लखनऊ (आससे)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रतापगढ़ और विशेष रूप से रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध है। मेरे परिवार ने इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। मैं अपनी अंतिम सांस तक इस क्षेत्र के विकास और जनता के सम्मान के लिए आजीवन समर्पित रहूंगी। ये जमीन हमारे खून पसीने से सिंचित है और हमेशा हमारा खून पसीना जनता के लिए समर्पित है उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में बनने जा रही है हम सब मिलकर नफरत को मिटा देंगे। यह बातें उन्होने शनिवार को अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास पहुंचने पर व्यक्त कीं। लखनऊ से प्रतापगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत हुआ। जगह-जगह मोटरसाइकिल रैलियों, कार जुलूसों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों में भारी उत्साह दिखा।

चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं में देशभर के लोग दिखा सकेंगे हुनर

दो नवंबर तक जमा होंगी प्रविष्टियां

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार दीपोत्सव2026 में अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक वैभव और बदलते स्वरूप को रंगों व रचनात्मकता के जरिए दुनिया के सामने लाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से देशभर के कला प्रेमी और रचनात्मक प्रतिभाएं रामनगरी की परंपराओं, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों और दीपोत्सव की भव्यता को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर सकेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। विजेताओं को दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या भारत की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत के प्रतीक रूप में स्थापित हुआ है। दीपोत्सव-2026 के अंतर्गत चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिता युवाओं व रचनात्मक प्रतिभाओं को अयोध्या के बदलते स्वरूप, विकास की गाथा और सनातन संस्कृति की भव्यता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा जन-जन तक पहुंचे तथा वैश्विक पटल पर इसकी पहचान और अधिक सुदृढ़ हो।चित्रकला प्रतियोगिता की थीम श्कला के माध्यम से अयोध्या का उत्सवश् रखी गई है। इसमें प्रतिभागियों को जलरंग माध्यम से मौलिक पेंटिंग तैयार करनी होगी। कलाकृति में अयोध्या की विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों, विकास की नई तस्वीर या दीपोत्सव की भव्यता को दर्शाया जा सकता है। चित्र स्वयं तैयार किया गया हो और सार्वजनिक प्रदर्शन के अनुकूल होना चाहिए।

फिलीपीनमें प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दो सैन्य विमान टकराये, चार पायलट की मौत

मनीला (एजेंसी)। फिलीपीन की वायुसेना के दो विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आपस में टकराने के बाद मनीला के दक्षिण में स्थित एक एयर बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गये, जिसमें सवार सभी चार पायलट की मौत हो गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो एसएफ-260 विमान शुक्रवार अपराह्न कम ऊंचाई पर उड़ान भरते समय आपस में टकरा गये और राजधानी के दक्षिण में तटीय प्रांत बाटांगस के लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। उन्होंने बताया कि एयर बेस पर कोई घायल नहीं हुआ है। वायुसेना ने इस हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है और इसे एक दुर्घटना बताया है। घटना की जानकारी रखने वाले फिलीपीन के दो अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि दोनों विमानों की हवा में ही टक्कर हो गयी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दो सीट वाला एक विमान एयर बेस में सैन्यकर्मियों के बैरक के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर पड़ा। वायुसेना ने कहा कि जांच जारी रहने तक इटली से खरीदे गए उसके शेष सभी एसएफ-260 विमानों की उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गयी है। वायुसेना ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उसके पास कितने एसएफ-260 विमान शेष हैं। यह दुर्घटना पर्याप्त बजट की कमी से जूझ रही फिलीपीन सेना के लिए एक बड़ा झटका है।

नोएडा : दुकानोंमें फटे कई एलपीजी सिलिंडर, हड़कंप

नोएडा (आससे)। नोएडा में एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर दुकानों में शनिवार को 4 से 5 एलपीजी सिलिंडरों में विस्फोट होने की सूचना मिली है। इस घटना के कारण कई दुकानें आग की चपेट में आ गईं और मौके पर हड़कंप मच गया। हादसा इतना भयानक था कि एक के बाद एक कई सिलेंडरों में जोरदार धमाके हुए। जिससे स्थानीय लोगों और छात्रों में दहशत फैल गयी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दमकलकर्मी की टीम पहुंच गयी और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। सिलिंडरों में विस्फोट के कारण हुए इस हादसे से अफरा-तफरी का माहौल है। धमाके के बाद आग लगने से आसमान में काल धुएं के काले गुबार छा गया। पुलिस के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के बाहर कई दुकानें हैं, वहां सिलिंडर फटने से आग लगी है।

मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम सम्मिलित करने के लिए विशेष अभियान

लखनऊ (आससे)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार बनने वाले युवाओं के नाम सम्मिलित करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को प्रदेश के मतदेय स्थलों पर मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म-6 भरवाए गए।इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं विधानसभा क्षेत्र 173 लखनऊ पूर्व के मॉडर्न एकेडमी विरामखंड एवं सेंट जॉन वास्को विवेकखंड, गोमती नगर तथा विधानसभा क्षेत्र 169-बक्शी का तालाब के दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमतीनगर विस्तार मतदेय स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण किया गया। जनपदों में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर पर्यवेक्षण किया गया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पर्यवेक्षण के दौरान बूथ पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी एवं आये हुए नागरिकों से संवाद भी किया गया। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का आकलन किया गया। बीएलओ मतदाता सूची एवं पूरक सूची तथा पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 के साथ निर्धारित समय पर बूथों पर उपस्थित रहें। मतदेय स्थल पर आ रहे पात्र नागरिकों, जिनका नाम किन्हीं कारणों से सूची में अभी तक शामिल नहीं हो सका है, उनका फार्म-6 भरवा कर आवेदन कराया जाए।उन्होंने बताया कि विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोग इस दिशा में निरंतर सक्रिय प्रयास कर रहा है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग इस कार्य में आवश्यक है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी पात्र नागरिक अपना और परिवार के सदस्यों का नाम अपने संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अवश्य जांचें। यदि नाम सम्मिलित न हो तो फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें।

ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर से किया दावा

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में मध्यावधि चुनाव की एक रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को भारी शुल्क लगाने की धमकी देकर दोनों देशों के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष को रुकवाया था। भारत ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद सात मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। ट्रंप ने संबोधित करते हुए पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को बढ़ने से रोकने का फिर से श्रेय लिया। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को चेतावनी दी थी कि यदि लड़ाई जारी रही तो उन पर भारी शुल्क लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों से लैस दोनों देश गुस्से में थे, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी। ट्रंप ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 विमान मार गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा आप भारत और पाकिस्तान, दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों को रोकते हैं... मैंने कहा, 'दोस्तो, अगर आप ऐसा करने जा रहे हैं, तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे... मैं आप दोनों पर 250 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगा दूंगा, ताकि आप कोई कारोबार न कर सकें।' उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान बहुत परेशान और गुस्से में थे, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी और संघर्ष समाप्त हो गया। ट्रंप ने कहा 11 विमान मार गिराए गए थे। मैंने इन सभी युद्धों को रुकवाया और ऐसा करना वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है...। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रयास में उन्हें संयुक्त राष्ट्र से कोई मदद नहीं मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा मैंने संयुक्त राष्ट्र को एक फोन तक नहीं किया। लेकिन हमने इन सभी युद्धों को रुकवा दिया तथा कुछ और युद्ध बाकी हैं। जब मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहा था, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि इतने सारे युद्ध हो रहे हैं।

पृष्ठ एक का शेष

डीपफेक...

विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया करीब 100 एकड़ की जिस जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था। उस समय पुलिस भी इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। वर्ष 2017 में पुलिस अधिकारियों से इसकी जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई और भू-माफिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। दूसरी प्राथमिकी दर्ज होते ही उसने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले लखनऊ में साइबर फॉरेंसिक और क्वांटम तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा करना भी सपने जैसा लगता था। आज उसी जमीन पर बना संस्थान प्रदेश में वैज्ञानिक जांच, आधुनिक अपराध अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए मुख्यमंत्री ने लोकप्रिय टीवी सीरियल सीआईडी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पहले लोग टेलीविजन पर देखते थे कि एक बाल या फिंगरप्रिंट के आधार पर अपराधी तक कैसे पहुंचा जाता है, लेकिन अब फॉरेंसिक विज्ञान और आधुनिक तकनीक की मदद से ऐसी जांच वास्तविक जीवन में संभव हो रही है। न्याय मिलने में देरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक माफिया के मामले का जिक्र किया, जिसने वर्ष 1980 में पहला अपराध किया था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव और डीएनए नमूने नष्ट होने के कारण उसे वर्ष 2022 में, यानी 42 साल बाद सजा मिल सकी। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण बताता है कि अपराध की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्य कितने महत्त्वपूर्ण हैं और समय पर साक्ष्य जुटाना न्याय प्रक्रिया के लिए क्यों जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी 18 पुलिस रेंज में फॉरेंसिक लैब विकसित की जा रही हैं, जिनमें से 12 लैब तैयार हो चुकी हैं, जबकि छह अन्य अंतिम चरण में हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इसके अतिरिक्त 150 से अधिक फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं, जिससे घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने और जांच को गति देने में मदद मिलेगी, जिसका उद्देश्य है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचना मजबूत हो और न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी कम हो।

कम्प्यूटर सहायक...

दिया गया है।प्रकरण में दोषी पाये गए मतदाता पंजीकरण केन्द्र के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाते हुए उनकी सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण के लिए जिम्मेवार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों, तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने से पूर्व नोटिस दिए जाने के निर्देश दिये गये हैं। मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं पर्यवेक्षण में शिथिलता बरतने के लिए तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु आरोप पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आजमगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की भी इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर विस्तृत आख्या एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ को दिये गये हैं।

पीएम आज...

रहेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नमो घाट पहुंचकर भारतीय वायुसेना के 'एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026' का रोमांच देखेंगे। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर होने वाला यह हवाई प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। गंगा के ऊपर आसमान में लड़ाकू विमानों और वायुसेना के जांबाजों का प्रदर्शन काशी के लिए खास आकर्षण होगा।वाराणसी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री भुवनेश्वर जाएंगे, जहां भारतीय रिजर्व बैंक के नवनिर्मित डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। इन सुविधाओं का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र की तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ साइबर सुरक्षा को और मजबूत करना है।

जदयू विधायक...

कार्रवाई की जानकारी दी गयी है। जदयू के पत्र के मुताबिक, अनंत कुमार सिंह ने पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की। उन पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया है। पार्टी ने इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता मानते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। पत्र में कहा गया है कि हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में अनंत सिंह ने पार्टी के उम्मीदवार के विरुद्ध काम किया और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार किया। इसी को कार्रवाई का प्रमुख आधार बताया गया है।

गठबन्धनमें उलझा...

में पिछले चुनाव सपा ने तीन और भाजपा ने दो सीटें जीती थीं। रायबरेली की पांच में चार सपा के पाले में और एक भाजपा के पाले में थीं। सपा ने पहले से तय किया है कि उसके साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थामने वाले बागी विधायकों को वह खुद हरायेगी। इनमें ऊंचाहार से जीते मनोज पांडेय जो योगी सरकार में मंत्री हैं, खास तौर पर सपा के निशाने पर हैं। राकेश प्रताप सिंह अमेठी से पिछली बार सपा से जीते थे। वह भी भाजपा में जा चुके हैं। सपा ने यह सीटें देने से इन्कार का संदेशा भिजवा दिया है। कांग्रेस ने एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली के लिए ताकत झोंक दी है और इसमें इंडिया ब्लाक के सभी नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। विपक्षी राजनीति में अगुवा की भूमिका में अब रैली के जरिये इंडिया ब्लॉक की एकजुटता का संदेश तो भाजपा को दिया जायेगा ही साथ छुपा हुआ संदेश यूपी चुनाव के लिए भी होगा। इससे अपने पक्ष में माहौल बना कर सपा से अधिक से अधिक सीटें लेने का दबाव बनाया जा सके।

वांदीपोरामें...

भीतर से समन्वय, गुप्त बैठकों और अलगाववादी विचारधारा के प्रचार के लिए कथित गतिविधियों के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का भी पता चला है। इस मामले में बांदीपोरा पुलिस थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मुबीना बानो, खुशबू जान, महक जान और आलिया जान के रूप में हुई है। ये सभी बांदीपोरा जिले की निवासी हैं। वहीं, गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों की पहचान कुपवाड़ा निवासी वहीद अहमद भट और इरफान अहमद रेशी उर्फ रईस के रूप में हुई है।

फारुखने गाया...

समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। ये भारत में रहते हैं और पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। क्या पाकिस्तान की वजह से कश्मीर सुरक्षित है या भारत की ताकत के दम पर पाकिस्तान को दिखाने से कश्मीर सुरक्षित है? अगर उनका यह बयान है, तो इससे बड़ा देशद्रोह कोई नहीं है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान को बातचीत में शामिल नहीं किया जायेगा, जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आ सकती। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले की भी आलोचना की थी।

सोनियाने किया...

धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। उन्होंने राजीव गांधी को आकर्षक और सौम्य व्यक्तित्व वाला इंसान बताते हुए कहा कि पहली मुलाकात की याद उनके मन में आज भी ताजा है। सोनिया गांधी ने कहा कि वह 10 नवंबर को अपनी और राजीव गांधी की प्रेम कहानी से जुड़ी यादें पाठकों के साथ साझा करेंगी।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 25 अक्टूबर 2026

- **मेष-** आज रात्रि 7/22 बजे तक मानसिक अशांति, तत्पश्चात् इच्छाशक्ति जागृत, धनलाभ।
- **वृषभ-** आज रात्रि 7/22 बजे तक कार्य बनने से खुशी, तदुपरान्त बाधा, द्रव्य की क्षति, अशांति।
- **मिथुन-** पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण की भावना, कार्य प्रगति पर, विवाद का समापन।
- **कर्क-** सामाजिक कृत्यों में रुचि, सुख के साधन सुलभ, विवाद का समापन, लाभ भी।
- **सिंह-** आज रात्रि 7/22 बजे तक आर्थिक कठिनाइयां, तदनन्तर समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति।
- **कन्या-** आज रात्रि 7/22 बजे तक सफलता, भौतिक सुख, तत्पश्चात् आर्थिक परेशानी, कष्ट भी।
- **तुला-** परिस्थितियां सुधार पर, कार्य प्रगति पर, धर्म में रुचि, प्रभावशाली हस्तियों से संपर्क।
- **वृश्चिक-** आत्मिक शांति, विवाद का समापन, प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, कर्ज की निवृत्ति।
- **धनु-** आज रात्रि 7/22 बजे तक लाभ में कमी, तदुपरान्त समस्या का हल, मानसिक शांति।
- **मकर-** आज रात्रि 7/22 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, तदनंतर भाग्योदय में बाधा, मित्रों-परिजनों से कष्ट।
- **कुम्भ-** समय संतोषजनक, व्यक्तित्व का विकास, कुछेक समस्याएं हल, कार्य व्यवसाय में अनुकूलता।
- **मीन-** मनोवांछित सफलता, बुद्धि-चातुर्य से आर्थिक लाभ, वातावरण मनोनुकूल, विवाद का समापन।

आज है जिनका जन्मदिन — 25 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 25 का मूलांक 7 का स्वामी केतु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन उथल-पुथल और परेशानियों से परिपूर्ण रहेगा। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करेंगे। सुख-दुख लाभ-हानि आपके जीवन के साथ जुड़े रहेंगे। कभी भी संतुष्ट नहीं होंगे यही असन्तुष्टि सदैव कार्यशील रखेगी। जोखिम भरे कार्यों में अधिक रूचि लेंगे। आपके कार्यों में नयापन का समावेश रहेगा। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। अध्ययन की ओर भी झुकाव रहेगा। बहुत जल्दी उतावले हो जाया करेंगे। विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। भावुकता की स्थिति में कोई निर्णय नहीं ले पायेंगे। छोटी-छोटी समस्याओं को महत्व नहीं देंगे। आपकी याददाश्त अच्छी होग। परिवार के प्रति रूझान रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनैतिक एवं सामाजिक कृत्यों में भी संलग्न रहेंगे। नियमित रूप से देव अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में गुलाबी रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। कार्य के प्रति किसी को ठेस न पहुँचाया। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ कें केतवें नमः
- व्रत : मंगलवार
- दिन : रविवार, सोमवार एवं बुधवार
- दिनांक : 7, 16, 25
- अंक : 1, 2, 7
- मास : जनवरी, मार्च एवं अक्टूबर
- वर्ष : 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70
- रंग : गुलाबी एवं पीला
- जन्मरत्न : लहसुनिया
- उपरत्न : लाजवर्त
- जड़ी : असगंध की जड़
- दिशा : वायव्य

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर

यन्त्र

14	9	16
15	13	11
10	17	12

सुडोकू ४०९४

			5		8			
				7	6			
	1							3
			4					9
6		5		1				
8								
						8	6	
						7		
	4			2				

हल ४०९३

9	6	8	1	4	3	7	5	2
4	5	2	6	8	7	1	3	9
7	3	1	5	2	9	6	8	4
5	2	4	3	7	1	8	9	6
6	7	3	8	9	5	4	2	1
1	8	9	2	6	4	3	7	5
2	1	6	9	3	8	5	4	7
8	4	5	7	1	2	9	6	3
3	9	7	4	5	6	2	1	8

वर्मा ने लगाया जीत का तिलक

भारत ने ३००वें टी-२० मुकाबलेमें न्यूजीलैण्ड को चार विकेटसे हरा शृंखलामें ली २-० की बढ़त



क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। तिलक वर्मा (नाबाद ५१ रन) के आक्रामक अर्द्धशतक और उनकी नीतिश कुमार रेड्डी (नाबाद २६) के साथ सातवें विकेट के लिए की गयी ३० गेंद में ६९ रन की अटूट साझेदारी की बदौलत भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को यहां दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैण्ड को एक गेंद रहते चार विकेट से हरा कर अपने ३००वें टी-२० मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की और पांच मैच की शृंखला में २-० की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैण्ड ने २० ओवर में पांच विकेट पर १८० रन बनाये जिसे भारतने १९.५ ओवर में छह विकेट पर १८१ रन बना कर हासिल कर लिया। १८१ रन के लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को पहला झटका पांचवें ओवरमें जैकब डफीने संजू सैमसन (१४) को आउट करके दिया जो धीमी गेंदको जल्दी खेलकर ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गये तब टीम का स्कोर ४० रन था। स्कोर में चार रन ही जुड़े थे कि शृंखला का पहला मैच खेल रहे वैभव सूर्यवंशी (चार) को नाथन स्मिथ ने आउट कर दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर ने अभिषेक (२७), भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (सात) और अक्षर पटेल (११) के विकेट झटके। इस तरह भारतने ११वें ओवर में ७० रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद नमन धीर (३१ रन, १७ गेंद, एक चौका, तीन छक्का) और तिलक ने मिलकर २५ गेंद में ४२ रन जोड़े पर सैंटनर ने अपने अंतिम ओवर में नमन को आउट कर दिया जिससे भारत को ११२ रन छठा झटका लगा। इसके बाद तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी ने मोर्चा संभाला। तिलक ने आक्रामक तेवर के साथ २५ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। दोनोंने सातवें विकेटके लिए ३० गेंदमें ६९ रनकी अटूट साझेदारी करते हुए भारतका स्कोर १९.५ ओवरमें छह विकेटपर १८१ रन कर दिया। तिलक ने २६ गेंदमें छह चौकों और एक छक्केकी बदौलत नाबाद ५१ रनोंकी पारी खेली। वहीं नीतिश १३ गेंदोंमें एक चौके एक छक्केकी मदद से २६ रन बनाकर नाबाद लौटे। सैंटनर ने २१ रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले टास हार कर पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलनेके बाद भारतीय गेंदबाजों के शुरुआती विकेट झटकनेसे मेजबान टीम ने छठे ओवरमें ४१ रन पर तीन विकेट गंवा दिये। भारत को दूसरी ही ओवर में पहली सफलता मिली जब अर्शदीप सिंह ने टिम सिफर्ट (सात) को आउट कर दिया। इसके बाद प्रिंस यादव ने फिन एलेन को १६ रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा जबकि भुवनेश्वर कुमार ने डेरिल मिचेल (छह) का विकेट हासिल किया। एलेन के आउट होने के बाद न्यूजीलैण्ड टीम संकट में फंस गयी। अब जिम्मेदारी फिलिप्स और जैकब्स पर आ गयी। दोनों ने अहम साझेदारी करते हुए १४वें ओवरमें न्यूजीलैण्डको १०० रनके पार पहुंचाया। फिलिप्स ने ३३ गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। वहीं जैकब्स ने भी फिलिप्स का बखूबी साथ निभाया और ४० गेंद में अपना अर्द्धशतक लगाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए ६९ गेंद में १०० रन की साझेदारी की। १८वें ओवर में अर्शदीप की गेंद पर फिलिप्स की पारी समाप्त हुई जिससे ११६ रनकी साझेदारी का भी अंत हो गया। फिर कुछ ही देर बाद जैकब्स भी आउट हो गये जिन्हें नीतिश कुमार रेड्डी ने पवेलियन भेजा। इससे न्यूजीलैण्ड का स्कोर पांच विकेट पर १६५ रन हो गया। फिलिप्स ने ४३ गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से जड़ित तूफानी पारी खेली जबकि जैकब्स ने ४६ गेंद पर ५८ रन बनाये जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। अंतिम ओवरों में माइकल ब्रेसवेल ने तेज बल्लेबाजी करते हुए एक चौका और एक छक्का लगाया इससे न्यूजीलैण्ड ने आखिरी दो ओवरों में २३ रन जोड़े और पांच विकेट पर १८० रन के सम्मानजनक स्कोर के साथ अपनी पारी समाप्त की। भारत के लिए अर्शदीप सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने अपने चार ओवरों में ३३ रन देकर दो विकेट लिए। प्रिंस यादव ने ३० रन देकर और भुवनेश्वर कुमार ने ५० और नीतिश रेड्डी ने ३१ रन देकर एक-एक विकेट लिए। अक्षर पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में केवल २८ रन दिए हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

सिंधू फाइनलमें, यंग से होगी खिताबी जंग

फ्रेंच ओपन सुपर ७५०

पेरिस (एजेन्सियां)। भारतीय बैडमिण्टन स्टार पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन सुपर ७५० टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता सिंधू ने जापान की हिना अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में २१-१०, २०-२२, २१-१६ से हराया। अब खिताब के लिए उनका सामना दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-वन खिलाड़ी एन से यंग से होगा। ३१ वर्षीय सिंधू ने एक घंटे १३ मिनट तक चले मुकाबले में शानदार धैर्य और अनुभव का परिचय दिया। इस साल यह उनका दूसरा सुपर ७५० फाइनल है। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। मुकाबले की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर ४-४ और फिर ८-८ से बराबर रहा। हालांकि सिंधू ने ब्रेक तक ११-९ की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अंतिम १२ में से ११ अंक जीते और पहला गेम २१-१० से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जापान की हिना अकेची ने शानदार वापसी की। सिंधु ने पिछड़ने के बाद स्कोर ७-७ और फिर १०-१० से बराबर किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला लगातार रोमांचक बना रहा। सिंधू ने १४-१४ और १६-१६ पर बराबरी हासिल की लेकिन अकेची ने गेम प्वाइंट हासिल कर लिया। सिंधू ने २०-२० पर स्कोर बराबर करके मुकाबले में वापसी की कोशिश की लेकिन जापानी खिलाड़ी ने अगला मौका भुनाते हुए दूसरा गेम २२-२० से जीत लिया। इससे मुकाबला निर्णायक तीसरे गेम में पहुंच गया। तीसरे गेम में सिंधू ने ५-३ की बढ़त के साथ शुरुआत की लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए ६-५ से बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी लय पकड़ी और ब्रेक तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखी। अकेची ने हार नहीं मानी और शानदार नेट प्ले तथा स्मैश के दम पर स्कोर १५-१५ कर दिया। इसके बाद ३८ शाट तक चली लंबी रैली में



जापानी खिलाड़ी की नेट पर हुई गलती से सिंधू को १८-१६ की बढ़त मिल गयी। सिंधू ने इसके बाद लगातार दबाव बनाए रखा। शानदार नेट शाट के बाद उन्हें मैच जीतने के चार मौके मिले। आखिरकार क्रास-कोर्ट स्मैश लगाकर उन्होंने मुकाबला २१-१६ से जीत लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताबी मुकाबले में सिंधू के सामने दक्षिण कोरिया की शीर्ष खिलाड़ी एन से यंग होंगी। सिंधू जानती हैं कि यह चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि एन से यंग शानदार फार्म में चल रही हैं।

पोलार्ड बने मुम्बई इण्डियंस के कोच

मुम्बई (एजेन्सियां)। पांच बारकी चैम्पियन मुम्बई इण्डियंसने आईपीएल २०२७ सत्रसे पहले वेस्टइण्डीजके पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्डको टीम का मुख्य कोच बनाया है जो महेला जयवर्द्धने की जगह लेंगे। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीमके बल्लेबाजी कोच थे। मुम्बई इण्डियंसने कहा यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुम्बई इण्डियंसकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओंके विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करनेके लिये काम करते रहेंगे। उनका नेतृत्व मुम्बई इण्डियंस के सबसे सफल वर्षोंका हिस्सा रहनेके अनुभवपर आधारित होगा और साथ ही इसमें टीमके अगले अध्यायको आकार देनेकी महत्वाकांक्षा भी शामिल होगी। पोलार्डने कहा मुम्बई इण्डियंस मेरे जीवन और करियरका बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पल्टनके साथ मेरा लगाव मेरे लिये काफी मायने रखता है। एक खिलाड़ी और एक कोचके तौरपर सफरका अनुभव करनेके बाद मैं समझ गया हूं कि मुम्बई इण्डियंस क्या है और उसके साथ जुड़नेकी जिम्मेदारियां क्या है।

आदित्य ने तीसरा पदक पक्का किया

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। आदित्य ने शनिवार को मोंटेनेग्रो के बुडवा में जारी विश्व बाक्सिंग अंडर-१९ चैम्पियनशिप में इटली के तोमासो ओरलैंडो को हराकर पुरुषों के ५५ किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही वह इस प्रतियोगिता में पदक पक्का करने वाले भारत के पहले पुरुष मुक्केबाज बन गये। आदित्य ने ओरलैंडो के खिलाफ ५-० से सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनका सामना अजरबेजान के निहात गासिमोव से होगा। इससे पहले मेघा श्योकंद (महिला ८० किलोग्राम) और प्राची टोकस (महिला ५७ किलोग्राम) भी अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इस तरह इन दोनों खिलाड़ियों ने भी भारत के लिए पदक सुनिश्चित कर दिए हैं। शुक्रवार के अंतिम सत्र में मौसम सुहाग को पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में इंगलैण्ड के याशुआ फ्लेमिंग के खिलाफ ०-५ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं अमन देव पुरुषों के ५० किलोग्राम वर्ग में जार्जिया के शाल्वा बेरिद्जे से ०-५ से हार गये। लक्षु को भी अमेरिका के मार्ले मैकनीली के खिलाफ ०-५ से शिकस्त झेलनी पड़ी।

ग्रीको रोमन पहलवानों ने किया निराशा

अस्ताना (एजेन्सियां)। विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के पहले दिन शनिवार को भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां ग्रीको-रोमन वर्ग में उतरे चार पहलवानों में केवल ललित (५५ किग्रा) ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सके जहां उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए ९-७ से जीत हासिल की। वह एक समय मुकाबले में ०-७ से पिछड़ रहे थे और हार से महज एक अंक दूर थे। उन्होंने हालांकि जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए लगातार नौ अंक जुटाये और मुकाबला अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में ललित २०२५ के अंडर-२० विश्व चैम्पियन और मौजूदा सीनियर विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अहमदी के सामने चुनौती पेश करने में नाकाम रहे। अहमदी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसानी से मुकाबला जीत लिया। भारतीय पहलवान की रेपेशाज के जरिये वापसी की उम्मीद अभी कायम है। इसके लिए अहमदी का फाइनल में पहुंचना होगा। दिन के अन्य मुकाबलों में तीन भारतीय पहलवान अपने शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सके। ७७ किग्रा वर्ग में लवप्रीत सिंह को उज्बेकिस्तान के डोनियोरखोन नाकिबोव ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर ८-० से हराया जबकि ८२ किग्रा वर्ग में प्रिंस को सर्बियाके विक्टर नेमेस के खिलाफ १-३ से हार झेलनी पड़ी। हर्ष को ६० किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के कुर्मानबेक झापारोव ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर ९-० से शिकस्त दी।

पांच डक और ११३ पर सिमटा भारत 'ए'

पहला अनौपचारिक टेस्ट



लिंकन (एजेन्सियां)। हरी भरी विकेट पर भारतीय बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और सितारों से भरी न्यूजीलैण्ड ए टीम के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शनिवार को ११३ रन पर आउट हो गयी । जवाब में न्यूजीलैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट १३५ रन पर गंवा दिये थे और २२ रन की बढ़त हासिल कर ली थी। आकिब नबी ने कीवी बल्लेबाज जेडन लेनोक्स और टिम राबिनसन को खाता खोले बिना आउट किया। न्यूजीलैण्ड ए के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज साइमन कीनी ने २४ रन देकर पांच विकेट चटकाये। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (४५ गेंद में १७ रन) एक बार फिर अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और जाक गिब्सन की गेंद पर स्लिप में कैच देकर लौटे। वहीं केएल राहुल खाता भी नहीं खोल पाये और फ्रेसर शीट की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा कर पवेलियन लौट गये। तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने ७७ गेंद में ३२ रन बनाये। दो घंटे क्रीज पर डटकर उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके जड़े। भारत के पांच बल्लेबाज खाता खोलने में नाकाम रहे। छठे नंबर पर उतरे विदर्भ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने अगर नाबाद ४४ रन नहीं बनाये होते तो भारत ए का स्कोर १०० रन से भी कम होता। राठौड़ ने ४९ गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। अंशुल कम्बोज ने आखिर में दस रन बनाये। स्टंप के समय कुर्टिस हीफी ३७ रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैण्ड ए के कसान रीस मारियू ने ७६ रन बनाये और वह मुकेश चौधरी की गेंद पर आउट हुए। नबी ने लेनोक्स और राबिनसन को आखिरी दो गेंदों पर आउट किया ।

बैडमिंटन का चयन २८ को

वाराणसी। काशी विद्यापीठ के विश्वविद्यालय परिसर की बैडमिंटन (पुरुष) टीम का चयन २८ अक्तूबर को विश्वविद्यालय के जिमनेजियम हाल में अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डाक्टर उर्जस्विता सिंह के अनुसार अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए जो टीम चयनित होगी वह विश्वविद्यालय परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर की होगी। इच्छुक प्रतिभागी क्रीड़ा परिषद में बैंडमिंटन प्रभारी डाक्टर अमरेन्द्र कुमार सिंह से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यूपी एकतरफा जीतके साथ क्वार्टर फाइनलमें

राष्ट्रीय विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की बालिकाओं ने बेहतरी खेलका प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के प्रयागराज स्पोर्ट्स काम्प्लैक्स में खेली जा रही ७०वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिता में शनिवार को एकतरफा मुकाबले में जम्मू कश्मीर को २०-० से हराकर अंडर-१४ आयु वर्ग के क्वाटर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से आकांक्षा ने आक्रमण की शुरुआत की। पहले हाफ में उत्तर प्रदेश की टीम ने जम्मू कश्मीर पर ५-० की बढ़त बना विपक्षी टीम पर दबाव बना लिया। दूसरे आफ में सृष्टि और खुशी ने सेंटर तथा राइट विंग से हमले किये। हालांकि जम्मू कश्मीर ने भी इस दौरान काउंटर अटैक किये लेकिन उत्तर प्रदेश की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उनके हर आक्रमण को नाकाम कर दिया। आक्रमण दर आक्रमण का नतीजा रहा कि विकास इंटर कालेज की छात्राओं से सजी यूपी ने इस हाफ में १५ गोल दागे जिससे वह २०-० से जीत दर्ज करने में सफल रही। यूपी के खिलाप अभी तक कोई भी टीम अंक बनाने में सफल नहीं हो सकी है। शुक्रवार को यूपी ने तेलंगाना को १०-० से हराया था। जिला रग्बी वाराणसी के अध्यक्ष डाक्टर ए.के. सिंह ने टीम के इस बेहतरीन जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जतायी। यूपी टीम की यह सभी खिलाड़ी परमानन्दपुर मिनी स्टेडियम में डाक्टर आशा सिंह के देखरेख में अवनीश पाल से प्रशिक्षण लेती हैं।



विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत विधायक पीएन पाठक ने भरा फॉर्म

कसया, कुशीनगर। विधानसभा कुशीनगर क्षेत्र के नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत सेमरा घुसी में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ संख्या 258 पर पहुंचकर विधायक कुशीनगर पंचानंद पाठक (पीएन) पाठक ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फार्म 6 भरा। विधायक श्री पाठक के नगरपालिका क्षेत्र से मतदाता बनने पर पार्टी जनों सहित आम जन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के शुद्धिकरण, अद्यतन एवं अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से बूथ पर आयोजित शिविर में सेमरा घुसी से

मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म भरा और बीएलओ को जमा किया। इससे पूर्व विधायक श्री पाठक अपने पैतृक गांव गडहियां पाठक में मतदाता थे जहां से नियमानुसार मतदाता सूची से अपना नाम कटवाकर अपने नए आवास सेमरा घुसी के बूथ से फार्म भरा है और अब यहां से मतदाता होने पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनता ने खुशी व्यक्त की। विधायक श्री पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास कर रही है। अपील किया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाएं। इसका ख्याल रखना होगा। प्रत्येक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जाँचें तथा आवश्यकतानुसार संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अद्या पाण्डेय, अनुप तिवारी, अनिल पाण्डेय, संजय प्रजापति, बिट्टू मद्धेशिया, विनोद गिरी, शैलेंद्र राय सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगदी समेत स्वर्ण आभूषण चुरा ले गये चोर

तुर्कपट्टी (कुशीनगर)। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के विजयपुर दक्षिण पट्टी में बीते रात अज्ञात चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अवधकिशोर मिश्र के घर में रात करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने धावा बोला और लाखों रुपये के समान पर हाथ साफ कर दिया। थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, चोरों ने घर की अलमारी और बक्सों को खंगालकर लगभग एक लाख बीस हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, दस हजार रुपये नकद और बच्चों के गुल्लक में जमा किए गए करीब पचास हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया।

इसके अलावा चोरों ने घर में रखे दो एंड्रॉइड मोबाइल वीवो और रेडमी कंपनी के भी चुरा लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार स्तब्ध हो गये, जिसके बाद मामले की लिखित सूचना तत्काल तुर्कपट्टी थाना को दी गयी जिसके बाद तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेज कर घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई व चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

इस घटना से पूरे इलाके के ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्रधानाध्यापकों की बैठक सम्पन्न

फाजिलनगर,कुशीनगर। ब्लाक संसाधन केंद्र पर शनिवार को प्रधानाध्यकों की बैठक हुई जिसमें विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति के बारे में जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चौहान ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा शासन की प्राथमिकता है। सभी स्कूल जहां स्कूल वाहन चलते हैं। वाहन सुरक्षा समिति बनाना अनिवार्य है। इसमें तहसीलदार, थानाध्यक्ष,बीईओ व विद्यालय प्रिंसिपल सदस्य होंगे। इसके माध्यम से वाहन के फिटनेस, सुरक्षा उपकरण, प्रथमिक चिकित्सा किट आदि की निगरानी होगी। संचालन द्विजेश तिवारी ने किया। मनोज सिंह, अच्छेलाल, सुधाकर मणि त्रिपाठी, अमरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

अग्नि पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिले सांसद

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार में चार लोगों की मौत झोपडी में लगी आग सै हो गयी ।घटना ने गाँव सहित क्षेत्र को झकझोर कर दिया ।घटना की सूचना पर सांसद सदर शशांक मणि त्रिपाठी ने शनिवार को नोनापार गाँव आकर पीडित परिवार से मिले और घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीडित परिवार को हर सम्भव सहायता मुहैया कराने का भरोशा दिलाया ।जिलाधिकारी से मिल कर राहत सामग्री व आवास दिलाने की बात कही ।सांसद के प्रयास से पीडित परिवार का बैंक में खाता खैलने की कवात तेज हो हो गयी है ।जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके ।पूर्व मण्डल भाजपा भटनी के घर पहुंच कर जनता की समस्याओं को सुना ।जिसमे मुख्य रुप से करोना काल से नोनापार पर रेलवे स्टेशन पर बन्द पडी ट्रेनो की माँग शामिल रही ।साथ में भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र सिध्दु तिवारी गंगेश्वरनाथ तिवारी दुन्ना तिवारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे । ज्ञातव्य है कि 22अक्टुबर की रात्रि में बालकिशुन बासफोर की झोपड़ी में लगी आग से बालकिशुन बासफोर दामाद जितेन्द्र जितेन्द्र का मासुम पुत्र शनि व जितेंद्र की मृत्यु हो गयी थी ।



कोखास में चाकू की नोक पर लाखों के आभूषण और नकदी लूटे

इटवा(सिद्धार्थनगर)। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के कोखास गांव में शनिवार भोर करीब दो से तीन बजे के बीच तीन अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर नकदी और लाखों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण लूट लिए। वारदात के दौरान बदमाशों ने दो ढाई वर्षीय जुडवां बच्चों को चाकू से डराकर उनकी मां को चुप रहने की धमकी दी। जानकारी के मुताबिक, इरफान पुत्र मुबारक अली इटवा–बेलवा पीडब्ल्यूडी मार्ग के किनारे ग्राम कोटखास में मकान बनाकर करीब दो वर्षों से परिवार के साथ रह रहे हैं। बदमाश बरामदे की लोहे की ग्रिल का स्क्रू खोलकर जंगले के रास्ते घर में दाखिल हुए। रुबीना खातून (33) अपने जुड़वां बच्चों अरीज और अफीक के साथ सो रही थीं। बच्चों के रोने पर उनकी नींद खुली तो एक बदमाश बच्चे के गले पर चाकू रखे हुए था। पीड़िता के अनुसार, बदमाशों ने पेटियों और आलमारी को खंगाल. कर नकदी, सोने के हार, झुमके, मंगलसूत्र, अंगूठियां और चांदी की पायल समेत कई आभूषण समेट लिए। वारदात के बाद आरा. पी उसी रास्ते फरार हो गए। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। सुबह करीब आठ बजे गोल्हौरा पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद फॉरेंसिक टीम भी आयी और जांच–पड़ताल की। इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष गोल्हौरा के सीयूजी मोबाइल नम्बर 9454404233 पर काल किया। घंटी बजी लेकिन काल रिसीव नहीं हो सका।

मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुशीनगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पडरौना (कुशीनगर)। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम रविंद्रनगर में शनिवार को आयोजित मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और दमखम का प्रदर्शन किया।







प्रतियोगिता में कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया और गोरखपुर की जनपद स्तरीय विजेता टीमों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। खेल ध्वज फहराने और प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाने के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में जनपदीय स्काउट–गाइड बैंड प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सांसद ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है कि उन्हें बेहतर अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले। फूलबदन कुशवाहा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। खिलाड़ियों को हार–जीत से सीख लेकर निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक गोरखपुर संगीता सिंह ने प्रतियोगिता के उद्देश्य और आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। बालक वर्ग की बॉक्सिंग स्पर्धा में 28 से 30 किलोग्राम भार वर्ग में देवरिया के पवन प्रथम और दूसरा स्थान पाया। 32 से 34 किलोग्राम में कुशीनगर के दिलखुश कुमार विजेता और गोरखपुर के कन्हैया लाल उपविजेता रहे।

❑सांसद विजय कुमार दुबे ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन, खेलों को बताया सर्वांगीण विकास का माध्यम
❑वालीबाल और हॉकी में कुशीनगर का दबदबा, चार जिलों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

34 से 36 किलोग्राम में गोरखपुर के शनि प्रथम तथा कुशीनगर के आनंद राय द्वितीय रहे। 36 से 38 किलोग्राम में गोरखपुर के यश साहनी ने पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह 38 से 40 किलोग्राम में देवरिया के अनीकेत प्रथम और गोरखपुर के अखिलेश द्वितीय रहे। 40 से 42 किलोग्राम में गोरखपुर के अनूप ने पहला, कुशीनगर के अमित कुमार निषाद ने दूसरा और देवरिया के भोला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 42 से 44 किलोग्राम में गोरखपुर के शिवम, 44 से 46 किलोग्राम में कुशीनगर के अरुण कुमार द्वितीय रहे। 30 से 32 किलोग्राम में गोरखपुर के अंश कुमार ने पहला तथा कुशीनगर के आनंद कुमार ने प्रिंस पटवा तथा 46 से 48 किलोग्राम में किशन यादव प्रथम रहे। 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में कुशीनगर के श्याम कुमार ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि गोरखपुर के अंश तीसरे स्थान पर रहे।

आयोजन को सफल बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश कुमार द्विवेदी, डॉ. प्रभात चंद्र राय, उपेंद्र भारती, जया राय, उप जिला क्रीड़ाधिकारी प्रवेश कुमार रावत, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला समन्वयक ऋषभ कुमार, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका, जिला गाइड कैप्टन मनोरमा त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह और प्रमिला सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कृषि विभाग का आकस्मिक छापे डालने का क्रम जारी

संतकबीरनगर- जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने बताया है कि शासन द्वारा आकस्मिक छापे डालने हेतु जारी किए गए निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच हेतु कृषि विभाग एवं मजिस्ट्रेट की तीन संयुक्त टीम तहसीलवार क्रमश: तहसील मेहदावल मे जिला कृषि अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार एवं उप जिलाधिकारी, एवं डा ब्रजेश कुमार वरिष्ठ तकनीकी सहायक, तहसील धनघटा मे भूमि संरक्षण अधिकारी, दीप चंद्र चौरसिया एव उप जिलाधिकारी, व तहसील खलीलाबाद में उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह एव उप जिलाधिकारी मेहदवाल, की टीमें गठित कर उर्वरकों की जांच हेतु औचक छापामार की कार्यवाही संपादित की गई।

तहसील धनघटा मे कुल आठ दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमे से 03 उर्वरक के नमूना ग्रहण किया गए। तहसील खलीलाबाद मे कुल 05 दुकानों का निरीक्षण कर 02 उर्वरक के नमूने ग्रहण किया गया। तहसील मेहदावल मे 08 दुकानों का निरीक्षण करते हुए 9 नमूना ग्रहण किया गया। मुख्यत: डीएपी, एसएसपी, एनपीके के नमूने ग्रहण किये गए। मेहदावल में एक दुकानदार गुप्ता खाद भण्डार हरपुर को अभिलेख अद्यतन नही करने के कारण नोटिस जारी किया गया। मुख्य प्रतिष्ठान साधन सहकारी समिति पश्चिम टोला,संतोष खाद भंडार, बड़या ठाठर, नव दुर्गा ट्रेडर्स बड़या ठाठर, साधन सहकारी समिति, भितिया कला, साहनी खाद भंडार नवलखा कुटी, गुप्ता खाद भंडार हरपुर, कृष्णमूर्ति कृषक सेवा जमोहरा, सिंह खाद भंडार सरफरा आदि पर छापा डाला गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार जनपद मे उर्वरकों की जांच हेतु औचक छापे मे कुल 21 उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण कर कुल एक दुकान का लाइसेंस निलंबित कर तीन दुकानदारों नोटिस जारी कर कुल 14 नमूने उर्वरक के लिए गए। ग्रहीत नमूनों को प्रयोगशाला मे परीक्षण हेतु प्रेषित किया जायेगा। यदि नमूने का परिणाम अमानक आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश में दिए गए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

खरीफ सीजन में बुवाई कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद फ़सलो की बढ़वार हेतु किसान भाइयों की यूरिया, की माँग में वृद्धि हो रही है अत: उर्वरकों की दुकानों पर गुणवत्ता नियंत्रण एवं कालाबाजारी रोकने हेतु औचक छापामार कार्रवाई आगे भी सघन रूप से जारी रहेगी।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत लगा कैम्प

बस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को आयोजित विशेष कैंप में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने विधानसभा क्षेत्र हर्रैया बूथ संख्या-406, 407 संविलियन प्राथमिक विद्यालय थान्हा खास कक्ष संख्या 1 व 2, बूथ संख्या-390 प्राथमिक विद्यालय हर्रैया प्रथम कक्ष संख्या 1, विधानसभा क्षेत्र कसानगंज बूथ संख्या-297, 298 कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय कक्ष संख्या 1 व 2 स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति, आवेदन प्रक्रिया तथा पात्र मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दें तथा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। साथ ही जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे निर्धारित प्रपत्र भरकर आवेदन करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।



रोजगार मेला २८ अक्तूबर को

बस्ती। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा कर्मा देवी ग्रुप संसारपुर फुटहिया के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 28 अक्टूबर 2026 को प्रात: 10 बजे से कर्मा देवी ग्रुप संसारपुर फुटहिया बस्ती के प्रांगण में जनपद स्तरीय एक दिवसीय बृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया है कि उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 50 नियोजको द्वारा लगभग 5000 रिक्तियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने रोजगार मेले में बड़ी संख्या में अभ्यार्थियों के प्रतिभाग करने की अपील किया है।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिये टीम का चयन २६ अक्तूबर को

फाजिलनगर,कुशीनगर। 14 से 16 नवंबर तक तेलंगाना के हैदराबाद आयोजित होने वाली 20वीं अंतरजिला राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुशीनगर जिले की टीम का चयन 26 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम पडरौना में सुबह आठ बजे से जिला एथलेटिक्स मीट का आयोजन होगा। ऊक्त आशय की जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं हिस्सा लेंगी। अंडर-14 आयु वर्ग में बालक-बालिकाओं के लिए ए, बी और सी स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इनमें 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैक थ्रो, किड्स जैवलिन और 600 मीटर दौड़ शामिल हैं। प्रत्येक खिलाड़ी केवल एक स्पर्धा में भाग ले सकेगा।वहीं, अंडर-16 आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए 60 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और 600 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं होंगी। गोला फेंक में बालकों के लिए चार किलोग्राम और बालिकाओं के लिए तीन किलोग्राम का गोला निर्धारित है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिले की टीम में चयनित होने का अवसर मिलेगा जो तेलंगाना प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने उम्र संबंधित प्रमाण अपने साथ जरूर लाएंगे।

राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन : नगर विकास मंत्री ने रखा आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण का विजन

लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव-2026 में सहभागिता करते हुए आधुनिक, स्मार्ट एवं नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियां तैयार करने और शहरी विकास की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य विषय ' अर्बन राइजिंग - री थिंकिंग अर्बन सिस्टम सलूशन एंड डिलीवरी' है।

सम्मेलन में देश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों, आधुनिक शहरी अवसंरचना, बेहतर नगर प्रबंधन और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शहरी सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कॉन्क्लेव में शहरी विकास से जुड़े नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों एवं संबंधित संस्थाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे बदलती शहरी परिस्थितियों और नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए दूरदर्शी नीतियों एवं व्यावहारिक समाधानों पर कार्य करें।

❑शहरी विकास का लक्ष्य केवल बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं, नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक जीवन उपलब्ध कराना भी है- शर्मा

भविष्य के शहरों को अधिक व्यवस्थित, आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाओं, बेहतर शहरी नियोजन, सुदृढ़ आधारभूत संरचना तथा प्रभावी सेवा वितरण को प्राथमिकता देना आवश्यक है। शहरी विकास का वास्तविक उद्देश्य केवल सड़कों, भवनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी है। शहरों की विकास योजनाएं ऐसी होनी चाहिए, जो वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी परिणामोन्मुख बनाना जरूरी है। उन्होंने शहरी सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक, नवाचार और बेहतर प्रबंधन प्रणालियों को अपनाने पर बल दिया।

साथ ही, केंद्र एवं राज्य सरकारों, शहरी निकायों और विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय को शहरी विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के अनुभवों और सफल कार्यप्रणालियों से सीख लेकर शहरी विकास की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन-2026 देश में शहरी विकास की भावी दिशा तय करने, विभिन्न राज्यों के अनुभवों को साझा करने तथा शहरी प्रणालियों, समाधानों और सेवाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श से आधुनिक, स्मार्ट, समावेशी एवं नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए नई संभावनाओं और प्रभावी नीतिगत दृष्टिकोण को प्रोत्साहन मिलेगा।इस अवसर पर केंद्र सरकार में आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू,अन्य राज्यों के नगर विकास मंत्री एवं नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद शामिल रहे।

जतना पोस्टर लग रहे,उतना ही एकजुट हो रहा पीडीए

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि हमारा सवाल ये नहीं है कि ऐसे आपत्तिजनक पोस्टर लगा कौन रहा है, हमारा सवाल ये है कि 'लगवा कौन रहा है?' उन्होंने कहा कि वैसे इस सवाल का जवाब हमारे पास तो है हीं लेकिन हम इन पोस्टरों के पीछे के मुख्य 'धनदाता' का नाम सरकार से सुनना चाहते हैं। जाती हुई सरकार क्या इतनी कमजोर हो गई है कि ऐसे पोस्टर सरेआम लग रहे हैं लेकिन न तो पुलिस को दिखाई दे रहे हैं न स्थानीय प्रशासन को। भाजपा सरकार अपने प्रशासन का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाये।वैसे जितने अधिक इस प्रकार के पोस्टर लग रहे हैं उतना ही पीडीए समाज एकजुट हो रहा है।

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- २६ अक्तूबर-०१ नवंबर- २०२६

मेष -

मेष राशि के जातकों के लिए अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह मिले जुले फल देने वाला साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत करियर-कारोबार की दृष्टि से थोड़ी कठिनाई भरी रह सकती है। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान आपके काम में आने वाली बाधाएं आपको तनाव दे सकती हैं। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको अपने कंपटीटर से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है। साझेदारी में कारोबार करने वालों को अपने पार्टनर के साथ बेहतर तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी, अन्यथा गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। साझेदारी में व्यवसाय करने वाले लोगों को किसी बड़े फैसले लेने से पहले अपने पार्टनर से सलाह अवश्य लेना चाहिए, ताकि आपसी स्नेह बना रहे। सप्ताह के मध्य में सेहत को लेकर सावधानी बरतनी होगी अन्यथा शारीरिक एवं मानसिक कष्ट मिल सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर-कारोबार से जुड़ी समस्याएं सुलझती हुई नजर आएंगी। इस दौरान आप अपने बात-व्यवहार के जरिए अपना काम निकालने में कामयाब रहेंगे। छात्र वर्ग के लिए यह सप्ताह सामान्य कहा जाएगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में उन्हें कुछ नवीन अनुभव प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। सिंगल लोगों की नए मित्रों से मुलाकात होगी और उनसे सहयोग भी प्राप्त होगा।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

वृष -

वृष राशि के जातकों के लिए औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने कार्य बहुत सूझबूझ के साथ करने होंगे। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो कोई भी बड़ा कारोबारी निर्णय लेने से पहले अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। सप्ताह की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से थोड़ी चुनौती भर रह सकती है। इस दौरान आप जितना धनार्जन करेंगे, उससे कहीं ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे में इस दौरान धन का प्रबंधन करके चलना उचित रहेगा और धन को उधार देने या फिर जोखिम भरे निवेश से बचना होगा। वरना आपको भविष्य में आर्थिक दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है। अत्यधिक आवश्यक हो, तो सप्ताह के उत्तरार्ध में सोच-समझकर निवेश किया जा सकता है। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को दूसरे के भरोसे छोड़ने की गलती भूलकर भी न करें। अपने जीवन में अनुशासन और कार्यों के प्रति ईमानदारी बनाए रखें। सेहत की दृष्टि से वर्तमान समय अनुकूल कहा जा सकता है, लेकिन घरेलू समस्याएं बनी रहेगी जो आपकी चिंता का बड़ा कारण बन सकती हैं। प्रेम संबंध सामान्य बने रहेंगे। जीवनसाथी के सहयोग से संबल प्रदान होगा।

उपाय- प्रतिदिन पारद शिवलिंग की पूजा एवं रुद्राष्टकं का पाठ करें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर-कारोबार की दृष्टि से बेहद शुभ रहने वाला है। यदि आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजी-रोजगार तलाश रहे हैं तो आपको अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। किसी शुभचिंतक की मदद से नया कारोबार को शुरू करने में आ रही आर्थिक दिक्कत दूर होगी। पहले से व्यवसाय कर रहे लोगों का बाजार में फंसा धन निकल आएगा और धन लाभ में बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर धन की आवक बनी रहेगी। धनार्जन के नए अवसर भी मिलेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए भी समय अनुकूल कहा जाएगा। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपके द्वारा कुछ ऐसे कार्य भी होंगे, जिससे आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों आप पर मेहरबान रहेंगे। सेहत की दृष्टि से सप्ताह का उत्तरार्ध थोड़ा चुनौती भरा रह सकता है। इस दौरान आप मौसमी अथवा किसी पुरानी बीमारी के उभरने के कारण परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम फलकारी कहा जाएगा। अध्ययन के प्रति एकाग्रता बनी रहेगी, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध में समय इधर-उधर के कार्यों में बीतेगा। लव पार्टनर के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

उपाय- प्रतिदिन तुलसी जी की सेवा तथा पूजा में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कर्क -

कर्क राशि के जातकों के लिए यह शुभता लिए हुए है। सप्ताह की शुरुआत स्वजनों के साथ हंसी-खुशी समय बिताते हुए बीतेगी। इस दौरान आपके घर का वातावरण सुखद रहेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ जीवन का पूरा आनंद लेंगे। घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। इस हफ्ते भूमि-भवन, वाहन आदि क्रय करने का सपना पूरा हो सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोग किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं। कारोबार की दृष्टि से पूरा सप्ताह आपके पक्ष में रहेगा और इस संबंध में की गई यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह छात्र वर्ग के लिए गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपको बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार मिल सकता है। प्रतियोगिता-परीक्षा आदि में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यालय में अनुकूल माहौल मिलेगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की प्रशंसा करेंगे और सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। किसी विशेष परिवर्तन की आशा नहीं है। अपने कार्य में एकाग्रता बनाए रखें। प्रेम प्रसंग की दृष्टि से भी यह सप्ताह आपके पक्ष में हैं। लव पार्टनर के साथ आपसी रिश्ते मजबूत होंगे। जीवनसाथी की उपलब्धि से मन हर्षित रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

सिंह -

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और सफल साबित होने जा रहा है। जिन कार्यों को पूरा करने के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, वे इस सप्ताह के अंत तक किसी महिला मित्र की मदद से मनचाहे तरीके से पूरे हो जाएंगे। पहले की अपेक्षा आपके सौभाग्य का ज्यादा साथ होने से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। करियर-कारोबार में मनचाही सफलता और लाभ की प्राप्ति होगी। सिंह राशि के जातकों का सप्ताह के मध्य में रुझान नए विषयों की ओर बढ़ेगा। इस दौरान आपके संपर्क प्रभावी लोगों के साथ बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव और मान-सम्मान बढ़ेगा। इस सप्ताह उनके कद में पद में वृद्धि के पूरे योग हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में व्यापारियों के लिए लाभ के उत्तम योग बनेंगे। पूर्व में किये गये निवेश से बड़ा लाभ होगा, परन्तु कुछ अन्य परेशानियां आने के कारण धन दूसरी जगह व्यय भी हो सकता है। साझेदारी में व्यापार करने वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। सिंह राशि के जातक इस सप्ताह घरेलू समस्याओं का समाधान खोजने में कामयाब होंगे। प्रेम संबंध में उपजी गलतफहमी दूर होंगी और आपसी विश्वास बढ़ेगा।

उपाय- प्रतिदिन उगते हुए सूर्य को जल देकर ॐ घृणि सूर्याय नमः का मंत्र जपें।

कन्या -

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में करियर-कारोबार के सिलसिले में आपको जरा ज्यादा ही भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान नौकरीपेशा जातकों पर कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। इस दौरान आपकी जिम्मेदारियों में अनचाहे बदलाव होने की आशंका बनी रहेगी। कन्या राशि के जातकों के द्वारा इस समय की गई कोई भी गलती नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। ऐसे में अपने अधिकारी तथा सहकर्मियों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखते हुए उनके साथ विनम्रता के साथ पेश आएं। आर्थिक दृष्टिकोण से यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। यदि आप कार्य विशेष से लाभ की आशा लगाकर बैठे हैं, तो उसे मिलने में संदेह बना रहेगा। इस हफ्ते धन के लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें और किसी को पैसे उधार देने से बचें, अन्यथा उसकी वापसी मुश्किल होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध का समय व्यवसाय की दृष्टि से चुनौती भरा रहने वाला है। इस दौरान उन्हें सोच-समझकर निवेश करना होगा। इस दौरान आपका व्यापारिक लाभ कई कारणों से प्रभावित हो सकता है। प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं और दिखावा करने से बचें।

उपाय- प्रतिदिन गणपति की पूजा में श्री गणेश चालीसा का पाठ करें।

तुला -

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य को लिए हुए है, लेकिन इसका लाभ उठाने के लिए आपको अपनी सेहत को सही रखते हुए अपने समय का सदुपयोग करना होगा। सप्ताह की शुरुआत में मौसमी बीमारी के शिकार हो सकते हैं। इस दौरान आपको लंबी दूरी की थकान भरी यात्रा करनी पड़ सकती है। हालांकि यात्रा के दौरान आपके प्रभावी लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे, जिनसे भविष्य में लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। आर्थिक दृष्टिकोण से सप्ताह की शुरुआत कुछ प्रतिकूल रह सकती है, और इस दौरान आय से अधिक व्यय होने की आशंका बनी रहेगी, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध तक आप स्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ और लाभप्रद साबित होगा। इस दौरान आप किसी बड़ी व्यावसायिक डील पर मुहर लगा सकते हैं। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के कद एवं पद में वृद्धि के योग बनेंगे। इस सप्ताह संतान सुख की प्राप्ति होगी। छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त होगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। विवाह योग्य व्यक्तियों को अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं।

उपाय- प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा एवं श्री सूक्त का पाठ करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह वृश्चिक राशि के जातकों को दूसरों के काम में दखलअंदाजी करने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा। सप्ताह की शुरुआत में आप घरेलू समस्याओं के चलते करियर-कारोबार में अपना पूरा ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाएंगे। इस दौरान घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों से अपेक्षित सहयोग और समर्थन न मिलने के कारण आपका मन खिन्न रहेगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की खराब सेहत आपकी चिंता का कारण बनेगी। सप्ताह के मध्य के बाद आपका अधिकांश समय इधर-उधर के बेकार कार्यों में बीतेगा। इस दौरान आपकी आय के मुकाबले खर्च की अधिकता रहेगी। अक्तूबर महीने का अंतिम सप्ताह वृश्चिक राशि के नौकरीपेशा जातकों के लिए मध्यम फलकारी कहा जाएगा। इस सप्ताह आप मानसिक परेशानियों के चलते अपना बेस्ट नहीं दे पाएंगे। आपके द्वारा की गई जरा-सी लापरवाही पूरे काम के बिगड़ने का कारण बन सकती है। इस सप्ताह आप अपने सहकर्मियों तथा अधिकारियों से मदद की उम्मीद न करते हुए स्वयं ही चीजों को पूरा करने का प्रयास करें। प्रेम प्रसंग में सावधानी अपेक्षित है।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में बजरंग बाण का पाठ करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिले जुले फल देने वाला कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान लंबी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा थकान भरी और उम्मीद से कम फलदायी होने के कारण आपके भीतर निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं, हालांकि यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहेगी क्योंकि सप्ताह के मध्य से समय एक बार फिर आपके पक्ष में आना प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में सप्ताह के पूर्वार्ध में अपने क्रोध और हताशा पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें और गलत निर्णय लेने से बचें। नौकरी पेशा एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए समय सावधानी का है। इस समय जो भी कार्य करें, सोच-समझकर ही करें। यदि आप कारोबार में विवेकपूर्ण निर्णय लेते हैं तो आपको भविष्य में खासा लाभ होगा। नौकरीपेशा वालों को अपने सीनियर और जूनियर के साथ सावधानी के साथ बात-व्यवहार करना होगा। व्यापारी वर्ग को अपने कागजी काम समय पर सही तरीके से निपटने की आवश्यकता रहेगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ आपकी अच्छी ट्यूनिंग रहेगी। खट्टी-मीठी तकरार के साथ दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन हल्दी या केसर का तिलक लगाएं और पूजा में नारायण कवच का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत से आपको अपनी सेहत और संबंध दोनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। बदलते मौसम में अपने खानपान और दिनचर्या को सही रखें अन्यथा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कष्ट झेलना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए थोड़ा चुनौती भरा रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आप घरेलू समस्याओं को लेकर लेकर चिंतित रह सकते हैं। इस दौरान यदि आपको कोई कार्य उचित न लगे तो लोगों को बड़ी विनम्रता के साथ न कहना सीखना होगा अन्यथा आपको बेवजह की परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। प्रमोशन या फिर मनचाहे जगह पर तबादले के लिए अभी इंतजार करना होगा। यदि आप किसी योजना में धन निवेश करना चाहते हैं, तो उसके लिए अभी समय उचित नहीं कहा जाएगा। प्रेमी जनों को अपने लव पार्टनर से मेल मिलाप करने में बाधाएं आ सकती हैं। इस सप्ताह आपकी भावुकता में वृद्धि होगी।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा एवं शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते हफ्ते के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर और लाभप्रद साबित होगा। यदि आप बीते कुछ समय से किसी शारीरिक समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे तो आपको इस सप्ताह स्वास्थ्य लाभ मिल जाएगा। सौभाग्य के साथ आपको अपने परिजनों का भी पूरा साथ मिलेगा। सप्ताह की शुरुआत में घर में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे और आत्मीय लोगों के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके पक्ष में रहने वाला है। करियर-कारोबार दोनों में अनुकूलता बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की जहां आय के अतिरिक्त साधन बनेंगे तो वहीं व्यवसाय से जुड़े लोगों को कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। इस सप्ताह करियर-कारोबार के सिलसिले में की गई यात्राएं सुखद और लाभप्रद साबित होंगी। छात्र वर्ग के लिए यह सप्ताह कोई सुखद समाचार लेकर आएगा। उन्हें परीक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम के अनुसार फल की प्राप्ति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में पैतृक संपत्ति की प्राप्ति संभव है। इस दौरान घर के किसी बुजुर्ग सदस्य का स्नेह आप पर बरसेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे और नजदीकियां बढ़ेगीं।

उपाय- प्रतिदिन विधि-विधान से हनुमत उपासना एवं श्री सुंदरकांड का पाठ करें।

मीन -

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा आपाधापी लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत से ही घरेलू समस्याएं आपकी चिंता का बड़ा कारण बनेंगी। इस सप्ताह मीन राशि के जातकों को अपने निर्णय बड़े सावधानी और सूझबूझ के साथ लेने होंगे अन्यथा बाद में उन्हें बेवजह की परेशानी उठानी पड़ सकती है। संतान पक्ष से जुड़ी समस्या को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग का इस हफ्ते किसी बात को लेकर अपने सहयोगियों के साथ विवाद हो सकता है, हालांकि अधिकारी वर्ग की कृपा बने रहने के कारण आप पर कोई आंच नहीं आएगी। व्यापारियों के लिए समय अनुकूल नहीं कहा जा सकता, उन्हें इस हफ्ते उतार-चढ़ाव भरी स्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। ऐसे में किसी योजना में सोच-समझकर ही धन निवेश करें। जोखिम भरे निवेश से यथासंभव बचें। पार्टनरशिप में कारोबार करने वालों को अपने साझेदार पर आंख मूंदकर विश्वास करने से बचना होगा। अहम निर्णयों को लेते समय अपने शुभचिंतकों की राय जरूर लें। प्रेम प्रसंग में उतावलेपन से बचें और लव पार्टनर की भावनाओं की कद्र करें। रिश्तों की मर्यादा बनाए रखें और कोई भी ऐसा कार्य न करें जिसके कारण आपको कठिनाईयों का सामना करना पड़े।

उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की पूजा में चालीसा का पाठ करें।



शरद पूर्णिमा

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा का प्रमुख पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की धार्मिक व पौराणिक परम्परा है। शरद पूर्णिमा के पर्व को कौमुदी उत्सव, कुमार उत्सव, शरदोत्सव, रास पूर्णिमा, कोजागरी पूर्णिमा एवं कमला पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस पूर्णिमा में अनोखी चमत्कारी शक्ति निहित है। ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार सम्पूर्ण वर्ष में आश्विन शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन ही चन्द्रमा षोडश कलाओं से युक्त होता है। षोडश कलायुक्त चन्द्रमा से निकली किरणें समस्त रोग व शोक हरनेवाली बतलाई गई है। इस दिन चन्द्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट रहता है। इस रात्रि को दिखाई देने वाला चन्द्रमा अपेक्षाकृत अधिक बड़ा दिखलाई पड़ता है। ऐसी मान्यता है कि भू-लोक पर शरद पूर्णिमा के दिन लक्ष्मीजी घर-घर विचरण करती हैं, जो जागृत रहता है उसपर अपनी विशेष कृपा-वर्षा करती हैं। आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर, रविवार को दिन में 11 बजकर 57 मिनट पर लग रही है, जो कि 26 अक्टूबर, सोमवार को दिन में 9 बजकर 42 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। अश्विनी नक्षत्र 25 अक्टूबर, रविवार को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से 26 अक्टूबर, सोमवार को सायं 5 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। सोमवार को अश्विनी नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इसी दिन स्नान-दानादि की पूर्णिमा मनाई जाएगी, जो कि स्नान-दान के लिए विशेष फलदायी है। पूर्णिमा तिथि का मान 25 अक्टूबर, रविवार को रात्रि में होने के फलस्वरूप कोजागरी व्रत इसी दिन रखा जाएगा, इसी रात्रि में भगवती श्रीलक्ष्मीजी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। जिन्हें जन्मकुण्डली के अनुसार चन्द्रग्रह का अनुकूल फल न मिल रहा हो, उन्हें आज के दिन व्रत अवश्य रखना चाहिए। आरोग्य-लाभ के लिए शरद पूर्णिमा के चन्द्रकिरणों में औषधीय गुण विद्यमान रहते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि में दूध से बनी खीर को चाँदनी की रोशनी में अति महीन श्वेत व स्वच्छ वस्त्र से ढँककर रखी जाती है, जिससे खीर पर चन्द्रमा के प्रकाश की किरणें पड़ती रहे। इस खीर को भक्तिभाव से प्रसाद के तौर पर भक्तों में वितरण करके स्वयं भी ग्रहण करते हैं, जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि व सौभाग्य का सुयोग बनता है। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा के पश्चात् शरद पूर्णिमा के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। श्रीलक्ष्मीजी व श्रीविष्णुजी का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन करना चाहिए। धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, राजलक्ष्मी, वैभवलक्ष्मी, ऐश्वर्यलक्ष्मी, सन्तानलक्ष्मी, कमलालक्ष्मी एवं विजयलक्ष्मी।





अपनी जिंदगी

अपने केंद्र में वापस कैसे जाएँ

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जब आप साइकिल चलाते हैं, तो दाएं या बाएं नहीं गिरते, बल्कि केंद्र में बने रहते हैं। जब साइकिल एक तरफ झुकने लगती है, तो आप उसे वापस केंद्र में लाते हैं। इसी तरह, जब आप जीवन में अपने केंद्र से हट जाते हैं, तो आपको भीतर कुछ चुभन सी महसूस होती है। उस अनुभव के प्रति सजग हो जाएं, उस पर ध्यान दें और फिर से संतुलन में आ जाएं। जब भी आप किसी भी क्षेत्र में असंतुलित हों, तो अपने भीतर की आवाज सुनें और वापस अपने केंद्र में लौटें। आज के समय में तनाव का मुख्य कारण यह है कि हम अपने काम और विश्राम में संतुलन नहीं बना पाते। इसलिए सबसे पहले अपने काम और विश्राम में संतुलन बनाएं। दूसरा मुख्य कारण तनाव का है खराब जीवनशैली; इसलिए अपने भोजन का ध्यान रखें, प्रतिदिन व्यायाम, आसन, प्राणायाम करें, और नियमित रूप से ध्यान के लिए समय निकालें। किसी भी कला से संबंधित विषय में रुचि लें। कॉरपोरेट जगत में आप विचार-विमर्श, योजना बनाने, और विश्लेषण करने जैसी तार्किक गतिविधियाँ अधिक करते हैं, जो बाएं मस्तिष्क द्वारा संचालित होती हैं। इसलिए मस्तिष्क के दाएं और बाएं दोनों भाग की गतिविधियों को संतुलित करने की आवश्यकता है। संगीत, कला, कविताएँ लिखना, या किसी भी रचनात्मक गतिविधि में भाग लें; ये दाएं मस्तिष्क द्वारा संचालित होती हैं। जब मस्तिष्क के दोनों भाग संतुलित रहते हैं, तो आप अधिक रचनात्मकता, मन की स्पष्टता, कार्यकुशलता, और गहरा विश्राम अनुभव करते हैं। अपने ऑफिस और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बनाएं। यदि आप अपने परिवार पर ध्यान नहीं दे पाते, तो आपको अच्छा नहीं लगता; यदि आप अपनी सामाजिक जिम्मेदारी नहीं निभा पाते, तब भी आपको बुरा लगता है; यदि आप अपने व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे पाते, तो चुभन महसूस होती है। इसी प्रकार, यदि आप अपने आध्यात्मिक अभ्यास में नहीं लग पाते, तो भी असंतोष होता है। इसलिए, जब भी आपको कुछ चुभता है, तो यह अनुभव आपको अपने केंद्र में वापस लाता है।

आज के समय में तनाव का मुख्य कारण यह है कि हम अपने काम और विश्राम में संतुलन नहीं बना पाते। इसलिए सबसे पहले अपने काम और विश्राम में संतुलन बनाएं। दूसरा मुख्य कारण तनाव का है खराब जीवनशैली; इसलिए अपने भोजन का ध्यान रख

